


■ कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा राजग ने बचाया : अमित शाह - 7




■ पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ - 10



■ यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी - 11




■ पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करना चाहेगी सीएसके - 12


आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.00
सूर्यास्त 06.31

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 08:42 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 55, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना राज्य की विफलता : सुप्रीम कोर्ट

### निष्क्रियता के लिए बंगाल सरकार को फटकारा, एनआईए करेगी मामले की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव कर उन्हें बंधक बनाने की गुरुवार को निंदा करते हुए निष्क्रियता को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही सीबीआई या एनआईए से मामले की स्वतंत्र जांच कराने के आदेश दिए। कोर्ट ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना राज्य प्रशासन की पूर्ण विफलता को भी उजागर करती है। उसने टिप्पणी की कि बंगाल सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राज्य है।

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बलों की मांग करे और उन्हें उन सभी स्थानों पर तैनात करे जहां मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के तहत न्यायिक अधिकारी आपत्तियों का निपटारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह घटना की जांच/पड़ताल किसी स्वतंत्र एजेंसी यानी सीबीआई या एनआईए को सौंपे। अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। जिस एजेंसी को जांच सौंपी जाएगी, वह सीधे इस न्यायालय में प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बाध्य होगी।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी तथा मालदा के जिलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने को कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त पत्र की सामग्री के आलोक में उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों न की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का भी संज्ञान लिया जिसमें उस भयावह रात का ब्योरा दिया गया है जब तीन महिलाओं और पांच साल के एक बच्चे समेत न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे से अधिक समय तक लोगों की भीड़ ने बंधक बनाकर रखा तथा इस दौरान उन्हें भोजन एवं पानी तक नहीं मिला। बंगाल के महाधिवक्ता ने दलील दी कि मामले में निर्वाचन आयोग को विरोधी पक्ष की तरह काम नहीं करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, दुर्भाग्य से आपके राज्य में हर व्यक्ति राजनीतिक भाषा बोलता है। आप हमें टिप्पणियां करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हमें यह नहीं पता कि उपद्रवी कौन हैं? मैं रात दो बजे तक हर चीज पर नजर रख रहा था। बहुत, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण। सीजेआई ने सभी शीर्ष अधिकारियों को उस समय छह अप्रैल को ऑनलाइन पेश होने का निर्देश दिया जब पीठ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दायर याचिका समेत विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।



- गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से मांगा जवाब
- शीर्ष अधिकारियों को 6 अप्रैल तक ऑनलाइन पेश होने के निर्देश
- सीजेआई ने कहा- बुधवार रात 2 बजे तक उन्होंने खुद स्थिति पर नजर रखी
- मालदा के डीएम-एसपी मौके पर क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा

#### पुलिस ने मामले में 17 लोगों को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** मालदा में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर 7 न्यायिक अधिकारियों के घेराव में संलिप्तता के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को एक चुनाव उम्मीदवार सहित 17 लोगों को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) उम्मीदवार मौलाना शाहजहां अली और 16 अन्य लोगों को गिरफ्तार करके जिला अदालत में पेश किया गया और उन्हें 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ये लोग कल रात मालदा में हुई घटना में शामिल थे। हमारे पास पुख्ता सबूत हैं।

#### सीजेआई ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए

सीजेआई ने चौंकाने वाले घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अपराह्न साढ़े तीन बजे घेराव शुरू हुआ और हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने तत्काल राज्य प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी। बावजूद रात साढ़े आठ बजे तक राज्य के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बाद में रजिस्ट्रार जनरल ने गृह सचिव और डीजीपी से संपर्क किया, शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। मुख्य न्यायाधीश को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ ग्रुप कॉल के जरिए बात की। गृह सचिव और डीजीपी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पहुंचे और बंधक बनाए गए अधिकारियों को छुड़ाया गया।

#### कोर्ट के प्राधिकार को भी चुनौती देने वाला कदम

कोर्ट ने कहा- बुधवार की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है।

#### निर्वाचन आयोग ने जांच एनआईए को सौंपी

**कोलकाता/दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद निर्वाचन आयोग ने न्यायिक अधिकारियों के घेराव की जांच गुरुवार को एनआईए को सौंप दी। दिल्ली में निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा कि एनआईए की एक टीम शुक्रवार को राज्य में मौजूद रहेगी। आयोग ने एनआईए को पत्र लिखकर सार जानकारी दी।

## यूपी पुलिस में इस वर्ष 81 हजार पदों पर की जाएगी भर्ती : योगी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस वर्ष में यूपी पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। यह बड़ी भर्ती अभियान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश को एक सक्षम, ऊर्जावान और आधुनिक पुलिस बल उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार देर रात पुलिस विभाग के विभिन्न इकाइयों की जारी गतिविधियों व भावी कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक तकनीक, पारदर्शी कार्यप्रणाली और सक्षम मानव संसाधन पर समान रूप से ध्यान देना होगा।

बैठक में बताया गया कि उपनिरीक्षक, आरक्षी सिविल पुलिस, रेडियो सहायक परिचालक, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए तथा पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) सहित विभिन्न श्रेणियों में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इनमें से कुछ की प्रक्रिया प्रारंभ भी हो गई है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को निर्देश दिए कि सभी सीधी भर्तियां पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं निर्धारित आरक्षण प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से संपन्न कराई जाएं। पीआरवी-112 सेवा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) की रणनीतिक लोकेशन तय करने तथा इनके सतत मूवमेंट को सुनिश्चित करने को कहा।

'एक तहसील-एक फायर टेंडर' के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही, गर्मी के मौसम में आग की संभावित घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने और आवश्यक निवारक उपाय सुनिश्चित करने पर बल दिया। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई को और अधिक तकनीक आधारित, त्वरित और प्रभावी बनाया जाए।



- मुख्यमंत्री ने कहा, चयन में मेरिट व आरक्षण नियमावली का कड़ाई से होगा अनुपालन
- योगी ने कहा, चयन में मेरिट व आरक्षण नियमावली का कड़ाई से होगा अनुपालन

#### भर्ती प्रक्रिया दिसंबर तक हो सकती पूर्ण

81 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी कर लेने की तैयारी है। यह सरकार के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आ सकती है। यदि 60,244 तथा 32,679 के अलावा प्रस्तावित 81,000 भर्तियों को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा कुल 1,73,923 तक पहुंच जाता है। जाहिर है, इतने बड़े स्तर पर पुलिसकर्मियों का चयन सरकार की युवाओं के प्रति बेहतर सोच को दर्शा रही है।

#### भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए

मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के साथ ट्रैप एवं सर्च की कार्यवाहियों को और तेज करने के निर्देश दिए, साथ ही विभिन्न सेक्टर कार्यालयों के निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया। सतर्कता अधिष्ठान की समीक्षा में एक अप्रैल 2026 तक 414 लंबित जांचों का उल्लेख किया गया, जिनमें से वर्ष 2025 तक की 340 जांचों के शत-प्रतिशत निस्तारण का लक्ष्य वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित किया गया है।

### ब्रीफ न्यूज

#### रुपया 152 पैसे की तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा बाजार में दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। इसकी शुरुआत की सात पैसे की बढ़त में 94 .63 रुपये प्रति डॉलर पर हुई, और खुलते ही यह 93 .50 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। एक समय यह 92 .82 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ था। अंत में 93 .18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 94 .70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

#### केदारनाथ के लिए 10 से हेली सेवा ऑनलाइन बुकिंग

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए आगामी 10 अप्रैल से हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग आरंभ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि, इस साल यात्रा सीजन में सरकार ने 8 हेली कंपनियों को इसके संचालन की अनुमति दी है। इच्छुक यात्री सिर्फ आधिकारिक पोर्टल heliyatra.irctc.co.in पर ही अपना टिकट बुक करें। बता दें कि चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट 19 अप्रैल, केदारनाथ के 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे।

## जल्द काम खत्म करेगी अमेरिकी सेना : ट्रंप
## जमीनी हमला हुआ तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे : ईरान

वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर

वहीं, ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, प्रथम विश्व युद्ध एक साल, सात महीने और पांच दिन चला था। द्वितीय विश्व युद्ध तीन साल, आठ महीने और 25 दिन तक जारी रहा था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप से ईरान में कार्रवाई 32 दिन तक चली है, और यह इतनी शक्तिशाली, इतनी शानदार रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल देश अब वास्तव में कोई खतरा नहीं है। ट्रंप ने कहा, पिछले सप्ताह सैन्य बलों ने जबरदस्त जीत हासिल की हैं।



- युद्ध के बीच अपने पहले संबोधन में बोले- मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब
- कहा- समझौता नहीं हुआ तो दो से तीन सप्ताह में बेहद कड़ा प्रहार करेंगे, पाषाण युग में भेज देंगे

#### ईरान बोला- इजराइल अमेरिका पर हमारी नजर

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजराइल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं। हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ तीन सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है।

#### ईरान ने इजराइल व खाड़ी देशों पर किए मिसाइल हमले

**दुबई।** ईरान ने गुरवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर यह संकेत दिया कि वह फिलहाल हमले नहीं रोकेगा जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान से खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर प. एशिया के साथ-साथ दुनियाभर में देखा जा रहा है।

## होर्मुज संकट पर भारत बोला- हम अकेले जिसने नाविक खोए

- 60 देशों की बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया रुख

नई दिल्ली/ लंदन, एजेंसी

होर्मुज संकट को लेकर ब्रिटेन में गुरुवार को हुए 60 देशों के शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भाग लिया। सम्मेलन में मिसरी ने कहा कि भारत इकलौता ऐसा देश है जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए हैं। उन्होंने डिजिटल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि जहां तक भारत का सवाल है, आप भली-भांति जानते हैं कि हम स्वतंत्र और खुले वाणिज्यिक परिवहन एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री सुरक्षा के पक्षधर हैं। हम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की अपनी प्राथमिकता पर कायम हैं। जायसवाल ने कहा कि ब्रिटेन ने होर्मुज पर वार्ता के लिए भारत सहित कई देशों को आमंत्रित किया था और मिसरी ने इसमें भाग लिया था। उन्होंने कहा, हम ईरान व अन्य देशों के संपर्क में हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि एलपीजी और एलएनजी सहित उत्पादों को ले जाने वाले हमारे जहाजों के लिए निर्बाध व सुरक्षित पारगमन कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है। जायसवाल ने कहा, पिछले कुछ दिनों में हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले छह जहाज होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार करने में सक्षम हुए हैं। हम इस मामले पर संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं।



जानकारी देते विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर।

#### होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने का सैन्य विकल्प अवास्तविक : मैक्रों

**सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका मानना है कि सैन्य अभियान के जरिए होर्मुज को फिर से खोलना अवास्तविक है। मैक्रों ने दक्षिण कोरिया में पत्रकारों से कहा, कुछ लोग सैन्य अभियान के जरिए बलपूर्वक होर्मुज को फिर से खोलने की वकालत करते हैं। अमेरिका ने कई बार यह रुख जाहिर किया है। सैन्य अभियान में बहुत समय लगेगा और हर एक को ईरानी खतरों का सामना करना पड़ेगा, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइलें और कई अन्य हथियार मौजूद हैं। बता दें कि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और यूएई समेत कई देशों ने एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं

### छात्रवृत्ति से वंचितों को फिर मौका

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने छात्र-छात्राओं के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छात्रवृत्ति से वंचित रह गए विद्यार्थियों को दूसरा मौका देने का निर्णय लिया है। योगी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग जल्द ही शैक्षिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के लिए पोर्टल दोबारा खोलेगा। योजना का लाभ सामान्य वर्ग, एससी, एसटी के साथ-साथ ट्रांसजेंडर समुदाय के विद्यार्थियों को भी मिलेगा। समाज कल्याण विभाग के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी पोर्टल दोबारा खोला गया था। इस दौरान 53,041 छात्रों को 81.12 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान की गई।

## कोयला घोटाला : आई-पैक के अधिकारियों व विजय नायर के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

- आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी हैं विजय नायर


**नई दिल्ली।** ईडी ने बंगाल में कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी पीएमएलए के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

## एक्सप्रेस-वे का सफर महंगा टोल दरों में बढ़ोतरी लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल की रात 12 बजे से एक्सप्रेस-वे पर सफर महंगा हो गया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने टोल दरों में बढ़ोतरी लागू कर दी है, जिसका असर आम वाहन चालकों से लेकर भारी वाहनों तक पर पड़ा है।

नई दरों के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, तीनपहिया और पंजीकृत ट्रैक्टर के टोल में 5 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं कार और जीप के लिए 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारी वाहनों पर हुई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सात चक्के वाले बड़े वाहनों के टोल में 85 रुपये तक की वृद्धि की गई है। हल्के व्यावसायिक वाहनों के टोल में 20 रुपये, जबकि बस और ट्रक के लिए 50 रुपये तक बढ़ोतरी की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक के टोल में 15 रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा भारी निर्माण मशीनों और तीन से छह चक्के वाले वाहनों के टोल में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर 65 रुपये तक वृद्धि हुई है, जबकि अन्य एक्सप्रेस-वे पर पांच से 15 रुपये तक बढ़ोतरी लागू की गई है।




- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भारी वाहनों के टोल में 85 रुपये तक वृद्धि

बदलाव | कारोबारी माहौल को और बेहतर बनाने के लिए छोटे-मोटे अपराध श्रेणी से होंगे बाहर

## जन विश्वास विधेयक संसद से मंजूर, 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कारोबारी माहौल को और बेहतर बनाने के लिए छोटे-मोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और उन्हें तर्कसंगत बनाने के वास्ते 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव करने वाले जन विश्वास विधेयक को गुरुवार को संसद की मंजूरी मिल गई। राज्यसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा जवाब देने के बाद 'जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2026' को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। लोकसभा में यह विधेयक एक दिन पहले पारित हुआ था।



गोयल ने कहा कि जन विश्वास विधेयक का उद्देश्य भरोसे की एक संस्कृति बनाना है और विश्वास की संस्कृति भय के आधार पर नहीं, बल्कि विश्वास के आधार पर बनेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित कानून को इसी सोच के साथ लाया जा रहा है कि विश्वास के साथ विकसित भारत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में सबसे बड़ा यह प्रावधान किया गया है कि यह आपको सुधरने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले देश में करीब 500 स्टार्टअप थे और आज इनकी संख्या तीन लाख से अधिक हो चुकी है। इन स्टार्टअप के संचालक युवाओं से छोटी-मोटी गलतियां हो सकती हैं लेकिन हमें उन्हें इनके लिए सजा देने के बजाय उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश की जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर और प्रधानमंत्री मोदी का भरोसा 140 करोड़ देशवासियों पर है और यही इस कानून का आधार है। मंत्री ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा, इस कानून में कई ऐसे प्रावधान हैं, जिनमें छोटी-मोटी गलती होने पर पहले चेतावनी दी जाएगी। दूसरी बार, गलती की तो दंड लगेगा और फिर यदि कुछ और गंभीर गलती करते हैं तो तीसरी बार दंड बढ़ जाएगा और अदालती कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। मंत्री ने कहा कि इसे चरणबद्ध कार्रवाई कहा जाता है और इससे व्यक्ति को सुधरने का मौका मिलेगा। गोयल ने कहा, एक संशोधन ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट में लाया गया है।

#### अधिनियम में भी संशोधन प्रस्तावित

इस विधेयक में भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934, बीमा अधिनियम, और पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम में भी संशोधन प्रस्तावित हैं. इसके अतिरिक्त, कोयला खान भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, पेटेंट अधिनियम, विधिक माप विज्ञान अधिनियम, छावनी अधिनियम 2006, औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, फार्मेसी अधिनियम, 1948, दिल्ली पुलिस अधिनियम, विद्युत अधिनियम, और रेलवे अधिनियम में भी परिवर्तन प्रस्तावित किए गए हैं।

न्यूज ब्रीफ

## वाराणसी में 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का मंचन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार से दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे, जहां वे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित इस महानाट्य का उद्देश्य भारत के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और प्राचीन परंपराओं से जनमानस को जोड़ना है। करीब 1 घंटे 45 मिनट की प्रस्तुति में 175 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी, जो भारतीय काल गणना की परंपरा को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करेगी। आयोजन स्थल पर ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार शाम कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

## जगजीवन राम की जयंती 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी कांग्रेस


प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी पूर्व केंद्रीय नेता बाबू जगजीवन राम की जयंती (5 अप्रैल) को 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी। इसके तहत 4 अप्रैल को लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीरा कुमार शामिल होंगी। कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसके लिए बाबू जगजीवन राम का योगदान देश के इतिहास में महत्वपूर्ण रहा है। इस दौरान अजय राय ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार वास्तविक स्थिति को छुपा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जो अधिकारी गलत कार्य नहीं करना चाहते, वे पद छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। साथ ही स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसे नहीं रोका गया तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन और घेराव करेगी।

# मदरसों में मिड-डे-मील में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** राज्य सरकार से अनुदानित मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराई जाएगी।

इस संबंध में मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर समग्र जांच कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई अखिल भारतीय पसमांदा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर मो. तलहा अंसारी की शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के 558 अनुदानित मदरसों में मिड-डे मील योजना के संचालन में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हो रही हैं।

निदेशक ने जिलाधिकारियों से कहा है कि शिकायत में उल्लिखित बिंदुओं की गंभीरता से जांच कर तथ्यों के आधार पर विस्तृत आख्या शासन को भेजी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी हो, ताकि योजना का लाभ पात्र छात्रों तक सही तरीके से पहुंच सके। निर्देश के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जांच के दौरान मदरसों के संचालन, खाद्यान्न वितरण, उपस्थिति रजिस्टर और वित्तीय लेनदेन की गहन पड़ताल की जाएगी।

# बांग्लादेश से आए 331 हिंदू परिवारों को मिला ठिकाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखीमपुर की तीन तहसीलों के चार गांवों में बसाए गए परिवार खेती के लिए दी गई जमीन
- पीएम आवास, किसान सम्मान निधि समेत कई योजनाओं का मिल रहा लाभ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की विभिन्न तहसीलों में बसाकर उन्हें स्थायी जीवन का आधार दिया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास धौरहरा, मोहम्मदी और गोला तहसील के चार गांवों में किया गया है, जहां वे अब स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं।

प्रशासन के अनुसार, धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर में 156 परिवारों को बसाया गया है, जबकि गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया है। इन परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि भूमि भी आवंटित की गई है। गोला तहसील में प्रति परिवार लगभग 3 एकड़ जमीन दी गई, जबकि सुजानपुर में परिवारों को औसतन 0.607 से 1.620 हेक्टेयर भूमि मिली। मोहम्मदी तहसील में परिवारों को 3 से 7 एकड़ तक जमीन का पट्टा दिया गया है। वहीं मियांपुर में प्रत्येक परिवार को औसतन 4.75 एकड़ भूमि दी गई है, जिससे वे खेती कर आजीविका चला रहे हैं।

इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा गया है। पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, पेंशन योजनाएं और सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा गांवों में राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड-डे मील, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सभी 331 परिवारों को व्यवस्थित रूप से बसाया गया है और उन्हें कृषि भूमि के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

# कांग्रेस ने 'वंदे मातरम' का किया था विरोध

### स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री बोले- आकाशवाणी बना जनजागरण का मजबूत माध्यम, आज भी जनविश्वास का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकाशवाणी ने आजादी की लड़ाई और जनजागरण का अहम भूमिका निभाई। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई के इस मंत्र को लेकर 1924 में कांग्रेस के अधिवेशन में मो. अली जौहर ने विरोध किया। 13 साल बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम के पहले दो छंद गाए जाने का निर्णय लिया। आकाशवाणी लखनऊ में 'वंदे मातरम' का 1938 से नियमित प्रसारण हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को आईजीपी में आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित भी किया। योगी ने कहा कि आकाशवाणी ने हमेशा निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ देश को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जहां आज मीडिया पर कई तरह के सवाल उठते हैं, वहीं आकाशवाणी ने कभी पीत पत्रकारिता का सहारा नहीं लिया और "जो जैसा है, वैसा" प्रस्तुत करने का साहस दिखाया। योगी ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि उस समय स्मार्टफोन या टीवी नहीं थे और देश-दुनिया की जानकारी का सबसे भरोसेमंद माध्यम आकाशवाणी ही था। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी भाषा को शुद्ध करने के लिए आकाशवाणी सुनने की सलाह दी जाती थी, क्योंकि इसके उद्घोषकों की भाषा और प्रस्तुति आदर्श मानी जाती थी।

उन्होंने कहा कि आकाशवाणी ने हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी, अवधी, गढ़वाली और कुमाऊंनी जैसी बोलियों के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम किया। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और लोककलाओं के संरक्षण का सशक्त मंच रहा है। सीएम ने कहा कि आकाशवाणी देश के अनेक ऐतिहासिक पड़ावों, स्वतंत्रता आंदोलन, आपातकाल और सांस्कृतिक आंदोलनों का साक्षी रहा है।

आज भी प्रधानमंत्री के 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए यह समाज को प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बदलते समय के साथ आकाशवाणी नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा और युवाओं, किसानों, कलाकारों व साहित्यकारों के लिए मजबूत मंच बना रहेगा।

कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन, कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय आदि की मौजूदगी रही। संचालन आत्म प्रकाश मिश्र ने किया।



आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## मुख्यमंत्री ने पद्म विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति उनके योगदान का है। उन्होंने वरिष्ठ प्रसारकों को "नींव के पत्थर" बताते हुए कहा कि इन्हीं के प्रयासों से आकाशवाणी जैसी संस्थाएं मजबूत बनी हैं। मेरा सौभाग्य है कि 88 वर्ष की शानदार यात्रा के समारोह में पद्म पुरस्कार से सम्मानित होने वाली यूपी की विभूतियों और आकाशवाणी के कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां या संवर्धन देने वाले विभूतियों को सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में साहित्यकार विद्या बिंदु सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. हृदय नारायण दीक्षित (सम्मान उनके परिजनों ने ग्रहण किया), प्रो. सोनिया नित्यानंद, लोकगायिका मालिनी अवस्थी, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा, चिकित्सक डॉ. सुनील प्रधान सहित कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. केके ठकराल, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, प्रो. शादाब मोहम्मद, एथलीट सुधा सिंह और एसएस सरकार को भी सम्मान मिला।

मुख्यमंत्री ने आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों सुशील रॉबर्ट बनर्जी, सतीश कुमार ग्रोवर, यज्ञदेव पंडित, विजय कुमार बनर्जी, रज्जन लाल, नवनीत मिश्र, भोलानाथ और केवल कुमार को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी ने दशकों तक समाज को जोड़ने, जागरूक करने और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में इससे जुड़े कर्मयोगियों का सम्मान समाज के प्रति सम्मान व्यक्त करने जैसा है।

# रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म से यूपी बना निवेश का केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की मुलाकात, निवेश पर सहमति
- सिंगापुर का औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द करेगा यूपी का दौरा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति बनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

उच्चायुक्त वोंग ने मुख्यमंत्री की हालिया सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि सिंगापुर सहित आसपास के देशों का औद्योगिक जगत अब यूपी को निवेश के नए अवसरों के केंद्र के रूप में देख रहा है। उन्होंने प्रदेश में बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास में हुए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सिंगापुर की कंपनियां यहां निवेश बढ़ाने की दिशा में सक्रिय हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि सिंगापुर का एक बड़ा औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा और निवेश संभावनाओं का आकलन करेगा।

### पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों में सहयोग पर जोर

दोनों पक्षों ने कुशीनगर और सारनाथ जैसे बौद्ध पर्यटन स्थलों की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर भी सहमति जताई। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा, झांसी और वाराणसी समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही गई।


मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग।

# 'टाइपिंग' की गलती पर निरस्त डीलरशिप की बहाली के निर्देश

- हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बीपीसीएल के एक आदेश को 'अन्यायपूर्ण' और 'कानूनी तौर पर गलत' बताते हुए रद्द किया

**लखनऊ, एजेंसी :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने 'टाइपिंग' की एक मामूली सी गलती के कारण पेट्रोल पंप की डीलरशिप छीने जाने की नौबत आने के मामले में हस्तक्षेप करते हुए भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के एक आदेश को 'अन्यायपूर्ण' और 'कानूनी तौर पर गलत' बताते हुए रद्द कर दिया।

न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने कहा कि 'आशय पत्र' रद्द करने का फैसला पूरी तरह से एक विज्ञापन में हुई लिपिकीय गलती पर आधारित था, जो 'अन्यायपूर्ण' और कानून के खिलाफ था। मामले के मुताबिक हरदोई के राघवेंद्र अवस्थी को 2020 में 'आशय पत्र' दिया गया था और उन्होंने डीलरशिप शुरू करने के लिए काफी धन लगाकर सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर ली थीं। हालाकि, जनवरी 2022 में बीपीसीएल ने विज्ञापन में हुई एक गलती का हवाला देते हुए आवंटन रद्द कर दिया। विज्ञापन में प्रस्तावित जगह के पास वाली सड़क को ओडीआर (अन्य जनपदीय सड़क) के बजाय एमडीआर (मुख्य जनपदीय सड़क) बताया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यह गलती पूरी तरह से 'टाइपिंग' की थी और इससे प्रस्तावित पेट्रोल पंप की जगह को लेकर कोई भ्रम पैदा नहीं हुआ था। अदालत ने कहा कि इस गलती की वजह से किसी भी संभावित आवेदक को आवेदन करने के मौके से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। पीठ ने आशय पत्र रद्द करने के 29 जनवरी 2022 के आदेश को खारिज करते बीपीसीएल को निर्देश दिया कि वह अवस्थी को जारी किया गया आशय पत्र बहाल करे और आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाए।

# बिजली से जुड़ी उपभोक्ता सेवाएं 16 घंटे रहेंगी बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। पावर कॉर्पोरेशन की आईटी सेल की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, राज्य में तीन अप्रैल रात 10 बजे से चार अप्रैल दोपहर दो बजे तक कुल 16 घंटे के लिए बिजली से जुड़ी सभी उपभोक्ता सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा किया जा सकेगा। साथ ही, प्रीपेड मीटर उपभोक्ता भी अपना मीटर रिचार्ज नहीं कर पाएंगे।

आईटी सेल के अधीक्षण अभियंता अरविंद सिंह ने यह सर्कुलर पूर्वांचल (वाराणसी), मध्यांचल (लखनऊ), पश्चिमांचल (मेरठ), दक्षिणांचल (आगरा) और केस्को (कानपुर) डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को भेजा है। सर्कुलर में बताया गया है कि इस अवधि में आरएमएस बिलिंग प्रणाली का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते उपभोक्ता पोर्टल और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पूरी तरह से बंद रहेंगे। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर में बैलेंस कम है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे शुक्रवार से पहले ही रिचार्ज कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रमुख ने यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने का लगाया आरोप


सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में चल रहे चुनावों में आयोग की भूमिका संदेह के घेरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ शिकायतों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

सपा मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल में डीजीपी सहित कई बड़े अधिकारियों को हटाया गया, जबकि उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव के दौरान ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी के उपचुनाव में जिन अधिकारियों ने गड़बड़ी की थी, उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल और असम के चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा के नेता उत्तर प्रदेश आएंगे, लेकिन इस बार प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन का वादा किया था, लेकिन जनता को उसका लाभ नहीं मिला। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और ऐसे हालात में सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सिलेंडर संकट के पीछे भी भाजपा से जुड़े लोग हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरा नहीं हुआ और किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

बढ़ते कदम | बीते वित्तीय वर्ष में लखनऊ रेल मंडल ने दर्ज की कई उपलब्धियां

# ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग से यात्री सुविधाओं तक तेज विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने रेल संचालन में आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए 51.02 रूट किमी पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) सफलतापूर्वक स्थापित की है।

बताया कि यह प्रणाली ट्रैक को छोटे-छोटे ब्लॉकों में विभाजित कर ट्रेनों की स्थिति का स्वतः पता लगाती है। जैसे ही कोई ट्रेन किसी ब्लॉक में प्रवेश करती है, पीछे का सिग्नल स्वतः लाल हो जाता है और ट्रेन के आगे बढ़ने पर क्रमशः पीला और हरा हो जाता है। इससे ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनी रहती है और दुर्घटनाओं, विशेषकर रियर-एंड टक्कर की संभावना कम होती है। इस प्रणाली के कारण एक ही ट्रैक पर अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हुआ है, जिससे लाइन क्षमता बढ़ी है और रेल यातायात अधिक सुगम बना है। इसके साथ ही गोरखपुर से लखनऊ मार्ग पर अगले वर्ष तक एबीएस प्रणाली पूरी हो जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि बादशाहनगर, ऐशबाग और गोण्डा जैसे प्रमुख केंद्रों का नवीनीकरण किया गया है। ऐशबाग स्टेडियम में हाई मास्ट लाइटिंग लगाई गई, जिससे अब दिन-रात खेल गतिविधियां संभव हैं। लखनऊ जंक्शन और कैबवे का सौंदर्यीकरण तथा आधुनिकीकरण भी किया गया है।

डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए 34 स्टेशनों पर 80 एटीवीएम लगाए गए हैं। रेलवन ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, भोजन ऑर्डर जैसी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत छूट जैसी सुविधाएं यात्रियों को आकर्षित कर रही हैं।

### अमृत भारत स्टेशन योजना में तेजी

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कई स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की ओर से मण्डल के स्टेशनों (सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, गोला गोकरननाथ, मैलानी जं.) का लोकार्पण किया गया। साथ ही 4 स्टेशनों (लखीमपुर, तुलसीपुर, खलीलाबाद, लखनऊ सिटी) का लोकार्पण जल्द प्रस्तावित है। कुल 21 स्टेशन स्वीकृत है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए चयनित : सिद्धार्थनगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, डालीगंज, लखनऊ सिटी, ऐशबाग, बादशाहनगर, मगहर, बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, आनन्दनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., गोमतीनगर, मैलानी जं. है।

### नई ट्रेनों का संचालन और विस्तार

मंडल ने कई नई ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, जिनमें वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनें शामिल हैं। साथ ही कई ट्रेनों का विस्तार कर यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। त्योहारों के दौरान 5427 विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया गया।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और विद्युतीकरण में प्रगति

लखनऊ मंडल ने 40.47 ट्रैक किमी का विद्युतीकरण पूरा किया है। इसके अलावा नई और अतिरिक्त रेल लाइनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। गोरखपुर-बाराबंकी खंड पर सुरक्षा फेंसिंग पूरी हो चुकी है। गोंडा डिपो में 1964 वैगनों की ओवरहॉलिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया गया, जो मंडल की तकनीकी दक्षता को दर्शाता है।

# महाविद्यालयों में शोध और नामांकन बढ़ाएं : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ विवि से संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों संग की समीक्षा



**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए शोध, प्रकाशन और नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पुस्तक लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाए और संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए।

वे गुरुवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थीं। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रहीं। बैठक में 17 शासकीय और 33 वित्त पोषित महाविद्यालयों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें फैकल्टी, शोध, एमओयू, खेल गतिविधियां, नामांकन, प्लेसमेंट, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और छात्रवृत्ति जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

**न्यूज ब्रीफ**

### बचपन में ही दिखने लगते हैं ऑटिज्म के लक्षण : डॉ. कविता

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑटिज्म के लक्षण बचपन में ही दिखाई देने लगते हैं, इसलिए समय रहते पहचान बेहद जरूरी है। बच्चे का नाम पुकारने पर प्रतिक्रिया न देना, आंखों से संपर्क से बचना, बोलने में देरी और एक ही व्यवहार को बार-बार दोहराना इसके प्रमुख संकेत हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर अभिभावकों को सतर्क हो जाना चाहिए। यह जानकारी बलरामपुर अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता आर्या ने दी। गुरुवार को बलरामपुर अस्पताल में ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ऑटिज्म का पूर्ण इलाज संभव नहीं है, लेकिन समय पर पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेप से बच्चे के व्यवहार में सुधार लाया जा सकता है। नियमित थेरेपी, विशेष शिक्षा और परिवार के सहयोग से बच्चों को काफी हद तक आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि ऑटिज्म से प्रभावित बच्चे बोलने में देरी करते हैं या कई बार बिल्कुल नहीं बोल पाते। वे दूसरों के साथ घुलने-मिलने में कम रुचि दिखाते हैं और दिनचर्या में बदलाव होने पर चिड़चिड़ापन या गुस्सा करते हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ऑटिज्म एक न्यूरो-डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जिसकी पहचान और निरंतर व्यवहारिक व मनोवैज्ञानिक थेरेपी जरूरी है। उन्होंने स्पीच, बिहेवियर और ऑक्यूपेशनल थेरेपी पर जोर देते हुए स्क्रीन टाइम कम रखने और बच्चों को सामाजिक गतिविधियों में शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राओं ने ऑटिज्म से जुड़े व्यवहार पर आधारित रोल-प्ले भी प्रस्तुत किया।

### प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव और विदाई समारोह सम्पन्न

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** गोसाईगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मलौली स्थित पी एम श्री इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कक्षा 5 उत्तीर्ण छात्रों को रिपोर्ट कार्ड व स्मृति चिन्ह (प्लेट) प्रदान किए गए, जबकि अन्य बच्चों को नई सत्र की पुस्तकें वितरित की गईं। नामांकन कार्य भी पूरा किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रामराज की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) की प्रदर्शनी देखी और उनकी सराहना की। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मोमेंटो दिए गए। बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया।

# पत्नी, बच्चे समेत छह लोग लपटों में फंसे, खिड़की से मांगते रहे मदद


## दमकल टीम ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, पौने तीन घंटे में बुझी आग, कानपुर रोड दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ रिपब्लिक अपार्टमेंट में लगी थी आग

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा स्थित पार्थ रिपब्लिक अपार्टमेंट में गुरुवार तड़के शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दूसरे तल पर रह रहे कारोबारी अजय रस्तोगी उर्फ शशि वर्मा, उनकी पत्नी अनीता, बेटी शीतल, बेटा विनायक, नौकरानी तन्नू कश्यप और छह वर्षीय नातिन विरानिका वर्मा समेत पूरा परिवार फंस गया। घर में पालतू कुत्ता भी मौजूद था। मुख्य गेट और सीढ़ियां आग की चपेट में आने से बाहर निकलने का रास्ता बंद हो गया, जिसके चलते परिवार खिड़की और बालकनी से मदद के लिए चिल्लाने लगा।

आग की लपटों और धुएं के बीच घबराकर तन्नू कश्यप (22) ने खिड़की में रस्सी बांधकर पास के खाली प्लॉट में छलांग लगा दी, जिससे उसके पैर में चोट लग गई। परिवार के अन्य सदस्य भी कूदने की तैयारी में थे, लेकिन मौके पर पहुंचे सरोजनीनगर इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति और एफएसओ धर्मपाल सिंह ने उन्हें हिम्मत देकर शांत कराया और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।


सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों की टीम ने तत्काल मोर्चा संभाला। दमकलकर्मियों ने खिड़की तक सीढ़ी लगाकर एक-एक कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद आग पर काबू पाने के लिए अलग-अलग टीमें बनाकर फायर फाइटिंग शुरू की गई।



अपार्टमेंट में लगी आग।




आग बुझाते दमकलकर्मी।



बच्ची को सुरक्षित रेस्क्यू करते हुए।

इस बीच सीएफओ अंकुश मित्तल भी मौके पर पहुंचे और हजरतगंज फायर स्टेशन से हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मंगवाया गया। दमकल टीम ने ब्रीदिंग ऑपरेटस (बीए सेट) पहनकर अंदर प्रवेश किया और करीब पौने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

कानपुर रोड स्थित इस तीन मंजिला इमारत में बेसमेंट खाली है, भूतल पर अजय रस्तोगी का कार्यालय और प्रथम तल पर सैलून संचालित होता है, जबकि दूसरा तल आवासीय है। आग किचन में शार्ट सर्किट से लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। तन्नू को उपचार के लिए लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीएफओ ने बताया कि आशंका है कि आग शार्ट सर्किट से लगी थी। फिलहाल सही कारणों की जांच जा रही है। मकान में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। तन्नु दूसरे तल से घबराकर कूद गई थी। उसके पैर में मामूली चोट लगी थी। उसे लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कुत्ते को बचाने के लिए एफएसओ बीए सेट पहनकर घुसे

- रेस्क्यू के दौरान जब परिवार के बच्चों ने अपने पालतू कुत्ते को बचाने की गुहार लगाई तो एफएसओ धर्मपाल सिंह ने जोखिम उठाते हुए बीए सेट पहना और जलते मकान में घुस गए। घने धुएं और आग की लपटों के बीच उन्होंने अंदर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान बाहर मौजूद दूसरी टीम लगातार राहत कार्य में जुटी रही। कुत्ते के सुरक्षित बाहर आने पर परिवार ने राहत की सांस ली।



सीढ़ी से नीचे उतरते लोग।

# हैंडलूम-फर्नीचर समेत चार दुकानों में लगी आग, लाखों का माल जला

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- दमकल दो घंटे बाद पहुंची, व्यापारियों ने सड़क जामकर किया हंगामा
- सीतापुर हाइवे पर लगा भीषण जाम समझाकर व्यापारियों को कराया शांत

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हैंडलूम-फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में रखा भारी मात्रा में माल जल गया। आग ने पास की टेंट हाउस समेत तीन अन्य दुकान को भी अपने चपेट में ले लिया। सूचना के दो घंटे बाद दमकल के पहुंचने पर आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। सड़क जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। आग के कारण सीतापुर रोड पर आवागमन बाधित हो गया, जिससे भीषण जाम लग गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। वहीं, एफएसओ बीकेटी प्रशांत कुमार का कहना है कि व्यापारियों ने आग के कारण दुकान का सामान निकालकर सड़क पर फेंक दिया था। इस लिए वाहनों का आवागमन रुका और उनकी दमकल भी जाम में फंस गई थी।

बरगदी गांव निवासी दुकानदार शिव सेवक मिश्रा की रजाई गद्दे, पर्दे, फर्नीचर की बीकेटी में ओमइंटर प्राइजेज के नाम से अस्थाई दुकान है। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। करीब साढ़े ग्यारह बजे उनकी दुकान से धुआं और आग की लपटें निकलती देख पड़ोसी टेंट हाउस दुकानदार नितिन फोन कर उन्हें आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो पड़ोस स्थित दूसरी दुकान तक आग फैल चुकी थी। दोनों दुकानों जल रही थी। दमकल को सूचना दी और स्थानीय लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।



हैंडलूम-फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग।

कुछ ही देर में निक्कू सिंह की दुकान व एक अन्य दुकान तक पहुंच गयी। पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि आग से दुकानों में रखा करीब 18 लाख का माल जलकर राख हो गया। सूचना पर दमकल की गाड़ी करीब दो घंटे बाद बीकेटी फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण सीतापुर हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात काफी देर तक बाधित रहा। वहीं, संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल बीकेटी इकाई के अध्यक्ष वेद रत्न सिंह ने क्षेत्रीय विधायक को घटना की जानकारी देकर पीड़ित व्यापारी को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। विधायक ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# डिजिटल लाइब्रेरी बढ़ाएगी ज्ञान, संचालन जल्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 113 पंचायत भवनों पर बने कक्ष, फर्नीचर और किताबें पहुंचीं
- 29 लाइब्रेरी तैयार, इस माह के अंत में एक साथ होगी शुरुआत

**अमृत विचार :** पंचायत भवनों में बनी 113 डिजिटल लाइब्रेरी इस माह के अंत तक शुरू हो जाएंगी। जहां छात्र-छात्राओं को कई तरह की पुस्तकें सामान्य ज्ञान, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, संस्कृति आदि ज्ञान बढ़ाएंगी। किताबें, फर्नीचर समेत अन्य सामान पहुंचने लगा है। 29 लाइब्रेरी तैयार भी हो गई हैं।

पंचायती राज विभग ने पहले चरण में 113 डिजिटल लाइब्रेरी पंचायत भवनों में स्थापित की हैं। 56 लाइब्रेरी के लिए किताबें खरीद ली हैं। फर्नीचर भी पहुंचने लगा है। 29 लाइब्रेरी तैयार कर ली हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने बताया कि शेष डिजिटल लाइब्रेरी में किताबें, फर्नीचर समेत अन्य सामान दो से तीन दिन में पहुंच जाएगा। अप्रैल अंत तक सभी लाइब्रेरी शुरू हो जाएंगी। लाइब्रेरी में करीब 900 किताबें मिलेंगी। इसके अलावा ऑनलाइन पढ़ाई, परीक्षा, काम्पटीशन आदि के लिए कम्प्यूटर व इंटरनेट की सुविधा देंगे।

# सर्किल रेट में भेदभाव पर भड़के किसान, मुख्यमंत्री आवास किया कूच

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** नैमिष नगर योजना में सर्किल रेट में असमानता के विरोध में बख्शी का तालाब क्षेत्र के किसानों का आंदोलन तेज हो गया। अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे 10 ग्राम सभाओं के किसान उस समय आक्रोशित हो गए जब रैथा रोड स्थित एलडीए कार्यालय पर घंटों इंतजार के बाद भी कोई वरिष्ठ अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचा। इससे नाराज सैकड़ों किसान, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, मुख्यमंत्री आवास की ओर पैदल मार्च पर निकल पड़े।

कड़ी धूप के बीच किसान करीब पांच किलोमीटर पैदल चलते हुए छठा मील चौराहे तक पहुंचे, जहां पहले से मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान किसानों और पुलिस अधिकारियों के बीच काफी देर तक वार्ता चली, लेकिन किसान मुख्यमंत्री को ही ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़े रहे।बाद में मौके पर पहुंची एलडीए की अधिकारी नीतू ने किसानों से ज्ञापन प्राप्त किया और उनकी मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान शांत होकर वापस लौट गए।किसानों का आरोप है कि नैमिष नगर योजना में समान प्रकृति की भूमि होने के बावजूद अलग-अलग ग्राम सभाओं के लिए अलग-अलग सर्किल रेट निर्धारित किए गए हैं। किसानों के अनुसार 8 ग्राम सभाओं का सर्किल रेट करीब 1.25 करोड़ रुपये प्रति हेक्टेयर तय किया गया है, जबकि 10 ग्राम सभाओं के लिए मात्र 81 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है।



पैदल मुख्यमंत्री आवास की तरफ जाते किसानों को रोककर बात करते पुलिस अधिकारी।

- छठा मील चौराहे पर पुलिस ने रोका, एलडीए अधिकारी ने लिया ज्ञापन, एक योजना-एक मुआवजा की मांग

किसानों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन समान भूमि के लिए समान मुआवजा मिलना उनका अधिकार है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सर्किल रेट में समानता स्थापित कर उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। किसानों ने बताया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक है।इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि नैमिष नगर योजना को लेकर एलडीए उपाध्यक्ष के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास, अविकसित कॉलोनियों के विकास और किसानों को न्यायसंगत मुआवजा दिलाने सहित कई बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि "एक योजना – एक मुआवजा" सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि सभी प्रभावित किसानों को समान लाभ मिल सके।

### किसानों से अनुबंध करके खरीदें हरा चारा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** गोआश्रय स्थलों पर भूसा-चारा की कमी नहीं होनी चाहिए। किसानों से अनुबंध करके हरा चारा खरीदें। गेहूं की कटाई को देखते हुए भूसा अभी से भंडारित कर लें। निरीक्षण में लापरवाही या कमी मिली तो कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने स्थाई और अस्थाई गोआश्रय स्थलों के संचालकों को दिए हैं। बताया कि किसानों से एक वर्ष का अनुबंध करके हरा चारा खरीदा जाए।

# सितंबर में नैमिष नगर के भूखंडों का पंजीयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**2500** किसान करेंगे एलडीए के पक्ष में भूमि का बैनामा

**150** हेक्टेयर भूमि का बैनामा, 430 हेक्टेयर के सहमति पत्र जमा

**अमृत विचार :** बीकेटी अंतर्गत आईआईएम रोड पर प्रस्तावित एलडीए की नैमिष नगर योजना पर कार्य शुरू हो गए हैं। किसानों ने एलडीए के पक्ष में 150 हेक्टेयर भूमि का बैनामा किया है। जबकि 2500 से अधिक किसानों ने 430 हेक्टेयर भूमि का बैनामे करने के लिए सहमति पत्र जमा किए हैं। सितंबर में योजना के दो सेक्टरों में भूखंडों की बिक्री का पंजीयन खोल दिया जाएगा।

नैमिष नगर योजना प्रभारी अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि योजना में बीकेटी तहसील के 18 गांवों की लगभग 1486 हेक्टेयर भूमि ली जानी है। इसमें ग्राम भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरुखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर शामिल हैं। योजना से प्रभावित किसानों को रजिस्ट्री के साथ ही प्रतिकर वितरण से लगातार सहमति पत्र प्राप्त हो रहे हैं। प्राधिकरण योजना के साथ उसमें आने वाले गांवों के संपर्क मार्ग, जल निकासी, खेल मैदान, बारात घर, स्वास्थ्य केन्द्र, तालाब, स्कूल, पार्क व श्मशान आदि को सुदृढ़ करेगा। इस योजना में करीब दो लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी।

### लखनऊ उत्तरी हिस्से का विकास मॉडल बनेगी योजना



- उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि नैमिष नगर योजना लखनऊ उत्तरी हिस्से का विकास मॉडल बनेगी। यह योजना न सिर्फ आवासीय जरूरतों को पूरा करेगी, बल्कि एक पूर्ण विकसित उपनगर के रूप में सामने आएगी। इसमें चौड़ी सड़कें, ग्रीन बेल्ट, पार्क, स्कूल, अस्पताल, कम्यूनिटी सेंटर, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, व्यावसायिक केन्द्र जैसी तमाम सुविधाएं मिलेंगी। योजना से शहर के उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक आदि क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास होगा। इससे निवेश आएगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



कल्ली पश्चिम में बुलडोजर से ध्वस्त की जाती प्लाटिंग।

# अवैध निर्माण पर चला एलडीए का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को पीजीआई में किसान पथ के पास अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। वहीं, महानगर के न्यू हैदराबाद में एलडीए से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत एक अवैध निर्माण ध्वस्त किया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि डॉ. हलीम व अन्य द्वारा पीजीआई के कल्ली पश्चिम में किसान पथ के पास लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत न होने पर टीम ने ध्वस्त कर दी। प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि सतीश कुमार व अन्य द्वारा महानगर के न्यू हैदराबाद स्थित श्याम लाल की बगिया में लगभग 200 वर्गमीटर के भूखंड पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत भवन निर्माण करने पर ध्वस्त कर दिया।

**सहूलियत** | लखनऊ रूट पर बढ़ेगी सुविधा, प्रमुख शहरों को मिलेगा सीधा कनेक्शन

# गर्मियों में यात्रियों को राहत, तीन स्पेशल ट्रेनों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए वाराणसी, दिल्ली और अयोध्या से लखनऊ के रास्ते तीन स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है।



उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि यह व्यवस्था अप्रैल से जुलाई तक लागू रहेगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### वाराणसी-दिल्ली स्पेशल का समय व रूट

- ट्रेन संख्या 04209 वाराणसी-दिल्ली स्पेशल 15–20 अप्रैल और 27 अप्रैल से 15 जुलाई तक हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। यह वाराणसी से रात 10 :15 बजे चलकर रायबरेली होते हुए सुबह 3 :30 बजे लखनऊ पहुंचेगी और दोपहर 1 :30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में 04210 ट्रेन निर्धारित दिनों में दिल्ली से शाम 7 :25 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 9 :50 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

### लखनऊ-नई दिल्ली साप्ताहिक स्पेशल

- ट्रेन 04203 लखनऊ-नई दिल्ली स्पेशल 20 अप्रैल से 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। यह सुबह 8 :05 बजे लखनऊ से रवाना होकर शाम 6 :30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में 04204 नई दिल्ली-लखनऊ स्पेशल रात 8 :20 बजे चलकर सुबह 6 :35 बजे लखनऊ पहुंचेगी। ट्रेन 04213 अयोध्या कैंट-आनंदविहार स्पेशल 16 अप्रैल से 12 जुलाई तक रविवार व बृहस्पतिवार को चलेगी। वापसी में 04214 ट्रेन सोमवार व शुक्रवार को आनंदविहार से चलकर अयोध्या पहुंचेगी। इन ट्रेनों में एसी, स्लीपर और जनरल कोच उपलब्ध रहेंगे, जिससे सभी वर्गों के यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

### गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का मार्ग परिवर्तित

- **अमृत विचार, लखनऊ :** रेलवे प्रशासन ने 05033/05034 गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस-गोमतीनगर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन के संचालन में आंशिक बदलाव की घोषणा की है। कानपुर सेंट्रल और कानपुर अनवरगंज के बीच पुल संख्या-110 पर चल रहे इंजीनियरिंग कार्य के कारण इस ट्रेन का मार्ग अस्थायी रूप से परिवर्तित किया गया है। यह परिवर्तन गोमतीनगर से 06 अप्रैल से 11 मई, 2026 तक तथा बांद्रा टर्मिनस से 07 अप्रैल से 12 मई, 2026 तक लागू रहेगा। निर्धारित मार्ग ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल-इटावा-टुंडला के स्थान पर अब ट्रेन डालीगंज-सीतापुर-मैलानी-इज्जतनगर-मथुरा जंक्शन होकर संचालित होगी। 05033 गोमतीनगर-बांद्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन प्रत्येक सोमवार को गोमतीनगर से दोपहर 14 :00 बजे रवाना होगी और परिवर्तित मार्ग से होते हुए अगले दिन रात 20 :00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में 05034 बांद्रा टर्मिनस-गोमतीनगर विशेष ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को रात 23 :00 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह 07 :45 बजे गोमतीनगर पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन विभिन्न प्रमुख स्टेशनों जैसे मथुरा, भरतपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा और सूरत से होकर गुजरेगी।

# स्तन कैंसर रोगियों को जागरूक कर रहा चैटबॉट और वीडियो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई ने ओपीडी में शुरू की पहल

**अमृत विचार :** पीजीआई के इंडोक्राइन एंड ब्रेस्ट सर्जरी विभाग ने स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ओपीडी में चैटबॉट और वीडियो आधारित पहल शुरू की है।

डॉक्टर मरीजों को इसके उपयोग की जानकारी दे रहे हैं, जिससे उनकी शंकाओं का समाधान और आवश्यक सलाह आसानी से मिल रही है। यह जानकारी विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव अग्रवाल ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से डॉक्टरों का समय भी बच रहा है।

### पहले और दूसरे चरण के स्तन कैंसर का 90 फीसदी इलाज कारगर

- डॉ. गौरव अग्रवाल ने बताया कि स्तन कैंसर के पहले और दूसरे चरण में 90 प्रतिशत तक इलाज सफल होता है, लेकिन एक तिहाई मरीज अंतिम चरण में अस्पताल पहुंचते हैं। जबकि दो तिहाई मरीज शुरुआती चरण में आते हैं, जहां इलाज की सफलता अधिक रहती है। डॉ. अभिषेक कृष्ण और डॉ. स्पंदना जे ने बताया कि चैटबॉट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित सॉफ्टवेयर है, जो टेक्स्ट या वॉइस के माध्यम से उपयोगकर्ता के सवालों को समझकर जवाब देता है और जानकारी उपलब्ध कराता है।

### एमबीबीएस के विद्यार्थी भी उठा सकेंगे लाभ

- डॉ. सबरेतनाम एम ने बताया कि शुक्रवार से शुरू हो रहे ब्रेस्ट कोर्स कार्यक्रम में देशभर से विशेषज्ञ भाग लेंगे और उपचार के अनुभव साझा करेंगे। इसमें एमबीबीएस छात्र भी हिस्सा लेकर स्तन कैंसर की समय पर पहचान के बारे में सीख सकेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष करेंगे।

न्यूज ब्रीफ

## एकेटीयू कर्मियों ने नई तकनीक का किया ऑनलाइन कोर्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरूवार से मिशन कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह की शुरूआत हुई। इसके तहत विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आईगॉट कर्मयोगी के माध्यम से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को कराया गया। विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित कोर्स का साधना सप्ताह के तहत कराया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक लोग उभरती नई तकनीकी में दक्ष हो सकें। शिक्षण से लेकर प्रशासनिक कार्यो में एआई के उपयोग को शामिल करने के लिए यह पाठ्यक्रम काफी सहायक होगा।

## आंगनबाड़ी केंद्र के कायाकल्प का लोकार्पण

**अमृत विचार, माल :** अटारी क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र के कायाकल्प कार्य का लोकार्पण कुंवर यशवीर सिंह चौहान द्वारा ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला और स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोकार्पण के दौरान भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि ग्राम के समग्र विकास और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों के पोषण का केंद्र नहीं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। नव रूप में सुसज्जित यह केंद्र अब बच्चों को बेहतर पोषण, गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा।

## सपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप का जन्मदिन सपा कार्यकर्ताओं ने 'सेवा दिवस' के रूप में मनाते हुए मानवता की मिसाल पेश की। सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक रंजन ने किया। उन्होंने स्वयं रक्तदान कर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। शिविर में अभिषेक बाजपेई, फखरुल हसन चंद और मंजीत यादव जैसे कई अन्य प्रमुख नेता और पदाधिकारी शामिल रहे। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अरविंद सिंह गोप ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

## हनुमान जयंती पर हुआ सुंदरकांड का पाठ और महाआरती

**अमृत विचार, निगोहां :** हनुमान जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर निगोहां कस्बा सहित क्षेत्रों में स्थित हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा सुंदरकांड पाठ के साथ भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। उतरावा स्थित बाबा जगन्नाथ दास कुटी में भव्य सुंदरकाण्ड पाठ एवं महाआरती का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और पूरे परिसर में भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। वहीं कस्बे में स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर को फूलों से सजाया गया तदोपरांत हनुमान चालीसा सुंदरकांड पाठ शीत भव्य महाआरती की गई। वहीं उतरावां में सुंदरकाण्ड पाठ के भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान श्रीराम और हनुमान जी के गुणगान करते हुए वातावरण को राममय बना दिया।

# जरूरतमंद को आवास व इलाज की होगी व्यवस्था

## मुख्यमंत्री योगी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- समस्या के समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से सीधे संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या रखने पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी योजना के तहत आवास दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं इलाज के लिए सहायता मांगने वालों से कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया।



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## लखनऊ की जूनियर एथलेटिक्स टीम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ:** 24वीं यूपी स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए लखनऊ एथलेटिक्स टीम का चयन गुरुवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित ट्रायल के माध्यम से किया गया। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण के अनुसार चयनित लखनऊ अंडर-20 पुरुष और महिला टीम प्रयागराज में 8 और 9 अप्रैल को आयोजित होने वाली 24वीं यूपी स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेगी।

**लखनऊ टीम: पुरुष-** मृणाल जैन, यशवर्द्धन सिंह, आर्यन सोनकर, आलिश करकट्टा, श्रेष्ठ सिंह, अभिनय यादव, अमन, गर्व तिवारी, अक्षत सिंह, यशवर्द्धन, दिवाकर यादव। **महिला-** रूचि सिंह, आराध्या पाण्डेय, तनिष्का सिंह, सुशांति, प्रतिज्ञा

# भगोड़ा घोषित जालसाज को सीबीआई ने मेट्रो स्टेशन से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जमानत तोड़वाकर हुआ फरार दिसंबर में घोषित किया गया था भगोड़ा
- एलआईसी के 6.37 करोड़ की हेराफेरी का है मास्टरमाइंड

**अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लंबे समय से फरार चल रहे भगोड़ा घोषित जालसाज समीर जोशी को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई टीम ने उसे लखनऊ के एक मेट्रो स्टेशन के पास से दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। समीर जोशी पर वर्ष 2010 में एलआईसी के फर्जी पॉलिसी धारकों के नाम पर 6.37 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप है। वह पहले जमानत पर रिहा हुआ था, लेकिन बाद में जमानत तुड़वाकर फरार हो गया था।

वर्ष 2012 में एलआईसी, लखनऊ की ओर से इस मामले में शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि जालसाजों ने फर्जी पॉलिसी धारकों के नाम पर जाली चेक तैयार कर एलआईसी की धनराशि का दुरुपयोग किया। खातों में हेराफेरी कर फरवरी 2006 से अगस्त 2010 के बीच करीब 6.37 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। सीबीआई जांच पूरी होने के बाद 21 अगस्त 2014 को समीर जोशी समेत 12 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया गया। जांच में सामने आया कि समीर जोशी ने एलआईसी के तत्कालीन उच्च श्रेणी सहायक पंकज सक्सेना के साथ मिलकर साजिश रची थी। अपने, पत्नी अंजू जोशी और कर्मचारी जितेंद्र कुमार के नाम पर फर्जी चेक तैयार किए गए, जिनके जरिए करीब 62 लाख रुपये निकाले गए और आपस में बांट लिए गए। गिरफ्तारी के बाद उसे जमानत मिल गई थी, लेकिन बाद में वह फरार हो गया। लंबे समय तक गिरफ्तारी से बचते रहने पर 24 दिसंबर 2025 को कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। मंगलवार को उसके लखनऊ में होने की सूचना मिलने पर सीबीआई टीम ने उसे पकड़ लिया।

## बालिका बास्केटबॉल टीम का चयन आज

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रयागराज में 36वीं जूनियर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप 11 से 14 अप्रैल तक खेली जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली लखनऊ जूनियर बालिका बास्केटबॉल टीम के गठन को चयन ट्रायल शुक्रवार को आयोजित किये जायेंगे। लखनऊ जिला बास्केटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज़ अहमद के अनुसार ट्रायल अलीगंज सेक्टर ई स्थित मॉडर्न स्कूल के बास्केटबॉल कोर्ट पर आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल्स में केवल वहीं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकती हैं, जिनकी जन्मतिथि एक जनवरी 2008 या उसके बाद की है। इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड और नगर निगम की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र को लाना अनिवार्य किया गया है।

# लखनऊ जंक्शन पर ई-टिकटों की कालाबाजारी के नेटवर्क का खुलासा

## दूसरे व्यक्ति के नाम पर टिकट लेकर यात्रा कर रहे दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुंबई से जुड़े दलालों के संपर्क में थे आरोपी

**अमृत विचार :** जीआरपी क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को लखनऊ जंक्शन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे टिकटों की कालाबाजारी करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। टीम ने गाड़ी संख्या 20103 (एलटीटी-आजमगढ़ एक्सप्रेस) के कोच एस-5 में दूसरे व्यक्ति के नाम पर ई-टिकट लेकर यात्रा कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अब्दुल राफेहक खान (24) और मो. मकसूद (36), निवासी संतकबीर नगर के रूप में हुई है।



तलाशी के दौरान उनके पास बरक्कत अली और मकसूद अहमद के नाम से जारी ई-टिकट बरामद हुआ, जिसकी कीमत 2,269 रुपये थी। यह टिकट सीट नंबर 15 और 16 के लिए बुक था।

पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि मुंबई के टिकट दलाल 60 दिन पहले ही रैंडम नामों से टिकट बुक कर लेते हैं। समर सीजन में मांग बढ़ने पर ये दलाल यात्रियों के आधार कार्ड में नाम एडिट कर मिलते-जुलते नाम वाले लोगों को ऊंचे दामों पर टिकट बेचते हैं।

दोनों के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट ऐशबाग में रेलवे अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जीआरपी टीम अब इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह यादव, सुनीत कुमार श्रीवास्तव, करुनेश कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल महेंद्रनाथ और कांस्टेबल हेमंत कुमार भारती समेत अन्य शामिल रहे।

## राधेश्याम पाठक के निधन पर जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक के पिता एवं जनसंघ काल के वरिष्ठ कार्यकर्ता रहे राधेश्याम पाठक के निधन पर भाजपा नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

राधेश्याम पाठक ने संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने इसे संगठन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पंकज सिंह, कान्ता कर्दम, सलिल विश्नोई, नीलम सोनकर, दिनेश कुमार शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की।



गुम हो गए मोबाइल बरामद करने के बाद वास्तविक स्वामियों को सौंपती मलिहाबाद पुलिस टीम। अमृत विचार

## बरामद 18 मोबाइल मलिहाबाद पुलिस ने स्वामियों को लौटाए

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार:** स्थानीय कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क ने 18 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 3.50 लाख रुपये बताई जा रही है। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने पुलिस टीम की प्रशंसा की। एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल की सहायता से विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन बरामद किए। एसीपी ने जनता से अपील की है कि सीईआईआर पर शिकायत जरूर करें। इससे मोबाइल ब्लॉक कर उसकी ट्रैकिंग संभव होती है।

# संविदा बिजली कर्मियों का प्रदेशभर में प्रदर्शन

## छंटनी का विरोध, संघर्ष समिति ने लगाया बिजली के निजीकरण का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली संविदा कर्मियों की छंटनी और कथित उत्पीड़न के खिलाफ गुरुवार को प्रदेशभर में व्यापक विरोध-प्रदर्शन हुआ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया कि वह सुनियोजित तरीके से बिजली व्यवस्था को कमजोर कर निजीकरण का रास्ता तैयार कर रहा है।




छंटनी के विरोध में प्रदर्शन करते बिजली संविदा कर्मी। अमृत विचार

समिति के अनुसार, गर्मियों से ठीक पहले बड़े पैमाने पर अनुभवी संविदा कर्मियों को हटाया जा रहा है और नियमित कर्मचारियों व अभियंताओं को निलंबित किया जा रहा है, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। समिति ने बताया कि इस वर्ष देश में बिजली की मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है, जबकि यूपी में यह बढ़कर लगभग 36,000 मेगावाट होने का अनुमान है। ऐसे समय में कर्मियों की कमी स्थिति को और गंभीर बना सकती है। वर्ष 2017 के मानकों के अनुसार, एक सबस्टेशन पर शहरी क्षेत्रों में 36 और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 कर्मचारियों की व्यवस्था थी, जिसे घटाकर क्रमशः 18.5 और 12.5 कर दिया गया है। इससे लगभग 2500 संविदा कर्मी प्रभावित हुए हैं। लखनऊ, अयोध्या और मेरठ सहित कई शहरों में हाल के दिनों में बड़े पैमाने पर छंटनी हुई है। संघर्ष समिति का आरोप है कि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर इन क्षेत्रों को भविष्य में निजी कंपनियों को सौंपने की तैयारी की जा रही है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि छंटनी और उत्पीड़न नहीं रुका तो 11 अप्रैल की बैठक के बाद प्रदेशव्यापी आंदोलन तेज किया जाएगा।

# माईजी का पुरवा गांव पहुंचे नवागत डीसीपी साउथ, पीड़ितों से की बात

संवाददाता, गोसाईंगंज

- पत्नी को बंदूक की नोक पर बंधक बनाकर लूटपाट का मामला
- कई संदिग्ध हिरासत में, क्राइम ब्रांच समेत पांच टीमें गठित

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी के माईजी का पुरवा गांव में फास्ट फूड दुकानदार की पत्नी को गन प्वाइंट पर बंधक बनाकर बदमाशों द्वारा लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। संदिग्धों से पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारी मिली है। उसके आधार पर रायबरेली, सुलतानपुर, उन्नाव व रायबरेली में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने मामले में क्राइम ब्रांच और सर्विलांस समेत पांच टीमें गठित की हैं। सर्विलांस टीम घटना के समय सक्रिय मोबाइल नंबरों की पड़ताल कर रही है।

गुरुवार को नवागत डीसीपी अमित कुमार आनंद माईजी का पुरवा गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित आशीष यादव, राजपाल व उनके परिवारवालों से मुलाकात की। उसने घटना की जानकारी ली। उन्हें जल्द घटना के खुलासे और बदमाशों को जेल भेजने की बात कहकर आश्वास्त किया। मातहतों को अहम निर्देश दिए। मंगलवार देर रात बदमाशों ने माईजी का पुरवा में दो घरों में धावा बोला था। आशीष की पत्नी को असलहे के जोर पर बंधक बना लिया था। लूटपाट के विरोध में जब वह भिड़ी तो बदमाशों ने उसकी पांच साल की बेटी को छीन लिया था। घर में रखे जेवर और नकदी लूटी। इसके बाद बच्ची को लेकर भागे। ग्रामीणों के पीछा करने पर बदमाश बच्ची को करीब 200 मीटर दूर छोड़कर हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। हालांकि पुलिस ने लूट, फायरिंग और अपहरण के प्रयास से इनकार करते हुए चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।



डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव। अमृत विचार

## लोहिया वाहिनी के नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद अभिषेक श्रीवास्तव बाबू का लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट संख्या-1 पर हुआ स्वागत किया गया। श्रीवास्तव ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, लोहिया वाहिनीं राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव एवं अपने राजनीतिक गुरु पूजा शुक्ला को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ परिसर में भ्रमण कर डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वागत कार्यक्रम के संयोजक इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि समाजवादी आंदोलन को विश्वविद्यालय परिसर में और गति मिलेगी। इस दौरान मुख्य रूप से इकाई महासचिव रजत अग्रहरि, छात्र नेता विपुल यादव, भूपेंद्र प्रताप सिंह, विनीत सिंह, सिद्धार्थ सिंह, इकाई प्रवक्ता सतीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष जावेद, लोकेश प्रताप सिंह, डॉ. अखिलेश यादव, अनिल मौर्य, राजू यादव, दीपक मिश्रा, अमन, अभिमन्यु सिंह, शुभम मौर्य, मयंक यादव, अभिनव गुर्जर, हरिओम, नीतीश, रोहित यादव, सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# रास्ते का कट बंद करने का किया विरोध

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर क्षेत्र के कानपुर रोड स्थित दरोगा खेड़ा चौराहे (कट) को गुरुवार को बंद करने पहुंचे एनएचएआई अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। चौराहा बंद होते देख आसपास के लोग आक्रोशित हो गए और मौके पर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख कर्मचारियों को सड़क पार करने का रास्ता खुला छोड़ना पड़ा और बिना काम पूरा किए वापस लौटना पड़ा।



दरोगा खेड़ा चौराहे पर विरोध-प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

बताया जाता है कि इस चौराहे से चंद्रशेखर आजाद नगर कॉलोनी, रनियापुर, दरोगा खेड़ा गांव और मीरानपुर पिनवट के लोगों का रोजाना आवागमन होता है। गुरुवार को एनएचएआई की टीम जेसीबी मशीन के साथ पहुंची और बड़े-बड़े पत्थरों से बैरिकेडिंग कर कट बंद करने लगी। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक भी हुई। एनएचएआई अधिकारियों का कहना है कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे जल्द शुरू होने वाला है, जिससे यहां वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी और हादसों की आशंका रहेगी। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कट बंद होने से उन्हें करीब एक किलोमीटर दूर जाकर घूमकर आना पड़ेगा, जिससे समय और व्यापार दोनों प्रभावित होंगे। हालांकि विरोध के चलते चौराहा पूरी तरह बंद नहीं किया जा सका, लेकिन इसे संकरा कर दिया गया है, जिससे आवागमन में दिक्कतें बढ़ गई हैं।

# गैस की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक 200 एफआईआर दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेशभर में अभियान जारी 19882 छापे, 20 गिरफ्तार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कालाबाजारी के खिलाफ प्रदेशभर में चलाए गए अभियान में बड़ी कार्रवाई सामने आई है। 12 मार्च से अब तक 233 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 237 के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री कई मंचों से कह चुके हैं कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है, ये उसीका असर है।

खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त ने बताया कि मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कालाबाजारी के खिलाफ 19,882 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की गई। एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि एलपीजी गैस की कालाबाजारी में संलिप्त अन्य दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध 200 एफआईआर दर्ज करायी गयी। कार्रवाई पूरे प्रदेश में एक साथ चलाई गई। अधिकारियों को मुख्यमंत्री स्तर से स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित किए बिना कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# नौकरी का झांसा देकर 7.80 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 2 गिरफ्तार

## साइबर सेल को मिली बड़ी कामयाबी, 51 खातों से चल रहा था ठगी का नेटवर्क

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** पुलिस के साइबर सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में 7 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक की ठगी से जुड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 3 एंड्रॉयड मोबाइल, 1 आईफोन-17 तथा 1 की-पैड फोन बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गई। एसपी विनीत जायसवाल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस खुलासे की जानकारी दी।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि बेरोजगार युवक-युवतियों को उनके ही जिले में नौकरी का लालच दिया जाता था। जैसे ही पीड़ित दिए गए नंबर पर संपर्क करते, गिरोह के सदस्य उनसे रजिस्ट्रेशन, इंटरव्यू, ट्रेनिंग और जॉइनिंग के नाम पर अलग-अलग किश्तों में रकम मंगवाते थे।

इसके बाद उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र और ज्वाइनिंग लेटर भेजा जाता था। जांच में सामने आया कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, कर्नाटक और तेलंगाना समेत कई राज्यों में सक्रिय था। गिरोह के सदस्य रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व भीड़भाड़ वाले इलाकों के आसपास स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने के फर्जी विज्ञापन चिपकवाते थे। पकडे गए आरोपी सुधीर कुमार गुप्ता उर्फ अतुल गुप्ता, निवासी ग्राम सोनी कपूर देवरिया चूड़ामणि, थाना कोतवाली नगर व बृजेश मिश्रा निवासी माधव पुरम कॉलोनी, थाना कोतवाली नगर के रहने वाले हैं।

### म्यूल खातों के जरिए होता था पूरा खेल

**गोंडा, अमृत विचार :** आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह म्यूल (किराये) के खातों का इस्तेमाल करते थे। खाताधारकों को 20 प्रतिशत कमीशन देकर उनके खातों में ठगी की रकम मंगवाई जाती थी। गिरोह के सदस्य एटीएम के जरिए रकम निकलवा ले लेते थे। एसपी ने बताया कि गिरोह फर्जी पहचान पत्रों का इस्तेमाल कर लोगों का विश्वास जीतता था और अतिरिक्त सिम व बैंक खातों की व्यवस्था करता था। इससे वे लगातार नंबर और खाते बदलकर पुलिस की पकड़ से बचते रहे।

### विभिन्न राज्यों में 25 से अधिक शिकायतें दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस के अनुसार गिरोह पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से सक्रिय था। जांच में इस नेटवर्क के खिलाफ 25 से अधिक ऑनलाइन शिकायतें विभिन्न राज्यों में दर्ज पाई गई हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ठगी के लिए लगभग 51 बैंक खातों का उपयोग किया गया। इन शिकायतों में करीब 7 करोड़ 80 लाख रुपये की ठगी रिपोर्ट हुई है। पुलिस ने खातों में जमा 1.11 करोड़ रुपये की धनराशि को होल्ड भी कराया है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** पीपरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को बस की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। दोनों सुल्तानपुर बेटी की शादी के सामानों की खरीदारी करने जा रहे थे। हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चन्डेरिया गांव निवासी रमजान अली (60) और उनके पुत्र रेहान अली (40) गुरुवार दोपहर बाइक से सुल्तानपुर जा रहे थे। जैसे ही वे पीपरपुर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे स्थित दुर्गापुर चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीपरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल सुल्तानपुर भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रमजान अली की बेटी का निकाह 20 अप्रैल को तय था। पिता-पुत्र उसी की शादी की खरीदारी करने के लिए घर से निकले थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं पीपरपुर थाना प्रभारी आर सी यादव ने बताया कि दोनों मृतक अपने गांव से सुल्तानपुर जा रहे थे। दुर्गापुर चौराहे के पास दुर्घटना हुई है। सुल्तानपुर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सांड़ के हमले में बालक की मौत

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर में गुरुवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर खेल रहे 10 वर्षीय बालक पर सांड़ ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले घायल बालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कुतुबपुर निवासी कृपाराम का पुत्र अमन यादव (10) गुरुवार दोपहर बाद घर के पास गांव के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वहां घूम रहे सांड़ ने उस पर हमला कर दिया और उसे पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह सांड़ को वहां से खदेड़ा। परिजन घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रधान प्रतिनिधि शिवबालक मिश्रा पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और ढांढस बंधाया।


**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक** (एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय : द फेयरवे, ग्राउंड एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1,11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलुर कोरमंगला इनर रिंग रोड, EGL बिजनेस पार्क के पास, चल्लाघट्टा, बेंगलुरु 560071

**स्वर्ण आभूषणों की नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

नीचे दिए गए उधारकर्ताओं ने कई बार याद दिलाने के बावजूद निर्धारित समय के भीतर ऋण का भुगतान नहीं किया और न ही सोने के आभूषणों को छुड़ाया है। उक्त ऋण खातों के अंतर्गत गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों को नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ताओं के नाम पर हमारे शाखा परिसर में 21.04.2026 को सुबह 10:30 बजे सार्वजनिक/ऑनलाइन/निजी नीलामी में बेचा जाएगा। जो भी व्यक्ति इसमें भाग लेना चाहते हैं, वे शाखा से संपर्क करें। बैंक को बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। कृपया ध्यान दें कि यदि नीलामी उसी दिन पूरी नहीं हो पाती है, तो यह अगले दिनों में भी उन्हीं नियमों और शर्तों के साथ जारी रहेगी। यदि ग्राहक का निधन हो चुका है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें नामित व्यक्ति/कानूनी वारिस पर लागू होंगी। उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे नीलामी की तारीख से पहले तक का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान कर दें, अन्यथा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण बेच दिए जाएंगे और यदि कोई बकाया शेष रहेगा तो उसे ब्याज व लागत सहित वसूल किया जाएगा। किसी भी जानकारी या नियम एवं शर्तों के लिए शाखा से संपर्क करें। शाखा के पते के विवरण के लिए वेबसाइट देखें: www.janabank.com

| क्र0 सं0 | ऋण खाता संख्या | ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता का नाम | गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों का कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 46108740000182 | नेहा अवस्थी | 5.39 |
| 2 | 46108740000153 | शिवपूजन भोलापुर तिवारी | 36.3 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि. ग्राउंड फ्लोर, नं. जी-01 साइबर हाइट, विभूति खंड, गोमती नगर, उत्तर प्रदेश - 226010, भारत | | | |
| 3 | 46078740000915 | विकास यादव | 13.8 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि. ग्राउंड फ्लोर, नं.बी-16 लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सिविल स्टेशन, इलाहाबाद - 211002, भारत | | | |
| 4 | 46058740000950 | बिलाल इश्तियाक | 14.9 |
| 5 | 46058740000911 | बिलाल इश्तियाक | 38.7 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., बी-7, बी-8 और जी-7, जी-8, बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर यूपी टावर, संजय पैलेस, आगरा - 282002 | | | |
| 6 | 46148730025381 | अर्चना खरवार | 4.42 |
| 7 | 46148730025457 | अवनीश कुमार सिंह | 4.83 |
| 8 | 46148730025303 | संतोष कुमार चौहान | 3.7 |
| 9 | 46148730025431 | अवनीश कुमार सिंह | 5.3 |
| 10 | 46148730025460 | अवनीश कुमार सिंह | 10.1 |
| 11 | 46148730025418 | नेहरू गुप्ता | 12 |
| 12 | 46140660000026 | रमेश कुमार सिंह | 126 |
| 13 | 46140660000039 | रमेश कुमार सिंह | 142 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., सी-33/2सी, संकर टॉवर, उपर ग्राउंड, फ्लोर सिंगरा, विद्यापीठ के सामने भारत माता मंदिर, वाराणसी - 221002 | | | |
| 14 | 46068740000152 | नसीमा | 11.2 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., जीएफ, प्रथम एवं द्वितीय तल, प्रॉपर्टी नं. 14/121-ए, परेड कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश - 208001, भारत | | | |
| 15 | 49180670000017 | संगीता नेगी | 155 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, दुकान नं.5, ब्लॉक एन, सेक्टर 18, नोएडा, उ.प्र. -201301 | | | |
| 16 | 46098740000843 | शाइना | 16.8 |
| 17 | 46098740000820 | आकाश कुमार | 44.2 |
| 18 | 46098740000817 | गुलजार गुलजार | 97.4 |
| 19 | 46098740000754 | निजामुद्दीन | 181 |
| 20 | 46098740000681 | नरेन्द्र कौशिक | 40 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, अरूणदीप बिल्डिंग, धारक नं. डी-45, पॉकेट डी, राजनगर जिला केन्द्र, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001, भारत | | | |
| 21 | 46628730021940 | सोशिला सोशिला | 5.6 |
| 22 | 46628740000570 | दिनेश कुमार | 18 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर, खाता नं. 2045, प्लॉट नं. 2357, छावनी पडौना, टप्पा पकड़ी गंगारानी, तहसील पडरौना, जिला कुशीनगर, उत्तर प्रदेश - 274304, भारत | | | |
| 23 | 49758730003141 | अमरीश कुमार | 3.44 |
| जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., मकान नं. 682, मुंशीपल बोर्ड, जेड.ए. रविदास मार्ग, जीटी रोड, कस्बा देवबंद, परगना व तहसील देवबंद जिला सहारनपुर, उ.प्र. - 247554 | | | |

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 03.04.2026

अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड


## बजरंगियों ने हनुमान मंदिर पर किया धर्म ध्वजा का आरोहण



राम मंदिर परिसर में स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर लहराता धर्म ध्वज।

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर परिसर के परकोटे के दक्षिणी भुजा के मध्य स्थित हनुमान मंदिर के शिखर पर हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को धर्म ध्वजा का आरोहण किया गया। 19 फिट, सात इंच के ध्वज दंड पर आरोहण से पहले नौ फिट तीन इंच लंबा और चार फिट सात इंच चौड़े धर्म ध्वज का वैदिक आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया। हनुमान मंदिर के शिखर पर शुभ मुहूर्त में सुबह करीब 11 बजे ध्वज आरोहण होते ही पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। साधु-संतों ने कहा कि हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण होना अत्यंत शुभ और भावनात्मक क्षण है। समारोह बजरंग दल के संस्थापक व पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व संयोजक और मध्य प्रदेश के राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जय भान सिंह पवैया, प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र जैन की मौजूदगी में हुआ।

# दूषित मट्ठा पीने से 2 दर्जन बच्चे बीमार

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे रुद्र मटका गांव में एक कार्यक्रम के दौरान बच्चों को परोसा गया मट्ठा दूषित होने के चलते दो दर्जन बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। देर रात सभी बच्चों को सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। यहां आधा दर्जन बच्चों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

सलोन कोतवाली अंतर्गत ग्राम पूरे रुद्र मजरे मटका गांव निवासी राज कुमारी पत्नी राम शंकर के यहां 30 मार्च को एक गाय ने बच्चे को जन्म दिया था। गौवंश के जन्म की खुशी में उन्होंने गांव के बच्चों को एकत्र कर उन्हें मट्ठा पिलाया था। उसी दिन मट्ठा पीते ही एक एक करके कई बच्चे बीमार होते चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक जब परिजनों ने विरोध किया तो दम्पति ने गांव के एक झोलाझाप डाक्टर के यहां ले जाकर उनका इलाज कराया। लेकिन हालत में कोई सुधार नही होने पर दम्पति ने इलाज कराने से साफ इंकार कर दिया। इधर तीन दिनों से बच्चे उल्टी और दस्त के चलते परेशान हो चुके थे, जिससे उनकी हालत बिगड़ती चली गई। बुधवार की रात्रि ग्रामीणों ने पुनः दम्पति से इलाज के लिए कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। बच्चों के परिजनों ने पुलिस को पूरे घटना क्रम की जानकारी दे दी। डायल 112 गांव पहुंची। एम्बुलेंस से सभी बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से सात बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या: NER-BSB0SnT-OT-14-2026**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक:–** 1., **निविदा सूचना सं एवं कार्य का नाम:–** NER-BSBOSnT-OT-14-2026, **कार्य का नाम:–** वाराणसी मंडल के बनारस, वाराणसी सिटी और गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली (IPIS) का दो वर्षीय व्यापक AMC, **विवरण:– अनुमानित लागत:–** रु. 7994089.27, **बयाना की राशि:–** रु. 159900.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत:–** रु. 00.00/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:–** 780 दिवस, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय:–** 24.04.2026 को 15:00 बजे, **1.** ई–निविदा दिनांक 24.04.2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा।, **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेवसाईट i.e. **www.ireps.gov.in** देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार मुजाधि/सिग्नल–02 वाराणसी**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# रामलला के समक्ष नतमस्तक हुए उद्योगपति गौतम अदानी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अदानी अपने निजी विमान से गुरुवार सुबह करीब नौ बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से वह पहले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। परिवार के साथ रामलला के दरबार में अपनी श्रद्धा समर्पित की। मंदिर के प्रथम तल पर स्थित राम दरबार व द्वितीय तल पर स्थापित श्रीराम महायंत्र की भी पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह गुरुकुल महाविद्यालय गए, वहां उन्होंने हवन-पूजन कर विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने उचित सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।



राम मंदिर परिसर में परिवार के साथ मौजूद गौतम अदानी। ● अमृत विचार

### भारत की संस्कृति का प्रतीक है राम मंदिर : अदानी

गुरुकुल महाविद्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर के दर्शन उनके और उनके परिवार के लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, एकता और आत्मविश्वास का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सत्य, कर्तव्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने रामलला से प्रार्थना की कि उनका आशीर्वाद सभी पर बना रहे और देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शव की पहचान सीतापुर के महमूदाबाद त्र के बरगदिया निवासिनी काजल पुत्री रामजीवन के रूप में हुई। लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी शादी मझगावां ग्राम पंचायत के मजरे शिवराजपुर निवासी हंसराज से हुई थी। गुरुवार दोपहर काजल का शव उसके घर के कमरे में गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा (एकल पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक 23.04.2026 को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 29-DyCEE-GSU-LKO-26-27 दिनांक 01.04.2026 | | |
| निविदा संख्या | 45/Sr.DEN-V/LKO/2023-24 | | |
| कार्य का नाम | जौनपुर जं0, प्रतापगढ़ जं0, रायबरेली जं0, सुल्तानपुर तथा उन्नाव स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अन्तर्गत 17 लिफ्टो के लिये पावर सप्लाई की व्यवस्था करना। | | |
| अनुमानित लागत | Rs.68,65,537.43 | धरोहर राशि | Rs. 1,37,300/- |
| कार्य की समापन अवधि | | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | | 09.04.2026 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 23.04.2026 11:00 बजे | |
| वेबसाईट | | www.ireps.gov.in | |

नोट:– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1099/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 16 घंटे बाद हाईवे पर सुचारु हुआ यातायात

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम छह बजे नेपाल जा रहे गैस टैंकर से शुरू हुआ रिसाव गुरुवार की सुबह तक होता रहा। तीन जिलों से आई टीम विफल हुई तो अन्य टैंकर मंगाकर गैस शिफ्ट की गई और खाली टैंकर वापस चला गया। करीब 16 घंटे बाद हाईवे पर यातायात सुचारु हो सका, पूरी रात पुलिस व प्रशासनिक अफसर हालात पर नजर बनाए हुए थे।

बताते चलें कि मथुरा से दस लाख से अधिक की कीमत का करीब 17.42 एमटी गैस लेकर टैंकर नेपाल की ओर जा रहा था। बुधवार शाम करीब 6 बजे नेशनल हाईवे पर असैनी ओवरब्रिज की सर्विस लेन पर टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया। चालक गुरुप्रीत सिंह ने वाहन रोका और रिसाव रोकने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही पूर्ति अधिकारी, पुलिस, यातायात कर्मी, दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए। तब तक दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

देर रात लखनऊ व दो अन्य जिलों से टीमें आईं पर टैंकर से गैस का रिसाव रोकने की कोशिश बेकार गई। इस बीच वाहन दूसरे रास्तों से होकर निकलते रहे। आखिरकार अन्य जिलों से टैंकर मंगाकर उनमें बची गैस शिफ्ट कराई गई। इस कवायद में गुरुवार को सुबह दस बज गए। इस दौरान एसपी अर्पित विजयवर्गीय, डीएसओ आदि देर तक मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज–रायबरेली।**

पत्रांक: 707/न0पं0मह0/ई–टे0/मु0न0सृ0यो0–/2025–26 दिनांक: 30.03.2026

**ई–निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत महराजगंज, जनपद रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या–3/2017/1067/78–2–2017–42 आईटी/2017 अनुभाग–2 दिनांक 12–05–2017 के क्रम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्ट्रैक्टर्स/वेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में शासन द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित कार्यो को कराये जाने हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से प्रतिशत दर आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा प्रपत्र वेबसाइट: https://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है :–

**टेण्डर शेड्यूल (https://e-tender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | 01-04-2026 (10.00 AM) | - |
| 2- | Tender Download | 01-04-2026 (10.00 AM) | 21-04-2026 (5.00 PM) |
| 3- | Bid Submission | 01-04-2026 (10.00 AM) | 21-04-2026 (5.00 PM) |
| 4- | Bid Opening | 22-04-2026 (2.00PM) | |
| | Bid Opening Place | Office of the nagar Panchayat Maharajganj-Raebareli | |

निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि खाता संख्या: **7855000100032601/IFSC CODE PUNB0785500** पंजाब नेशनल बैंक शाखा अतरेहटा महराजगंज जनपद रायबरेली में ऑनलाइन जमा किया जायेगा। उक्त वेबसाइट पर निविदा सम्बंधी विस्तृत नियम, शर्ते व विवरण उपलब्ध है। निविदादाताओं हेतु निविदा संशोधन सूचना www.e-tender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा, पृथक से प्रकाशन नही किया जायेगा। ई–निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में की जा सकती है।

(राम अशीष)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत महराजगंज
जनपद रायबरेली।

(सरला साहू)
अध्यक्ष
नगर पंचायत महराजगंज
जनपद रायबरेली।


# बाराबंकी के डीएम ने काटी गेहूं की फसल, उपज का लिया जायजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी गुरुवार को तहसील नवाबगंज के ग्राम लक्षबर बजहा में एक अलग ही अंदाज में नजर आए। उन्होंने किसान की भूमिका निभाते हुए खेत में उतरकर खुद हंसिया से लहलहाती गेहूं की फसल की कटाई की और बाद में मड़ाई में भी हिस्सा लिया। डीएम को खेत में काम करते देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

डीएम शशांक त्रिपाठी किसान उदय नारायण के खेत में रबी सीजन की गेहूं फसल का आकलन करने पहुंचे थे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह और जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम ने क्रॉप कटिंग प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया और बताया कि इसी माध्यम से फसल की औसत पैदावार का सही आकलन किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रॉप कटिंग के लिए खेतों का चयन रेंडम तरीके से किया जाता है।



क्रॉप कटिंग करते डीएम शशांक त्रिपाठी।


**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।**

पत्रांक: 96 /15वाँ वि0आ0यो0/नि0सू0/न0पं0रा0/2026 दिनांक 30 मार्च, 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत रामनगर बाराबंकी के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में सक्षम श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत/पात्र निविदादाता से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर 15वां वित्त आयोग की संस्तुतियों के अंतर्गत वर्ष 2023–24 हेतु निर्दिष्ट अनुदान (Tied Grant) की द्वितीय किश्त के सापेक्ष निर्माण कार्य हेतु निविदा निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा को वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि नगर पंचायत निविदा एवं धरोहर धनराशि निधि खाता रामनगर–बाराबंकी, सख्या–39002392893 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा आई0एफ0एस0सी0 कोड–SBIN0010881 में अन्तरित करना होगा, एवं कार्य सम्पादन के समय निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0, सेक्टर–7, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के धनावंटन पत्र संख्या–8/5972/320 (3)/15 वि0आ0/2023–24, दिनांक 27 मार्च, 2025 में उल्लिखित नियम व शर्तो का अनुपालन प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना आवश्यक होगा।

**कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–**

| | |
|---|---|
| वेवसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 04 अप्रैल, 2026 |
| निविदा खरीदने की तिथि | 25 अप्रैल, 2026 अपरान्ह 12: 00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि | 27 अप्रैल, 2026 अपरान्ह 01: 00 बजे। |

**का0 लिपिक** नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।

**अधिशाषी अधिकारी** नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।

**अध्यक्ष** नगर पंचायत रामनगर, बाराबंकी।



**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHOBHIT OMAR से बदल कर SHOBHIT KUMAR रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: SATISH CHANDRA GUPTA R/O: 245, TEHSEEL SHAHABAD MOHALLA CHOWK SHAHABAD HARDOI UTTAR PRADESH 241124

**सूचना**

मेरे पेनकार्ड में त्रुटिवश नाम श्वेता त्रिपाठी एवं जन्मतिथि 01.09.1993 अंकित है। जबकि, मेरा वास्तविक नाम शिवान्या त्रिपाठी एवं जन्मतिथि 11.09.2002 है। **शिवान्या त्रिपाठी पुत्री श्री फूल चन्द्र त्रिपाठी, मूल निवासिनी रुकुनपुर सुरहूरपुर, अम्बेडकर नगर, वर्तमान नि0- प्लाट नं0-3, सेमरा मटियारी चिनहट, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AMIT KUMAR था से बदलकर AMIT KUMAR GUPTA रख लिया है। अब मुझे AMIT KUMAR GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- MAHESHWAR GUPTA ADD- SIKTA PS-KUBER STHAN DIST-KUSHINAGAR-274303 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मेरा मकान संख्या C–6/4074/5 सपना कालोनी राजाजीपुरम का नक्शा तथा भवन आवन्टन पत्र खो गया है। खोजबीन के बाद भी नहीं मिला।

**सूचना**

मैनें अपने दो सगे भाई अय्यूब खां व मतलूब खां के गलत आचरण व आपराधिक कृत्यों के चलते अलग रहता है। दोनों भाइयों के कृत्यों व गलत आचरण से मेरा कोई भविष्य में सरोकार नहीं होगा। **याकूब खां पुत्र जकीरुल्ला निवासी -मोहल्ला मीरसराय कस्बा- थाना पिहानी (हरदोई)**

**सूचना**

मैं GULISHTA पत्नी श्री FIROJ ANSARI निवासी बाबा नगर, जंघई, जंघई बाजार, सरायममरेज, प्रयागराज, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर ALFIYA ANSARI कर लिया है, अत: आज से मुझे ALFIYA ANSARI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**आवश्यकता है**

बस वैन चालकों, म्यूजिक शिक्षको की। वायोडाटा शैक्षिक अंकपत्रो के साथ शीघ्र सम्पर्क करें। **प्रधानाचार्या, बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी, बेलीगारद, सेक्टर–पी अलीगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

मै **पवन कुमार पुत्र भोला प्रसाद निवासी राजू होटल ग्राम माल परगना व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ,** अपने पुत्र अनुभव तिवारी के व्यवहार व कार्यो से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अब मेरा व मेरे परिवार का अनुभव तिवारी से कोई वास्ता व सरोकार नही रह गया है व उनके द्वारा किये गये समस्त कृत्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यापारी के लॉगिन से 23 करोड़ की फर्जी एंट्री, केस दर्ज

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल नगर पंचायत क्षेत्र में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। एक व्यवसाई के जीएसटी और इनकम टैक्स लॉगिन का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये के फर्जी बिक्री व खरीद बिल जारी किए जाने का आरोप लगा है। नौदरी निवासी सुजीत गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपने व्यवसाय से जुड़े अनुपालन कार्य की जिम्मेदारी अर्पित कुमार को सौंपी थी। आरोप है कि अर्पित कुमार ने इसका गलत फायदा उठाकर एसके एंटरप्राइजेज के नाम से कई फर्मों के पक्ष में फर्जी बिल जारी कर दिए। पीड़ित के अनुसार, फर्जी बिलिंग का कुल कारोबार मूल्य करीब 23 करोड़ 76 लाख रुपये दिखाया गया, जबकि इसमें 45 लाख 29 हजार रुपये जीएसटी दर्शाया गया है। वहीं कुल इनवॉइस मूल्य करीब 28 करोड़ 90 लाख रुपये बताया गया है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक और कानूनी जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नेपाल जा रही भारतीय नाबालिग युवती व दो युवक पकड़े गए

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारत-नेपाल सीमा स्थित खुनुवां चेक पोस्ट पर संदिग्ध हालात में बार्डर करने का प्रयास कर रही नाबालिग भारतीय युवती को एसएसबी ने हिरासत में ले लिया। मामले में दो युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक 43वीं वाहिनी एसएसबी के अन्तर्गत 'डी' समवाय खुनुवां चेक पोस्ट पर बुधवार को नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 556 के पास दो युवक एक युवती के साथ नेपाल की ओर जाते दिखाई दिये। एसएसबी जवानों ने तीनों को रोककर पूछताछ की। एक युवक ने युवती को अपनी पत्नी बताते हुए नेपाल घूमने जाने की बात कही, लेकिन मामला संदिग्ध लगने पर तत्काल समवाय प्रभारी एसएसबी खुनुवां को सूचना दी गई।

# श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गंडक नहर में पलटी, तीन महिलाओं की मौत

## करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल, गंभीर रूप से घायल पांच लोग गोरखपुर रेफर

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार :** जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के सिसवा रेगुलेटर के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्राली बुधवार देर रात अनियंत्रित होकर बड़ी गंडक नहर में पलट गई। घटना में गंभीर रूप से घायल मीरा देवी (57), विमला (43) व स्मृति देवी की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में मनोरमा, निर्मला, बबली यादव, प्रभावती, रजवंत, किस्मती, प्रीति शर्मा, पारस सिंह, रजवंत व समय सिंह को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा है। वशिष्ठ सिंह, नेबुला देवी, तनु, प्रभावती का उपचार सीएचसी तुर्कहां में चल रहा है। जबकि पांच लोगों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

पुलिस के अनुसार महराजगंज जिले के मामखोर ऊर्फ बड़हरा गांव (थाना क्षेत्र घुघली) से ट्रैक्टर ट्राली से चैत्र रामनवमी वरणी मेले में शामिल होने के लिए करीब 25 श्रद्धालु भैसहा घाट जा रहे थे। जब वह सिसवां गोपाल रिगुलेटर के पास पहुंचे थे कि ट्राली का हुक टूट जाने के कारण अनियंत्रित होकर बड़ी गंडक नहर में पलट गई। जिसमें सवार 21 लोग बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हें कुशीनगर मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। 12 लोगों का मेडिकल कॉलेज कुशीनगर में चल रहा है। पांच लोगों को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घायल लोगों में किस्मती देवी (51), प्रभावती (50), निर्मला (45), बबली यादव (42), पारस (60), प्रीति शर्मा (10), समय सिंह (21), मनोरमा (55), प्रभावती (51), रजवंत (41), नेबुला देवी (53), संदीप निषाद (15), विश्वकर्मा राजभर (40), आरती (20), दिव्यांश (15), अंशा सिंह (21), वशिष्ठ सिंह (40), पुनीता सिंह (40) शामिल रहे। इस संबंध में खड्डा थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि भैसहा वरणी मेले में शामिल होने जा रहे श्रद्धालुओं की भरी ट्राली अनियंत्रित होकर बड़ी गंडक नहर में जा गिरी। इनमें कुछ लोगों ने कूद कर अपनी जान बचाई। मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही राहत व बचाव कार्य के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया। जिलाधिकारी कुशीनगर महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार ने अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना। डाक्टरों से घायलों की स्थिति की जानकारी ली तथा उचित उपचार के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

### नारायणी नदी के तट पर लगता है मेला

नारायणी नदी के तट पर स्थित भैसहां गांव में प्राचीन दुर्गा मंदिर के पास आयोजित होता है। इसमें पूर्वांचल के साथ-साथ बिहार और नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, मेला 30 मार्च से शुरू हुआ था और गुरुवार को स्नान के साथ समाप्त होना था इस बीच यह हादसा हो गया।

# भैसहा मेले में लगा 60 फुट का झूला टूटने से एक दर्जन से अधिक घायल

संवाददाता, कुशीनगर



मेले में टूटा पड़ा झूला। अमृत विचार

- गंभीर रूप से घायल छह लोगों को मेडिकल कॉलेज के लिए किया गया रेफर

**अमृत विचार:** कुशीनगर के खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा मेले में लगा झूला टूटकर जमीन पर गिरने से महिलाओं वह बच्चों समेत एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस हादसे के बाद मेले में खलबली मच गई।घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहा में भर्ती कराया गया। जहां छह घायलों की हालत गम्भीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया गया है। वहीं मौके पर पहुंचे विधायक विवेकानन्द पाण्डेय व एसडीएम रामवीर सिंह अस्पताल में भर्ती घायलों का हाल जाना।

पुलिस के अनुसार जिले के खड्डा क्षेत्र के ग्राम भैसहा में भव्य वरणी मेला लगा है। मेले में बडा झूला लगाया गया है। वुधवार की रात्रि 11 बजे मेले में आए लोग झूला झूल रहे थे।इसी दौरान पूरा झूला अचानक टूटकर जमीन पर गिर गया। जिसमें रोहित (8), गिरजा देवी (23) पत्नी ओमप्रकाश, सोनू यादव (25), विरजू गुप्ता (21), लालू गुप्ता (23) विष्णु साहनी(21), मीरा देवी (34), श्रृति (23), सोनिया (21), रम्भा देवी (25), रामकुवर (23), विष्णु(14), बैजू(23), सोनिया (32) गम्भीर रुप से घायल हो गयी। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड्डा में भर्ती कराया गया। जिसमें से सोनिया, विष्णु, रोहित, रामकुवर, बैजू, रम्भा की स्थिति गम्भीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में खड्डा थाना प्रभारी संदीप सिंह के अनुसार लोगों की झूले में ज्यादा संख्या में बैठने के कारण झूला टूटा है। झूले मालिक को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य कार्रवाई की जा रही है।

# मानदेय न मिलने से रोजगार सेवक बेहाल, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ में कार्यरत रोजगार सेवकों का बकाया मानदेय न मिलने से भुखमरी की कगार पर हैं, जिसको लेकर बुधवार को विकास खण्ड कार्यालय शोहरतगढ़. में तैनात विकास खण्ड अधिकारी चन्द्रभूषण त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री जी नाम से रोजगार सेवकों ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने बताया कि वे सभी रोजगार सेवक गण विकास खण्ड शोहरतगढ़ में मनरेगा योजना अन्तर्गत रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत हैं। शासनादेश के क्रम में सभी रोजगार सेवकों को प्रतिमाह 7788 + 2212 रूपया ईपीएफ के रूप में मिलता है, किन्तु विगत 06 माह से उन लोगों का मानदेय लम्बित है। जिसकी सूचना रोजगार सेवकों ने 23/03/2026 को ब्लाक मुख्यालाय को अवगत कराया गया था। उक्त सूचना के क्रम में विकास खण्ड शोहरतगढ़ के समस्त रोजगार सेवकों को मानदेय न मिलने के कारण सभी रोजगार सेवकों के परिवार का पालन-पोषण करना दुर्लभ हो गया है और वे सभी लोगों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। कहा कि जब तक हम सभी रोजगार सेवकों के मानदेय का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक हम लोग कलमबन्द हड़ताल एवं कार्य का बहिष्कार करेंगे।



ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक।

# निगरानी में लखनऊ भेजे गए आयुष और पारुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**किडनी कांड**

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई में किडनी ट्रांसप्लांट के संबंधित आईसीयू की सुविधा नहीं है, जिसकी वजह से किडनी डोनर आयुष और रिसीवर पारुल को गुरुवार की सुबह जीएसवीएसएस पीजीआई से लखनऊ के डॉ.राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। दो एंबुलेंस से किडनी डोनर और रिसीवर को भेजा गया है। इनके साथ मेडिसिन विभाग के दो डॉक्टर, एनेस्थिया के दो डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन और वार्ड ब्वाय की टीम भी निगरानी के लिए भेजी गई, ताकि रास्ते में दोनों लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो सके।

कल्याणपुर के केशवपुरम स्थित आहुजा हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट के बाद डोनर आयुष और रिसीवर पारुल तोमर को कल्यानपुर के प्रिया हॉस्पिटल और मेडलाइफ हॉस्पिटल में रखा गया था, जहां पर दोनों की स्थिति काफी गंभीर थी। पुलिस की ओर से मारे गए छापे और स्वास्थ्य विभाग की ओर से की गई जांच-पड़ताल के बाद आयुष और पारुल को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.हरिदत्त नेमी ने जीएसवीएसएस पीजीआई में भर्ती कराया था, जबकि यहां पर किडनी ट्रांसप्लांट से संबंधित आईसीयू व आदि की सुविधा नहीं है। बावजूद इसके जीएसवीएसएस पीजीआई के डॉक्टरों ने काफी मशक्कत की और कुछ दवाएं अपने पास से भी उपलब्ध कराई, जिसके बाद दोनों की स्थिति में सुधार आया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि दोनों की उच्च चिकित्सा के लिए बुधवार केजीएमयू और एसजीपीजीआई को पत्र लिखा गया था। जहां पर बेड खाली नहीं थे। इसके बाद डॉ.राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डायरेक्टर से वार्ता की, जिसके बाद गुरुवार सुबह दोनों मरीजों को दो एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया है। एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस में एनेस्थीसिया, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी और मेडिसिन के एक डॉक्टर की विशेष टीम भी साथ भेजी गई है। साथ ही नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन व वार्ड ब्वाय भी टीम में शामिल है, जो आपात स्थितियों में किडनी डोनर और रिसीवर के स्वास्थ्य का ख्याल रखेंगे।



एंबुलेंस में किडनी रिसीवर पारुल तोमर के साथ में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ। अमृत विचार

# जिले में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के सभी नगरों एवं उप नगरों में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव इस अवसर पर जहां एक तरफ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया वहीं जगह-जगह विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसके क्रम में

आदर्श नगर पंचायत बढ़नी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन कर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बता दें कि हनुमान जयन्ती देश के अधिकांश क्षेत्रों में चैत्र मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन भगवान हनुमान का जन्म हुआ था। इसी क्रम में नगर के वार्ड नम्बर 10 व 11 के युवाओं ने हनुमान जन्मोत्सव पर 51 किलो लडडू प्रसाद के रूप में वितरित किया। कार्यक्रम में जय श्री राम, जय हनुमान... के नारे लगाये गये। इस अवसर पर युवा नेता अखिलेश गुप्ता, पूर्व सभासद राजकुमार अग्रहरि, संजय जायसवाल, अंचल गुप्ता, विनोद जायसवाल, रजत, संजय वर्मा, सुब्बू, यश गुप्ता, महावीर, शिवम गुप्ता, वैभव गुप्ता, पप्पू कौशल, सत्यम कौशल, सन्तोष त्रिपाठी, रामनरेश वर्मा सहित सैकड़ों लोगों की सहभागिता रही।



हनुमान जन्मोत्सव में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### लुम्बिनी दर्शन के लिए इलेक्ट्रिक बस चलाने की मांग

**ककरहवा,सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** भारत से लुम्बिनी दर्शन के लिए जाने वाले पर्यटकों को आज भी यात्रा के दौरान भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर ककरहवा बॉर्डर से लुंबिनी तक सीधी और सुगम यातायात व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को कई बार वाहन बदलने पड़ते हैं, जिससे समय और पैसा दोनों अधिक खर्च होता है। हालांकि, लुंबिनी में हाल ही में प्रमुख बौद्ध स्थलो तक इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की गई है, जो लुंबिनी,निग्रोधाराम,तिलौराकोट तथा लुंबिनी,भैरहवा,बेलहिया रूट पर संचालित हो रही है। इसके बावजूद ककरहवा बॉर्डर को इस सेवा से न जोड़ने पर सवाल उठने लगे हैं। भारत से आने वाले अधिकांश बौद्ध अनुयायी ककरहवा बॉर्डर के रास्ते ही बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी पहुंचते हैं।

# महाप्रबंधक ने गिनाईं पूर्वोत्तर रेलवे की उपलब्धियां

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक, उदय बोरवणकर ने पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे की उपलब्धियां बतायीं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे ने अनेक उपलब्धियां अर्जित की है। पूर्वोत्तर रेलवे पर चल रही निर्माण परियोजनायें सहजनवा-दोहरीघाट (81.17 किमी)-रू. 1319 करोड़ की लागत से यह नई लाइन निर्माण परियोजना तीन चरणों में पूरी की जायेगी। प्रथम चरण में सहजनवा-बांसगॉव (32.95 किमी), दूसरे चरण में बांसगॉव-बडहलगंज (36.80 किमी) तथा तीसरे एवं अंतिम चरण में बडहलगंज - न्यू दोहरीघाट (11.42 किमी) का कार्य जिसमें घाघरा नदी पर नए रेल पुल का निर्माण कार्य सम्मिलित है, किया जायेगा। इस परियोजना के पूरा होने पर इंदारा से अयोध्या एवं लखनऊ जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जायेगा तथा रेल मार्ग से अछूता गोरखपुर का दक्षिणांचल क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ जायेगा। खलीलाबाद-बांसी-डुमरियागंज-श्रावस्ती-बहराइच (240 किमी) - रू. 4939.78 करोड़ की लागत से स्वीकृत यह नई रेल लाइन परियोजना उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर सहित तराई क्षेत्र के आकांक्षी जिलों सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में अवस्थित है। यह परियोजना तीन चरणों में पूरी की जायेगी। प्रथम चरण में खलीलाबाद-बांसी (54.40 किमी), द्वितीय चरण में बांसी-एकौना (119 किमी) तथा तृतीय चरण में एकौना-बहराइच (66.60 किमी) का कार्य पूर्ण किया जायेगा।

# छात्रों को अंकपत्र के साथ दीं उपाधियां

**बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।** उपनगर स्थित यूरो किड्स एवं यूरो पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी के अवसर पर मुख्यातिथि व नपं अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने नन्हे मुन्ने छात्रों को मार्कशीट, सर्टिफिकेट और पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर सभासद त्रियुगीनाथ अग्रहरि,उद्यमी विजय केडिया की विशिष्ट उपस्थिति रही।

स्थानीय यूरो पब्लिक स्कूल में सत्रावसान पर आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी का शुभारंभ नपं के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने किया। समारोह में उन्होंने गाउन व कैप लगाए उत्कृष्ट (टॉपर्स) छात्रों को सर्टिफिकेट, मार्कशीट और पुरस्कार प्रदान किया। सफल जीवन के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। विद्यालय के क्लास प्ले से 9 वीं तक के फर्स्ट क्लास उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं को उद्यमी विजय केडिया एवं सभासद त्रियुगीनाथ अग्रहरि ने अंकपत्र, प्रमाणपत्र तथा पुरस्कार प्रदान किया।इस अवसर पर रवि अग्रहरि (शिक्षक), रितव केडिया के अलावे यूरो किड्स के प्रधानाचार्य शोएब आलम, शिक्षक रिजवान अहमद, फरहीन खान, दिव्या, शालिनी, विभा, वर्षा तथा कैफ खान, अमीर खान आदि की उपस्थिति रही।




कार्यक्रम में सम्मानित किए गए बच्चे। अमृत विचार

### सब पढ़ेंगे, सब बढ़ेंगे के संकल्प को करें पूरा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नवीन शैक्षिक सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य पूरा करने के लिए शिक्षकों सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के हर जागरूक व्यक्ति को सतत् प्रयास करने की जरूरत है जिससे हम सब पढ़ें सब बढ़ें के संकल्प को मूर्त रूप प्रदान कर सकें। गुरुवार को पीएम श्री कंपोजिट स्कूल रेहरा में स्कूल चलो अभियान की जागरूकता रैली में शामिल होने के बाद बच्चों को निः शुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित कर नवीन सत्र का शुभारंभ किया। बीएसए शैलेश कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की बढ़ोत्तरी के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक गतिविधियों में भी उल्लेखनीय विकास हुआ है।

# सुमित कुमार ने संभाला मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार सुमित कुमार ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व, पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय में ही उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/एफ.एम. के पद पर कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि निवर्तमान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह को पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) बनाया गया है।



सुमित कुमार।

सुमित कुमार ने वर्ष 2007 में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से परास्नातक (एम.एस.सी.) की उपाधि प्राप्त की। तदोपरान्त आप वर्ष 2010 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा (आई.आर.टी.एस.) के अधिकारी के रूप में रेल सेवा में आयें। आपकी पहली नियुक्ति पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल में सहायक परिचालन प्रबन्धक के पद पर हुई। सुमित कुमार ने पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी एवं लखनऊ मंडल में मंडल परिचालन प्रबन्धक तथा मुख्यालय, गोरखपुर में उप मुख्य परिचालन प्रबन्धक/माल के पद के दायित्वों का भी कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। सुमित कुमार को साहित्य में गहन रूचि है।

### महाप्रबंधक ने पंकज कुमार को नई जिम्मेदारी के लिए दी शुभकामनाएं

**गोरखपुर अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने गुरुवार को महाप्रबन्धक बैठक कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के निवर्तमान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह को प्रबन्ध विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया एवं नये पद के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि पंकज कुमार सिंह का स्थानान्तरण लखनऊ मंडल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय, लखनऊ के पद पर हुआ है। महाप्रबन्धक ने कहा कि रेलवे में समय के साथ मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी की भूमिका में काफी बदलाव आया है और अब यह भूमिका काफी चुनौतीपूर्ण हो गई है। जनसम्पर्क के क्षेत्र कार्यरत व्यक्ति की स्किल डेवलपमेंट काफी तेज होता है और व्यावसायिकता को आत्मसात करना होता है। पंकज कुमार सिंह ने मुख्य जनसम्पर्कअधिकारी के रूप में कार्य करते हुए काफी अच्छा प्रदर्शन किया।



**आयोजन** | अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव-2026 में 'युद्ध के समय में बुद्ध की प्रासंगिकता' विषय पर हुई चर्चा

# बुद्ध के उपदेशों पर चलकर दुनिया में आ सकती है शांति

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय बुद्धिष्ठ कॉन्क्लेव-2026 के तृतीय दिवस पर महापरिनिर्वाण मुख्य मंदिर परिसर में "युद्ध के समय में बुद्ध की प्रासंगिकता" विषय पर एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस सत्र में देश-विदेश से आए विद्वानों, बौद्ध भिक्षुओं, शोधकर्ताओं एवं चिंतकों ने सहभागिता करते हुए वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भगवान बुद्ध के शांति, करुणा एवं अहिंसा के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए।

वक्ताओं ने कहा कि आज जब विश्व विभिन्न प्रकार के संघर्षों एवं युद्धों की परिस्थितियों से गुजर रहा है, ऐसे समय में भगवान बुद्ध का मध्यम मार्ग, सहिष्णुता तथा संवाद की भावना मानवता को नई दिशा प्रदान कर सकती है। परिचर्चा के दौरान इस बात पर विशेष बल दिया गया कि बुद्ध के उपदेश केवल आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता एवं वैश्विक शांति की स्थापना में भी अत्यंत उपयोगी हैं। युद्ध जैसी परिस्थितियों में संवाद, धैर्य एवं करुणा के मार्ग को अपनाकर स्थायी समाधान प्राप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं ने विषय के प्रति गहरी रुचि दिखाई तथा सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपने विचार साझा किए। यह सत्र कॉन्क्लेव के प्रमुख आकर्षणों में से एक रहा, जिसने वैश्विक शांति एवं सह-अस्तित्व के संदेश को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में सभी आगंतुकों, विद्वानों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कहा कि भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली होने के कारण कुशीनगर विश्व पटल पर विशेष महत्व रखता है तथा ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से जनपद की पहचान और अधिक सुदृढ़ होती है। यह कॉन्क्लेव न केवल बौद्ध धर्मावलंबियों को एक साझा मंच प्रदान करता है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन संवर्धन एवं निवेश के नए अवसर भी सृजित करता है।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बौध भिक्षु एवं अतिथिगण। अमृत विचार

# एसिड अटैक के आरोपी पिता-पुत्र सहित तीन की जमानत खारिज

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बखिरा थाना क्षेत्र मोहल्ला पठान टोला में विगत दिनों हुए एसिड हमले के मामले में गुरुवार को सत्र न्यायालय ने तीनों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने मामले को गंभीर और जघन्य मानते हुए यह निर्णय सुनाया। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) विशाल श्रीवास्तव के अनुसार, पीड़िता आसमा खातून निवासी मोहल्ला पठान टोला, बखिरा ने थाने में तहरीर दी थी कि 15 मार्च की रात करीब 8:30 बजे उनके परिवार और गुलाम हुसैन के परिवार के बीच मुर्गी द्वारा दरवाजे पर गंदगी करने को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि इसी दौरान गुलाम हुसैन पुत्र अब्दुल मजीद, मनसूर पुत्र गुलाम हुसैन और मसकूर पुत्र गुलाम हुसैन ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और एसिड फेंक दिया। हमले में आसमा की मां अमीरुन्निशा गंभीर रूप से झुलस गईं। उनका पहले मेंहदावल के सरकारी अस्पताल में इलाज हुआ, बाद में जिला अस्पताल खलीलाबाद और फिर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना में आसमा खातून के साथ उनके भाई फिरोज और अफरोज भी झुलस गए। बखिरा पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। सत्र न्यायालय में आरोपियों की ओर से दाखिल जमानत अर्जी का जिला शासकीय अधिवक्ता ने कड़ा विरोध किया।

### हत्या के प्रसास का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के भैसासेहरी में भूमि संबंधी विवाद में दंपति और बेटी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों पर पुलिस ने विवेचना से हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई। वहीं, पुलिस ने गुरुवार को एक आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। जबकि, अन्य की तलाश में जुटी हुई है। पीड़ित रामप्रताप का आरोप है कि 23 मार्च को भूमि विवाद को लेकर गांव के रामशब्द, रामबहादुर, अनिल, गोविंद, अनुराग उसके दरवाजे पर चढ़ आए। आरोप कि लोग उसकी पत्नी उषा देवी और बेटी ज्योति को गाली गलौज देते हुए घर में घुसकर सरिया और डंडे से मारापीटा। जिससे उसकी बेटी ज्योति का सिर फट गया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नगालैंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष थेरी ने आरोप लगाकर पार्टी छोड़ी

**कोहिमा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के थेरी ने बृहस्पतिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) पर विश्वासघात और पार्टी की नगालैंड इकाई के मामलों में असंवैधानिक हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। नगालैंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एनपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष और राज्य सरकार में मंत्री रहे थेरी ने प्रदेश प्रभारी और सांसद सप्तगिरि शंकर उलका के माध्यम से एआईसीसी अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया। थेरी ने कहा कि उन्होंने यह कदम एआईसीसी के कांग्रेस और एनपीसीसी के बीच हुए 10 सूत्री कार्यप्रणाली समझौते से पीछे हटने के कारण उठाया है।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी कोर्ट में 82 आरोपियों की पेशी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में गुरुवार को ईडी की विशेष अदालत में अहम सुनवाई हुई। इस दौरान पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल सहित कुल 82 आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। इनमें 59 नए आरोपी शामिल हैं, जिनमें 28 आबकारी विभाग के अधिकारी भी बताए जा रहे हैं। कोर्ट ने सभी आरोपियों के बयान दर्ज किए। अधिवक्ता फैजल रिजवी के अनुसार, इस प्रकरण में ईडी पहले ही आरोप पत्र प्रस्तुत कर चुकी थी।

# संयुक्त राष्ट्र ने जताई आशंका, भारत में हाशिये पर चले जाएंगे ट्रांसजेंडर लोग

## ट्रांसजेंडर विधेयक पर कहा- लंबे संघर्ष के बाद हासिल अधिकारों को पहुंचेगा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026 के पारित होने पर बृहस्पतिवार को चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे ट्रांसजेंडर समुदाय को लंबे संघर्ष के बाद हासिल अधिकारों के कमजोर होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने इस मामले में हितधारकों के साथ पर्याप्त परामर्श किए बिना विधेयक को जल्दबाजी में पारित किए जाने पर निराशा भी जताई है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, संशोधनों से ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को कड़े संघर्ष के बाद हासिल अधिकारों को नुकसान पहुंचने का खतरा है, क्योंकि ये स्व परिकल्पित लैंगिक पहचान को अनिवार्य चिकित्सा सत्यापन प्रक्रियाओं से बदल देंगे। संगठन ने कहा, भारत ट्रांसजेंडर और विभिन्न यौन अभिविन्यास वाले लोगों के अधिकारों को मान्यता देने के मामले में अग्रणी रहा है। इस विधेयक का निजता के अधिकार पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और इससे ट्रांसजेंडर लोगों के हाशिये पर चले जाने का खतरा है। देश में विपक्षी सांसदों ने भी इस विधेयक की आलोचना की है। उनका कहना था कि इसमें समलैंगिक पुरुषों और समलैंगिक महिलाओं को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। हालांकि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शारीरिक क्षति पहुंचाने पर क्रमिक दंड का प्रावधान करने वाले ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026 को 30 मार्च को मंजूरी दे दी थी।

विधेयक में यह निर्धारित करने के लिए एक प्राधिकरण के गठन का प्रावधान किया गया है कि कोई व्यक्ति ट्रांसजेंडर है या नहीं। इस प्रावधान को लेकर भी विपक्ष ने आपत्ति जताई है। कानून मंत्रालय की 30 मार्च की अधिसूचना के मुताबिक, संशोधित कानून केंद्र सरकार की ओर से राजपत्र में अधिसूचना जारी कर निर्धारित की गई तिथि से लागू होगा। संसद के दोनों सदनों में हुई बहस के दौरान सरकार ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की सुरक्षा करना है, जबकि विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह प्रस्तावित कानून आत्म-पहचान के अधिकार को सीमित करता है।

### स्व परिकल्पित लैंगिक पहचान विधेयक के दायरे से बाहर

विधेयक में ट्रांसजेंडर शब्द की स्पष्ट परिभाषा देने और विभिन्न यौन अभिविन्यास तथा स्वपरिकल्पित लैंगिक पहचान को इसके दायरे से बाहर रखने का प्रस्ताव है। विधेयक में कहा गया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति में विभिन्न यौन अभिविन्यास और स्व परिकल्पित लैंगिक पहचान वाले व्यक्तियों को न तो शामिल किया जाएगा और न ही कभी शामिल किया गया है। कहा गया है कि अधिनियम का उद्देश्य ट्रांसजेंडर के रूप में पहचाने जाने वाले एक विशेष वर्ग के लोगों की सुरक्षा करना है, जो गंभीर सामाजिक भेदभाव का सामना करते हैं।

### सीएपीएफ विधेयक को मिली संसद की मंजूरी, विपक्ष के संशोधन खारिज

- केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने कहा- यह बिल अस्पष्टता को दूर करेगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) सामान्य प्रशासन विधेयक 2026 को बृहस्पतिवार को लोकसभा में भी पारित कर दिया गया और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक के संबंध में विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए लोकसभा में कहा कि यह सीएपीएफ के किसी भी वर्ग के अहित में नहीं है और यह बलों को अधिक सशक्त बनाने में सहायक होगा।

राज्यसभा ने बुधवार को विधेयक को मंजूरी प्रदान की थी। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। मंत्री ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक सीएपीएफ के अधिकारियों की सेवा शर्तों में उत्पन्न प्रशासनिक अस्पष्टता तथा कैडर प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे इन बलों की कार्यकुशलता और मनोबल दोनों को सुदृढ़ किया जाएगा। विपक्ष ने इसमें राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास किया है।

इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने बिना गृह मंत्री के चर्चा शुरू होने पर आपत्ति जताई लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उसे खारिज कर दिया। तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा ने एक संशोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विधेयक को 15 सदस्यीय प्रवर समिति को भेजा जाए। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों ने इसे गहन विचार-विमर्श के लिए जेपीसी या प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की थी।

# खरात ने अलग-अलग नामों से खुलवाए थे 130 बैंक खाते

- इन खातों में हुआ था 62.74 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन, रूपाली चाकणकर की बहन के नाम भी था एक खाता

**मुंबई, एजेंसी**



बलात्कार के कई मामलों में आरोपी स्वयंभू बाबा अशोक खरात ने महाराष्ट्र में अलग-अलग नामों से दो सहकारी क्रेडिट सोसाइटी में 130 से अधिक खाते खुलवाए और पिछले कुछ साल में 62.74 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन किए। एक खाता महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रुपाली चाकणकर की बहन के नाम पर भी खोला गया था।

चाकणकर ने खरात से संबंधों की बात सामने आने के बाद पिछले महीने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। खरात को नासिक में बलात्कार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, खरात के लेनदेन से संबंधित जानकारी अहिल्यानगर जिले में खरात, उसकी पत्नी कल्पना और तीन अन्य के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी मामले की जांच के दौरान सामने आई। मामला खरात दंपती की ओर से शिरडी में चार एकड़ जमीन हड़पने की कोशिश से जुड़ा है, जिसके मालिक को उन्होंने 5.52 करोड़ रुपये का कर्ज दिया था।

अहिल्यानगर के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घोष ने बताया कि शिरडी पुलिस ने मामले में दो दलालों को गिरफ्तार किया है और कल्पना व एक अन्य व्यक्ति की तलाश कर रही है। कल्पना को विदेश जाने से रोकने के लिए पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि खरात ने अहिल्यानगर जिले में दो सहकारी क्रेडिट सोसाइटी में अलग-अलग लोगों के नाम पर 130 से अधिक खाते खुलवाए थे।

पुलिस के अनुसार इन खातों से पिछले कुछ वर्षों में भारी लेन-देन हुआ और एक सोसाइटी में 60 करोड़ रुपये से अधिक और दूसरी में 2.74 करोड़ रुपये से अधिक के लेन-देन की जानकारी मिली।

### संसद में अभी जारी रहेगा बजट सत्र, 16 को होगी बैठक, महिला आरक्षण विधेयक लागू करने का संकल्प ला सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन गुरुवार को दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने की बजाय 16 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की गई। सरकार की ओर से मिले संकेतों के अनुसार बजट सत्र में दूसरे लंबे अवकाश के बाद महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने का संकल्प लाया जा सकता है। सदन में की गई घोषणा के हिसाब से 16 अप्रैल को होने वाली बैठक बजट सत्र का ही हिस्सा मानी जाएगी। इस तरह इस बार बजट सत्र में दो लंबे अवकाश हो गए हैं। पहले घोषित कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र का गुरुवार को अखिरी दिन माना जा रहा था।

# हनीट्रैप की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कथित हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग से जुड़े एक मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मेरठ जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए चिंतनीय तथा खतरनाक स्थिति को दर्शाती हैं। महिलाओं का इस्तेमाल करके निर्दोष लोगों को हनी-ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले ऐसे गिरोह की मौजूदगी समाज में एक "हानिकारक स्थिति" को उजागर करती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जेजे मुनीर व न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने फौजिया एवं चार अन्य द्वारा दाखिल याचिका को वापस लेने की शर्त पर खारिज कर दिया।

मामले के अनुसार याची/महिला ने व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क कर कथित रूप से पीड़ित को हनीट्रैप में फंसाया। होटल में संबंध बनाकर उसके वीडियो क्लिप गुप्त रूप से रिकॉर्ड किए और बाद में ब्लैकमेल कर लाखों रुपये की मांग की। पीड़ित पर 10 लाख रुपये की मांग का दबाव बनाया गया, जिसे आठ लाख रुपये में निपटाने की बात कही गई। पीड़ित को एक स्थान पर बुलाया गया जहां पहले से दो पुलिसकर्मी मौजूद थे, जिनकी मुख्य आरोपी के साथ मिलीभगत थी। हालांकि पीड़ित ने पैसे नहीं दिए और पुलिस को खबर कर दी। कोर्ट ने उपरोक्त स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यदि इस प्रकार के अपराधों पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो सभ्य समाज में सुरक्षित जीवन कठिन हो जाएगा।

### व्यक्ति को लंबे समय से हिरासत में रखे जाने पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण-पोषण राशि का भुगतान न कर पाने के कारण परिवार न्यायालय, मथुरा द्वारा एक व्यक्ति को लंबे समय से हिरासत में रखे जाने पर गंभीर चिंता जताते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। उपरोक्त आदेश न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकलपीठ ने प्रेम सिंह द्वारा दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें सीआरपीसी की धारा 125(3) के तहत मथुरा परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा 9 जनवरी, 2026 को पारित आदेश को चुनौती दी गई है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची 23 मई, 2025 से लगातार जेल में बंद है। किसी व्यक्ति को रिहा किए बिना लगातार नए आदेश पारित कर उसकी हिरासत बढ़ाना कानूनसम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125(3) के तहत बकाया भरण-पोषण की वसूली हेतु वारंट के निष्पादन के बाद अधिकतम एक माह की कारावास ही दी जा सकती है।

# पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए जल्द मंजूरी दें राज्य

- केंद्र ने समयसीमा के साथ तीन सप्ताह की कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यों और शहरी स्थानीय निकायों से कहा है कि वे शहरों में पाइप वाली रसोई गैस (पीएनजी) के विस्तार को जल्द से जल्द मंजूरी दें और इसे समय पर पूरा करें।

सभी जिलों और स्थानीय निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे वार्ड-वार लक्ष्यों और स्पष्ट समयसीमा के साथ तीन सप्ताह की एक कार्य योजना तैयार करें। यह निर्देश केंद्रीय आवास और शहरी मामलों (एचयूए) के सचिव श्रीनिवास कतिकीथला और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस सचिव नीरज मित्तल की अध्यक्षता में हुई एक संयुक्त समीक्षा बैठक के दौरान जारी किए गए। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, राज्यों और स्थानीय निकायों से पाइपलाइन बिछाने के काम के लिए जल्द से जल्द मंजूरी देने को कहा गया है।

अधिकारियों ने उन क्षेत्रों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया जहां पाइपलाइन का ढांचा पहले से उपलब्ध है और जहां बहुमंजिला आवासीय सोसायटी हैं, ताकि लगभग 30 लाख लंबित घरेलू कनेक्शन को जल्द से जल्द चालू किया जा सके। प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्यों से जिला और शहर स्तर पर विशेष निगरानी टीम बनाने को भी कहा गया है।

### जग्गी हत्याकांड: अमित जोगी को तीन सप्ताह में आत्मसमर्पण का आदेश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे और पूर्व विधायक अमित जोगी को 2003 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रामावतार जग्गी की हत्या के मामले में दोषी ठहराया और उन्हें तीन सप्ताह के भीतर अदालत के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद हाईकोर्ट ने पिछले महीने इस मामले में फिर सुनवाई शुरू की थी। सीबीआई के अधिवक्ता वैभव ए गोवर्धन ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने बृहस्पतिवार को अमित जोगी को बरी किए जाने के फैसले को रद्द करते हुए उन्हें दोषी ठहराया और अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश जारी किया।

### मुख्यमंत्री उमर ने गांदरबल मुठभेड़ पर सवाल उठाए

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के गांदरबल में सेना के साथ मुठभेड़ में 29 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत ने कई हलकों में चिंता पैदा कर दी है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी इसका समर्थन किया है।

श्रीनगर के अरहामा गांव में रात भर चले अभियान के दौरान सेना ने एक आतंकवादी को मार गिराने का दावा किया था। अब्दुल्ला ने एक्स पर कहा, मेरा मानना है कि परिवार के दावे को सिरे से खारिज नहीं किया जाना चाहिए। इस घटना की पारदर्शी जांच होनी चाहिए। लोकसभा सदस्य आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी ने कहा, मुठभेड़ में मारे गए राशिद अहमद मुगल के परिवार का कहना है कि वह निर्दोष था और उसका आतंकवाद से कोई संबंध नहीं था। उसके कपड़े भी बदले गए थे। सेना उसकी पहचान उजागर करने से इन्कार कर रही है।

# एससी-एसटी युवाओं पर 2018 में दर्ज केस वापस ले सरकार: राहुल

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, सहानुभूति दिखाने को कहा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वर्ष 2018 में अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शनों को लेकर युवाओं के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएं या रद्द किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार को सहानुभूति दिखाते हुए दलित युवाओं को कानूनी कार्यवाही के बोझ से मुक्त करना चाहिए।

राहुल गांधी ने पत्र में कहा, मैं एससी और एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर करने के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के दौरान दो अप्रैल 2018 को दलित और आदिवासी युवाओं के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने का अनुरोध करने के लिए लिख रहा हूं। उस दिन प्रदर्शन के दौरान 14 दलित युवकों की दुखद मृत्यु हो गई। राहुल ने कहा, विरोध प्रदर्शन उस न्यायिक फैसले के कारण शुरू हुए, जिसने एससी-एसटी अधिनियम को कमजोर कर दिया था। यह एक ऐसा कानून है जिसने लाखों दलितों और आदिवासियों को व्यवस्थागत भेदभाव और हिंसा के खिलाफ न्याय और सुरक्षा पाने का अधिकार दिया है।

### अमेरिकी संस्थानों में भारतीय छात्रों की संख्या 6.9% घटी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि अमेरिका में प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 35 लाख से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं और उनकी संख्या में पिछले एक साल की तुलना में करीब 6.9 प्रतिशत की गिरावट आई है।

विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के छात्र और विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली मैपिंग टूल की ओर से जारी कुछ आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 में अमेरिका में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में अध्ययनरत भारतीय छात्रों की कुल संख्या 3,78,787 छात्र थी जो फरवरी 2026 में घटकर 3,52,644 छात्र हो गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल में यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके हैं लोग : मोदी

## प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन किया संवाद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नयी सरकार, बल्कि एक नयी व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है।

तिरुवनंतपुरम ने एक नयी मिसाल कायम की है। अब तक वाम दलों और कांग्रेस दोनों का मानना था कि कुशासन या कुप्रबंधन की परवाह किए बिना वे बारी-बारी से सत्ता में आ सकते हैं। हालांकि, तिरुवनंतपुरम ने इस धारणा को चकनाचूर कर दिया है। मोदी ने कहा कि नतीजतन, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अब एक-दूसरे पर हमले करने के बजाय भाजपा को निशाना बना रहे हैं... लोग यूडीएफ और एलडीएफ द्वारा की जा रही लूट से तंग आ चुके हैं। संवाद में प्रधानमंत्री ने मौके पर खरा उतरने के महत्व को रेखांकित किया और इस बाबत केरल के क्रिकेट खिलाड़ी संजू सैमसन का उदाहरण दिया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने यूडीएफ के उम्मीदवार का चुनाव प्रचार रोका

- यौन उत्पीड़न के मामले में की गई टिप्पणी का विरोध

**पलक्कड़, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बुधवार रात पलक्कड़ चुनाव क्षेत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार रमेश पिशारडी के चुनाव प्रचार को रोक दिया, जिससे चुनाव के इस अहम समय में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश महासचिव और राजग उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन पिशारडी की उन टिप्पणियों के खिलाफ था, जो उन्होंने हाल ही में यौन उत्पीड़न के एक मामले में फिल्म निर्देशक रंजीत की गिरफ्तारी को लेकर की थीं। उन्होंने पिशारडी पर इस गंभीर मुद्दे को हल्का बनाने का आरोप लगाया। पिशारडी ने घेराव की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में उम्मीदवारों को सभी क्षेत्रों में वोट मांगने का अधिकार है। तनाव को देखते हुए बाद में यूडीएफ की टीम वहां से हट गयी। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए राजग, यूडीएफ और एलडीएफ के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।



असम के कालियाबोर में जनसभा में स्थानीय प्रत्याशियों के साथ गृहमंत्री अमित शाह।

# कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा, राजग ने बचाया : शाह

**कालियाबोर (असम), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के शासन के दौरान असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडों को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह राजग सरकार थी जिसने अतिक्रमणकारियों को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए। कहा कि कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह असम से राज्यसभा सदस्य थे, लेकिन न तो उस समय की केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ किया।

### न्यायिक अधिकारियों पर हमला निंदनीय, भाजपा रच रही साजिश : ममता

**सुति/सागरदिघी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में गुरुवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंततः विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से भाजपा के दंगों के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं।

# सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाने के नोटिस पर चुप्पी क्यों: टीएमसी



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ''ब्रायन ने संसद में विपक्षी नेताओं की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के प्रस्ताव की मांग वाले नोटिस पर चुप्पी पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाया और भाजपा पर निर्वाचन आयोग के साथ सांठगांठ का आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

इस नोटिस में लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 विपक्षी सांसदों ने ज्ञानेश कुमार पर कार्यपालिका के इशारे पर काम करने और एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया है। नोटिस में ज्ञानेश कुमार की सीईसी के रूप में नियुक्ति पर भी सवाल उठाए गए हैं। नोटिस 12 मार्च को संसद के दोनों सदनों में सौंपा गया था, लेकिन उस पर सचिवालयों से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ओ''ब्रायन ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए 193 सांसदों द्वारा दिए गए नोटिस को नजरअंदाज किया गया। अब ये चुनावी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

# हिमंत सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री, मोदी-शाह के साथ चला रहे लैंड एटीएम : राहुल



- कहा- आम लोगों से छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही जमीन

**बोकाजान/टीटाबार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताते हुए आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में लैंड एटीएम चला रहे हैं और आम लोगों से जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दे रहे हैं।

कार्बी आंगलोंग और जोरहाट जिलों में लगातार चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी, शाह और शर्मा ने असम को एक लैंड एटीएम बना दिया है। वे लोगों से जमीन छीनते हैं और बड़े उद्योगपतियों को दे देते हैं। गायक जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे असम की भावना का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने सरकार बनने पर 100 दिन के अंदर उनकी मौत के संबंध में न्याय का आश्वासन दिया। राहुल ने कहा, हिमंत विश्व शर्मा का परिवार भी भ्रष्टाचार के मामले में पहले नंबर पर है। कांग्रेस सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। अभी वह चाहे जितनी डींगें मार लें, उसके बाद वह पूरी तरह चुप हो जाएंगे।

### घोषणापत्र... छह समुदायों को एसटी दर्जे का वादा

**बोकाजन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें छह मूल निवासी समुदायों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जा देने का वादा किया गया है। साथ ही शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों को प्राथमिकता में रखा है। यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें भ्रष्टाचाररोधी आयोग बनाने, कॉरपोरेट घरानों को आवंटित बड़े भूखंडों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने और सभी पुलिसकर्मियों को अनिवार्य साप्ताहिक अवकाश देने का भी वादा किया गया है। घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है।



कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। - ओशो, दार्शनिक



## ट्रंप के दावों का अर्थ

डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि तीन सप्ताह के भीतर युद्ध खत्म हो सकता है, जितना आकर्षक लगता है, उतना ही जटिल और संदिग्ध भी है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में युद्ध केवल एक देश की इच्छा से समाप्त नहीं होते, बल्कि अनेक पक्षों, हितों और वास्तविकताओं के संतुलन से नियंत्रित होते हैं। ट्रंप अमेरिका के लिए युद्ध समाप्ति की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन वे न तो इजराइल और न ही ईरान को युद्ध विराम के लिए बाध्य कर सकते हैं। इजराइल और ईरान दोनों अपने-अपने रणनीतिक हितों के अनुसार निर्णय लेते हैं। ऐसे में तीन सप्ताह में संपूर्ण युद्ध समाप्त होने का दावा व्यावहारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक शिगूफा है। ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका अपने "लक्ष्य हासिल कर चुका है", कई सवाल खड़े करता है। यदि लक्ष्य केवल ईरान की सैन्य क्षमताओं को सीमित करना था, तो सीमित अर्थों में यह दावा स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन यदि लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन था, तो यह दावा वास्तविकता से दूर है। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था अभी भी कायम है और वहां किसी स्पष्ट सत्ता परिवर्तन के संकेत नहीं हैं। इसी प्रकार, ट्रंप का यह दावा कि ईरान युद्ध विराम चाहता है, तब और कमजोर पड़ जाता है, जब स्वयं ईरान इस बात से इनकार करता है।

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में इस तरह के विरोधाभासी बयान अक्सर "नेरेटिव निर्माण" का हिस्सा होते हैं, जिनका उद्देश्य घरेलू और वैश्विक जनमत को प्रभावित करना होता है। ट्रंप के युद्ध समाप्ति के प्रति उत्साह के पीछे घरेलू राजनीतिक दबावों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका में बढ़ती महंगाई, रक्षा खर्च का बोझ और आगामी चुनावी चुनौतियां, उन्हें एक "निर्णायक नेता" की छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करती हैं। इतिहास गवाह है कि ट्रंप कई बार बड़े दावे करते रहे हैं और बाद में उनसे पीछे भी हटते रहे हैं। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा भी है और कभी-कभी परिस्थितिजन्य मजबूरी भी। ट्रंप का यह कहना कि "होर्मुज जलडमरूमध्य से मेरा लेना-देना नहीं" वस्तुतः आंशिक सत्य है। अमेरिका पर इसका प्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने पर पूरी दुनिया प्रभावित होती है। चूंकि यह संकट उसी संघर्ष से जुड़ा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका रही है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का यह अपेक्षा करना स्वाभाविक है कि अमेरिका समाधान में सक्रिय भूमिका निभाए।

ट्रंप का तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने का दावा सुनिश्चित कूटनीतिक वास्तविकता नहीं होने से ऐसा संभव नहीं दिखता, पर मान लिया जाए कि तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त हो जाता है, तो इसका भारत और विश्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तेल की कीमतों में स्थिरता आएगी, आपूर्ति श्रृंखला सुधरेगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता कम होगी। भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए यह राहत अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। परंतु भारत को ट्रंप के बयानों को सतर्कता और यथार्थवाद के साथ लेना चाहिए। कूटनीति में घोषणाओं से अधिक महत्व परिस्थितियों और ठोस कदमों का होता है। भारत की नीति स्पष्ट होनी चाहिए- भावनाएं पीछे, पहले रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और अपने नागरिकों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के विवेक सम्मत निर्णय।

### प्रसंगवश

## दहेज नहीं लिया या बस नाम बदल दिया

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है, लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है। हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है। आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है-"हमने दहेज नहीं लिया।" यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं, लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।

थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार-सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है-लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज नहीं लिया। शेष सब कुछ "रिवाज", "भात", "शगुन" या "उपहार" के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है। यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं, असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं।



डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

दहेज प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर मांगा जाता था- नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं, लेकिन क्या दहेज वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे मांगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। "भात", "तिलक", "सगाई के उपहार" और "विदाई के तोहफे" नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है। "भात" जैसी परंपराएं, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए, इन्हीं पैमानों पर अब "इज्जत" का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है। दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है।

वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएं सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि "हमने दहेज नहीं लिया", बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें, जहां किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## वैश्विक खाद्य संकट की ओर बढ़ता खाड़ी युद्ध






अविनाश झा

डीएफएमओ, चित्रकूट

कोई भी युद्ध हमेशा विनाशक ही होता है। इंसान हमेशा से अपने वर्चस्व, सत्ता की ताकत और अहंकार के लिए खुद को युद्ध में झोंकता रहता है, लेकिन इसका परिणाम सिर्फ युद्ध में लड़ रहे दोनों पक्षों पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज, देश और विश्व पर पड़ता है। एक माह से अधिक समय से चल रहे ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध की दशा और दिशा तय नहीं हो पा रही है और उसके परिणामों की आग में न सिर्फ ईरान और इजरायल, बल्कि लगभग आधी दुनिया जलने के कगार पर है और यदि ऐसा ही चलता रहा, तो पूरा विश्व एक ऐसे संकट में फंसने जा रहा है, जिस ओर अभी किसी का संभवतः ध्यान नहीं जा रहा है। तेल, गैस, उर्जा संकट से गुजर रहे विश्व पर निकट भविष्य में खाद्य संकट का पहाड़ टूटने वाला है।

मैरीटाइम इंटेलिजेंस कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्यापार होने वाली प्रमुख उर्वरकों-अमोनिया, फॉस्फेट और सल्फर का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के अनुसार यूरिया, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली नाइट्रोजन खाद है, का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, उर्वरकों की कीमतें 10 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार हर महीने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते लगभग 13.3 लाख टन उर्वरक का निर्यात किया जाता है।

यहां हम जानते हैं कि उर्वरकों का सीधा संबंध खाद्यान उत्पादन से है। उर्वरकों की कमी से मक्का, गेहूं और चावल जैसी फसलों का उत्पादन गिरने की संभावना है। भारत के दृष्टिकोण से देखें, तो हम लगभग दो-तिहाई नाइट्रोजन यानी यूरिया के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। भारतीय यूरिया उत्पादकों को अपनी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का 60-70 प्रतिशत ही प्राप्त हो रहा है। भारत ओमान, सऊदी अरब और कतर से यूरिया का भी आयात करता है, जो वर्तमान युद्ध से प्रभावित हैं। उर्वरक की कमी आने वाले मानसून में खरीफ की बुवाई पर असर डाल सकती है, जिससे चावल, गेहूं और अन्य मुख्य अनाजों की खेती की लागत बहुत बढ़ जाएगी तथा उत्पादन भी कम हो जाएगा।

वित्त वर्ष 2025 में भारत ने 22 लाख टन सल्फर का आयात किया, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों से आया है। सल्फर, कच्चे तेल के शोधन का एक मूल्यवान उत्पाद है, जिसका उपयोग डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बनाने में किया जाता है, जो एक अन्य महत्वपूर्ण उर्वरक है। वित्त वर्ष 2025 में डीएपी आयात का 42 प्रतिशत से सऊदी अरब से आया था। 10 मार्च 2026 को भारत का यूरिया भंडार 62 लाख टन था। खरीफ फसल सीजन (जून-सितंबर) के लिए इसकी आवश्यकता लगभग 18-19 लाख टन है। गैस की कमी और आयात को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है, ऐसे में आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट नहीं है। हम सब जानते हैं कि भारतीय किसान यूरिया का अत्यधिक उपयोग करते हैं, क्योंकि अन्य उर्वरकों की तुलना में इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। युद्ध की प्रारंभ से ही, वैश्विक यूरिया की कीमतें लगभग 48 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सोयाबीन तेल की कीमत 1100 डॉलर प्रति टन को पार कर गई है। कच्चे पाम तेल में भी लगभग 1.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो जून 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। काला सागर बंदरगाहों से आने वाला सूरजमुखी का तेल भी तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और इसका मूल्य 1,355 डॉलर प्रति टन है। वस्तुतः भारत पाम तेल और सोयाबीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर है और यह उन्हीं जहाजों से आता हैं, जिनमें जीवाश्म ईंधन आता है।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं।

भारत ही नहीं, बल्कि ब्राजील जो प्रमुख कृषि उत्पाद निर्यातक है, अपनी आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत नाइट्रोजन (यूरिया) खाड़ी देशों से मंगाया है। युद्ध से उपजे संकट का असर वहां सोयाबीन और मक्के के उत्पादन पर पड़ेगा। अफ्रीकी देशों के लिए तो यह ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि उर्वरक की कीमतों में थोड़ी सी भी वृद्धि छोटे किसानों पर गहरा असर डालेगी, जिससे फसलों का उत्पादन गिर जाएगा और वहां पहले से विद्यमान भुखमरी की समस्या और भी गहरी हो जाएगी। स्वयं खाड़ी देश भी अपनी आवश्यकता का 80 से 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ आयात करते हैं, जिनमें अनाज और मांस से लेकर डेयरी उत्पाद और खाद्य तेल तक शामिल हैं। वे सभी आवागमन के लिए पूरी तरह होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। अगर यह स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है, तो उनके सुरक्षित भंडार भी जल्द ही खत्म हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें राशनिंग लागू करने या लाल सागर और ओमान की खाड़ी के जरिए बहुत महंगे वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करना होगा।

लंबे युद्ध का असर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बोआई के मौसम पर बहुत बुरा पड़ सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में खाद्य संकट पैदा हो जाएगा। संभवतः इसीलिए राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्ध का जल्द अंत चाहते हैं। कम उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के संयोजन से किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने हेतु मजबूर होना पड़ेगा और इसका असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा। बहस का मुद्दा यह नहीं है कि मध्य-पूर्व सहित पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में किसने और क्यों झोंका? मुद्दा यह है कि इस युद्ध से उपजे उर्जा और खाद्य संकट ने पूरे वैश्विक मानव को अपनी चपेट में ले लिया है और यदि यह इसी तरह चलता रहा तो तेल, गैस खाद्यान्न एवं पानी के लिए इंसान को तरसा देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है, जबकि इसकी तुलना में केरल एक विकसित राज्य है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में बिहार को केरल से सीखने की आवश्यकता है। एलडीएफ एक बार फिर केरल की सत्ता में वापसी करेगी।

–तेजस्वी यादव

कार्यकारी अध्यक्ष, आरजेडी

केरल की धरती पर खड़े होकर बिहार का अपमान करना शर्मनाक है। बिहार को गरीब बताने से पहले, तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। तेजस्वी यादव यह बताएं कि उनके माता–पिता लालू यादव और राबड़ी देवी ने अपने शासनकाल के दौरान बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरियां कैसे भरी थीं।

–उमेश कुशवाहा

प्रदेश अध्यक्ष, जेडीयू



## पश्चिम एशिया में तनाव और भारतीय शेयर बाजार



धनीश शर्मा

लेखक

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के बाद से क्षेत्र में पैदा हुई अस्थिरता ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिसका सीधा असर बाजार की दिशा पर पड़ा है। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह अपने उच्चतम स्तर से फिसलकर नीचे आ गया, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव खासतौर पर इजरायल, ईरान और अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर दी है। भले ही इसे पूर्ण युद्ध नहीं कहा जा सकता, लेकिन हालात इतने संवेदनशील हैं कि निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में उतार-चढ़ाव और गिरावट का माहौल बना हुआ है। इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है। नतीजतन, तेल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिसका असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ता है। इससे महंगाई का दबाव बढ़ता है और कंपनियों की लागत में इजाफा होता है, जो अंततः शेयर बाजार को प्रभावित करता है।

इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है।

इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने बाजार की गिरावट को और तेज कर दिया है। हाल ही में जारी केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से भारी धनराशि निकाली। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह निकासी करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये रही, जिसे असाधारण और रिकॉर्ड स्तर की बिकवाली माना जा रहा है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020 के बाद यह पहला अवसर माना जा रहा है, जब विदेशी निवेशकों ने इतनी बड़ी मात्रा में शुद्ध निकासी की है। इस बड़े पैमाने पर हुए पूंजी बहिर्वाह ने बाजार में गिरावट के दबाव को और बढ़ा दिया तथा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

विदेशी निवेशकों की यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के बीच सामान्य मानी जाती है। जब भी दुनिया में किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट का सामना होता है, निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे सोना या अमेरिकी बॉन्ड की ओर रुख करते हैं। भारत भी इस वैश्विक प्रवृत्ति से अछूता नहीं रह पाया है।

वहीं दूसरी ओर, रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहा युद्ध भी वैश्विक आर्थिक माहौल पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इसका भारतीय शेयर बाजार पर असर अब तक अपेक्षाकृत कम देखने को मिला है, लेकिन यह वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों के जोखिम के आकलन में एक कारक के रूप में बना हुआ है। तेल, गैस और अन्य कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक पूंजी प्रवाह पर इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला रहा है। इस वजह से, भारतीय बाजार भले ही फिलहाल स्थिर दिखाई दे रहा हो, लेकिन लंबे समय में इस संघर्ष के संभावित प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण समय में केंद्र सरकार की भूमिका सराहनीय रही है। सरकार ने हालात को देखते हुए आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। महंगाई को नियंत्रित करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु रखना और निवेशकों का भरोसा बनाए रखना इसके मुख्य प्रयास रहे हैं। वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखना सरकार की प्रभावी रणनीति को दर्शाता है। इसके चलते बाजार में भरोसा बना हुआ है और दीर्घकाल में सुधार की उम्मीद कायम है। हालांकि इस चुनौतीपूर्ण माहौल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुछ हद तक बाजार को सहारा दिया है। उनकी खरीदारी ने गिरावट को पूरी तरह बेकाबू होने से रोका है। इसके अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती जैसे मजबूत मांग, सरकारी निवेश और सुधारों की प्रक्रिया लंबी अवधि में बाजार के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

अंततः कहा जा सकता है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध का अप्रत्यक्ष असर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों की भारी निकासी ने मिलकर भारतीय शेयर बाजार को दबाव में ला दिया है। अल्पकाल में यह स्थिति निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है, लेकिन दीर्घकाल में बाजार की रिकवरी की उम्मीद बनी हुई है, क्योंकि मजबूत आर्थिक आधार अंततः निवेशकों का भरोसा वापस ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## विलुप्त होती किराना दुकानें

30 वर्षों में मेरे देखते-देखते अमेरिका में मॉम और पॉप स्टोर अर्थात् गली के नुक्कड़ वाली किराना वाली दुकानें विलुप्त हो गईं। वैसे 1996 तक ही अमेरिका में काफी हद तक कॉर्पोरेट कल्चर आ चुका था, लेकिन फिर भी पचास पर्सेंट किराना मार्केट छोटी-छोटी दुकानें होती थीं और शेष पचास पर्सेंट बड़े सुपर स्टोर्स। उस समय चार बड़ी सुपर स्टोर चेन का प्रतिशत कुल बाजार का 40 प्रतिशत था। वर्तमान में चार बड़ी चेन का बाजार में हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत है। आरंभ सभी देशों का गली के नुक्कड़ वाली किराना दुकानों से हुआ, पर जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आई, मॉनिटरिंग आसान होने लगी, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल आसानी से होने लगा और एक दो दुकान वाले मालिक हजार स्टोर वाली चेन के मुकाबले टक्कर न ले पाए और फिर अंत में अमेजन आ गया, जहां घर बैठे सब कुछ मिल जाता है, तो इसने तो ताबूत में अंतिम कील ठोक दी। रही-सही कसर एआई ने पूरी कर दी। पिछले कुछ वर्षों में स्मॉल बिजनेसेज का कॉर्पोराइजेशन और तेजी से होने लगा। एआई ने ऐसे रिसोर्सेज जो कभी बिलियन डॉलर कंपनीज के पास ही होते थे आम जनता को पहुंचा दिए। अब ऐप बनाने के लिए प्रोग्रामर को दस हजार डॉलर देने की जरूरत न रही, क्लॉड में कोई भी स्वयं बना सकता है, तो ऐसे में हर क्षेत्र में नए दिमागी एंटरप्रेन्योर्स आए, सामान्य जनता इनके मुकाबले टिक न पाई और कॉर्पोरेटाइजेशन बहुत तेजी से हुआ।



नितिन त्रिपाठी

लेखक

वैसे यह बुरा किसी के लिए न हुआ। एक ग्रोसरी स्टोर मालिक का औसत फायदा आज की मुद्रा में 50,000 डॉलर होता, जिसके लिए उसे रोजाना पंद्रह घंटे खपाने पड़ते, सरदर्द अलग रहती। अब यह ऑनर नौकरी करते हैं मोस्टली स्टोर/ शिफ्ट मैनेजर जैसी पोस्ट पर हैं। दिन के आठ घंटे काम कर 70,000 डॉलर प्लस सैलरी बनाते हैं बगैर किसी रिस्क के। हां! वो आजादी चली गई, बॉस को रिपोर्ट करना पड़ता है। टेक के क्षेत्र में पिछले सौ सालों से टेक्नोलॉजी पहले अमेरिका में आती है, फिर शेष विश्व में यहीं के इन्वेस्टर फैलाते हैं। भारत में भी बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में कॉर्पोरेटाइजेशन हो रहा है। अब आप टैक्सी स्टैंड कोई न देखेंगे। ज्यादातर इंडिपेंडेंट टैक्सी ड्राइवर अब ओला/उबर में चलने लगे हैं। किराना के क्षेत्र में भी यह अंतिम पीढ़ी है, जो गली के कोने पर गुप्ता जी की दुकान देख रही है। गुप्ता जी का बेटा दुकान बेचकर या तो रियल एस्टेट में जाएगा या नौकरी करेगा। काफी हद तक छोटी दुकानों की मार्केट आलरेडी मॉल/ स्टोर/अमेजन/ब्लिंकिट चौपट कर चुके हैं। बस यह समय की बात है, दस से बीस वर्षों में यहां भी कॉर्पोरेट ही दुकानें भी चलाएंगे और देश भी।

– फेसबुक वॉल से



### सामयिकी

## अपसंस्कृति के खिलाफ एक मुहिम

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के गांव जोगिया जगुनी पट्टी में पिछले 19 साल से चल रहा लोकरंग किसी साहित्य, संस्कृति, कला प्रेमी के लिए अब नया नहीं रह गया है। हाशिए के समाज के इतिहासकार और इतिहासकार सुभाषचंद्र कुशवाहा जिस लगन और प्रतिबद्धता के साथ इसे आयोजित करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं, उसने जन संस्कृति के संवर्धन को एक नया व्यावहारिक रंग-रूप दिया है। अंधाधुंध बाजारीकरण से उपजी लिप्सा की संस्कृति और बेरोजगारी के दंश ने गांवों की तस्वीर कुछ मायनों में शहरों से भी ज्यादा खराब कर दी है।

वैसे तो वर्णाश्रमी व्यवस्था की जटिल सामाजिक संरचना वाले भारतीय गांव श्यामाचरण दुबे की भद्र लोक वाली नजर से देखे गए और छायावादी कवियों की कल्पनाओं और कविताओं में अभिव्यक्त 'अहा ग्राम्य जीवन' वाले गांव कभी नहीं थे। आज बेरोजगारी के दंश के बीच शराब की दुकानों ने जिस तरह बहुतेरे गांवों की कुछ बची खुची पारंपरिक लोक संस्कृति पर हमला बोला है, उससे वहां की तस्वीर और बदरंग हो चुकी है। ऐसे में शहर से कम जरूरी नहीं है कि गांवों के इस बदरंग होते स्वरूप को किसी न किसी तरह बचाया जाए।



दया शंकर राय

लेखक

सुभाष कुशवाहा ने 19 साल पहले जो पहल की थी, उसने अब एक दिशा पकड़ ली है और फूहड़ता और अपसंस्कृति के खिलाफ कारगर हस्तक्षेप की एक ठोस राह भी दिखाई है। उनकी यह पहल उल्लेखनीय इसलिए कही जाएगी कि शराब की खुलती दुकानों ने गांवों के बेरोजगारों को नशे की ओर धकेल दिया है, लेकिन पिछले 19 साल से लोकरंग से जुड़ी इस जोगिया गांव की टीम के युवा न सिर्फ नशे से दूर हैं, बल्कि वे लोक संस्कृति और फूहड़ संस्कृति का फर्क भी बखूबी समझने लगे हैं।

बेरोजगारी बेशक उनके सामने भी वैसे ही है, पर जिस समझदारी भरी लगन से यह टीम लोकरंग को जमीन पर उतारती है, वह एक मिसाल है। जाहिर है इसमें सुभाष कुशवाहा का मार्गदर्शन अहम रहा है, लेकिन पहल तो किसी न किसी को लेनी पड़ती ही है। आज शहरों से भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसे आयोजन गांवों, कस्बों और छोटे जिलों में हों। लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल जैसे शहरों में तो फिर भी कुछ साहित्यिक सांस्कृतिक और वैचारिक आयोजन होते रहते हैं, जिससे एक वैचारिक हलचल और बहस मुबाहिसे के मंच उपलब्ध होते हैं। ज्यादातर गांव तो इससे अछूते ही हैं, जबकि जरूरत इस बात की है कि हर किस्म के पिछड़ेपन और वैचारिक कूपमंडूकता और जड़ता के खिलाफ आधुनिकता पर आधारित मूल्यों और विचारों के उन्नयन और विचार-विमर्श के लिए गांवों में संस्कृति, कला और विचार के ज्यादा से ज्यादा मंच बनें।

लोकरंग का यह सफर इस दिशा में एक रास्ता दिखाता है। इसलिए अगर लोकरंग में शामिल टीमें और साथी इस दिशा में पहल करते हैं, तो यह बेहद मानीखेज होगा और लोकरंग का यह विस्तार एक नया रंग लाएगा। इससे बहुत कुछ न सही कुछ कुछ तो समृद्ध होगा ही, जो आगे चलकर बहुत कुछ की जमीन तैयार करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## खोज



# ऐसे हुआ माचिस का आविष्कार

माचिस की खोज मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम थी, क्योंकि इससे आग जलाना बेहद आसान हो गया। पहले के समय में लोग आग जलाने के लिए पत्थरों को आपस में रगड़ते थे या लकड़ी से घर्षण पैदा करते थे, जो काफी कठिन और समय लेने वाला काम था। आधुनिक माचिस का विकास 19 वीं सदी में हुआ। वर्ष 1826 में इंग्लैंड के रसायनज्ञ जॉन वॉकर ने पहली बार ऐसी माचिस बनाई, जिसे रगड़कर जलाया जा सकता था। उन्होंने लकड़ी की छोटी तीली के सिरे पर रसायनों का मिश्रण लगाया, जिसमें एंटिमनी सल्फाइड, पोटैशियम क्लोरेट और गोंद शामिल थे। जब इस तीली को खुरदुरी सतह पर रगड़ा जाता था, तो घर्षण से यह जल उठती थी।

हालांकि वॉकर की माचिस में एक समस्या थी। यह जलते समय तेज गंध और चिंगारियां पैदा करती थी। इसके बाद फ्रांस के रसायनज्ञ चार्ल्स सौरिया ने इसमें सफेद फॉस्फोरस का उपयोग किया, जिससे माचिस आसानी से जलने लगी, लेकिन यह फॉस्फोरस जहरीला था और इससे काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वीडन के वैज्ञानिक गुस्ताफ पास्च और बाद में जोहान लुंडस्ट्रॉम ने "सेफ्टी माचिस" विकसित की। इसमें लाल फॉस्फोरस को तीली पर नहीं, बल्कि माचिस की डिब्बी की साइड पर लगाया गया। इससे माचिस ज्यादा सुरक्षित हो गई और आज भी हम इसी प्रकार की माचिस का उपयोग करते हैं। इस तरह माचिस की खोज कई वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम है, जिसने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना दिया। आज माचिस हमारे दैनिक जीवन का एक सामान्य और बेहद उपयोगी साधन बन चुकी है।

### वैज्ञानिक के बारे में



जॉन वॉकर का व्यक्तिगत जीवन अत्यंत सरल और सादगीपूर्ण था, लेकिन उनकी खोज ने उन्हें इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। उनका जन्म 29 मई 1781 को इंग्लैंड के स्टॉकटन-ऑन-टीज में हुआ था। वे पेशे से एक केमिस्ट और दवा विक्रेता थे तथा अपनी दुकान पर दवाइयां बनाते हुए खाली समय में रसायनों के साथ प्रयोग किया करते थे। स्वभाव से वे शांत, जिज्ञासु और मेहनती थे। उन्हें न तो अधिक प्रसिद्धि की चाह थी और न ही धन कमाने की लालसा, यही कारण रहा कि उन्होंने माचिस की खोज का पेटेंट भी नहीं कराया। उनके इस निर्णय का लाभ बाद में अन्य लोगों ने उठाया। जॉन वॉकर ने विवाह नहीं किया और अपना पूरा जीवन अपने काम व प्रयोगों को समर्पित कर दिया। 1 मई 1859 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी खोज आज भी दुनियाभर में उपयोगी बनी हुई है।



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

प्रकृति की हर रचना के पीछे एक सुस्पष्ट उद्देश्य और जीवन का गहरा विज्ञान छिपा होता है। पक्षियों के लिए घोंसला महज तिनकों का संकलन नहीं, बल्कि उनके वंश की सुरक्षा का एक अभेद्य दुर्ग है। ये नीड़ न केवल उन्हें प्रकृति के थपेड़ों- सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाते हैं, बल्कि शत्रुओं से सुरक्षा का एक मनोवैज्ञानिक और भौतिक कवच भी प्रदान करते हैं। वर्षावनों की सघनता हो या ग्रामीण अंचलों की शांति, परिंदों ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ऐसे समाधान खोजे हैं, जो आधुनिक इंजीनियरिंग को भी विस्मय में डाल देते हैं।



# सृष्टि के स्मार्ट सर्जक



## ब्लू मैनाकिन: लहराती पूंछ और दृश्य-भ्रम का विज्ञान

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी जंगलों में जब हवा का झोंका आता है, तो पेड़ों की डालियों से काई और घास की लंबी-लंबी लटें झूलती दिखाई देती हैं। पहली नजर में ऐसा भ्रम होता है मानो किसी ने मोटे हरे रेशमी धागों की कोई झालर टांक दी हो, लेकिन यह कोई साधारण सजावट नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा का एक चतुर और सूझबूझ भरा सुरक्षा उपाय है। यह 'ब्लू मैनाकिन' पक्षी का घोंसला है, जिसने हाल ही में जीव विज्ञानियों को चकित किया है।

ब्लू मैनाकिन का घोंसला ऊपर से छोटा और प्यालेनुमा होता है, लेकिन इसके नीचे लटकती काई और रेशों की लंबी 'पूंछ' इसे अद्वितीय बनाती है। हवा में लहराती ये लटें दरअसल एक सुरक्षा कवच का काम करती हैं। इस पूंछ की लंबाई कभी-कभी दो मीटर तक पहुंच जाती है। हाल ही में विज्ञान पत्रिका 'बायलॉजी लैटर्स' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, बड़े शिकारी पक्षी इन लटों को देख तो लेते हैं, पर यह नहीं समझ पाते कि इनके शीर्ष पर घोंसला भी हो सकता है। दरअसल, घोंसले का जाना-पहचाना गोल आकार इन बिखरी हुई रेखाओं के बीच पूरी तरह लुप्त-सा जाता है। विज्ञान की भाषा में इसे 'डिस्रप्टिव कैमुफ्लाज' (विघटनकारी छलावरण) कहते हैं - एक ऐसा दृश्य-भ्रम जहां असली आकृति अपनी पहचान खोकर प्राकृतिक परिवेश में विलीन हो जाती है। एक प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कुछ घोंसलों की ये लटकती पूंछें हटा दीं और कुछ को यथावत रहने दिया। परिणाम चौंकाने वाले थे जिन घोंसलों की पूंछ नहीं थी, उन पर शिकारियों के लगभग दस गुना अधिक हमले हुए। प्रयोग से यह प्रमाणित हुआ है कि प्रकृति में कभी-कभी 'दिखना' ही 'छिपने' का सबसे सुरक्षित तरीका होता है।

## बया: वास्तुकला की बेजोड़ किलेबंदी

भारतीय परिवेश में यदि पक्षियों के कलात्मक कौशल की बात हो, तो नन्हें 'बया' का नाम सर्वोपरि है। बया का घोंसला किसी कलात्मक उल्टे लटके थैले जैसा दिखता है, जिसे वह टहनियों के सबसे लचीले और संकरे सिरों पर बड़ी कुशलता से बुनती है। बया के घोंसले का असली रहस्य इसकी लंबी और संकरी प्रवेश सुरंग में छिपा है। जब कोई सांप या शिकारी पक्षी अंदर पहुंचने का प्रयास करता है, तो उसे इस झूलती हुई संकरी नली से गुजरना पड़ता है। चूंकि घोंसला अत्यंत लचीली टहनी पर होता है, शिकारी का भारी वजन उसे हिला देता है और वह अपना संतुलन खोकर नीचे गिर जाता है। जहां मैनाकिन शिकारी को मनोवैज्ञानिक भ्रम में छकाती है, वहीं बया अपनी संरचनात्मक बुनावट से शिकारी के लिए रास्ता ही दुर्गम और असंभव बना देती है।

## रक्षा के दो बेजोड़ दर्शन: एक नजर में

प्रकृति ने इन नन्हें पक्षियों को जो 'सर्वाइवल स्किल्स' दी हैं, वे उनकी बुद्धिमत्ता का जीवंत प्रमाण हैं। जहां ब्राजील की ब्लू मैनाकिन दृश्य-भ्रम पर भरोसा करती है, वहीं भारतीय बया अपनी सुरक्षा के लिए जटिल वास्तुकला का सहारा लेती है। मैनाकिन की लंबी पूंछ घोंसले के वजूद को शिकारी की नजरों से ओझल करने वाला पर्दा है, तो बया का शिल्प कौशल एक ऐसा फिल्टर है, जहां से यह पक्षी खुद तो अंदर आ-जा सकता है, लेकिन बड़े सांप या शिकारी पक्षी संतुलन खोकर नीचे गिर जाते हैं।



## गंध और दृष्टि का संतुलन

दिलचस्प तथ्य यह है कि मैनाकिन की यह तकनीक केवल उन शिकारियों पर प्रभावी है, जो दृष्टि का इस्तेमाल करते हैं। सांप या छोटे स्तनधारी शिकारी जो गंध से शिकार तलाशते हैं, उनके लिए यह पक्षी एक और युक्ति अपनाता है। ये अपने घोंसले जलस्रोतों के ठीक ऊपर लटकी पतली टहनियों पर बनाते हैं, जहां गंध का पीछा करने वाले जीवों के लिए पहुंचना लगभग नामुमकिन होता है।

## कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति

घोंसला पक्षियों के शिशुओं के लिए केवल आश्रय नहीं, बल्कि एक विकसित और सूझबूझ भरा अनुकूलन है। इन नन्हें परिंदों की दुनिया हमें सिखाती है कि सुरक्षा के लिए हमेशा शारीरिक शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। कभी सूझबूझ भरी बुद्धिमानी, तो कभी समझदारी से बुना गया शिल्प ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच बन जाता है। मैनाकिन की लहराती पूंछें हों या बया की सूक्ष्म कलाकारी, जिसमें हर तिनका जीवन की रक्षा के विज्ञान से जुड़ा है। ये जीव अपने सीमित संसाधनों से ऐसी रणनीतियां विकसित करते हैं, जो आधुनिक सुरक्षा-डिजाइन की अवधारणाओं को भी प्रेरित कर सकती हैं। अंततः यह संघर्ष केवल परिंदों का नहीं, बल्कि इस सार्वभौमिक सत्य का है कि अस्तित्व की लड़ाई में कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# आखिर क्यों उदय और अस्त के समय लाल दिखाई पड़ता है सूर्य

सुबह उगते और शाम को ढलते समय सूरज का लालिमा लिए दिखाई देना एक सामान्य, लेकिन बेहद आकर्षक प्राकृतिक दृश्य है। दिन के समय वही सूरज सुनहरा या पीला नजर आता है, जबकि क्षितिज के पास पहुंचते ही उसका रंग लाल या नारंगी हो जाता है। साथ ही आसमान भी कई रंगों- लाल, पीला, नीला, बैंगनी और नारंगी की छटा बिखेरता नजर आता है। यह परिवर्तन किसी जादू का नहीं, बल्कि विज्ञान का परिणाम है। इस घटना के पीछे 'रेली स्कैटरिंग' यानी प्रकाश का प्रकीर्णन जिम्मेदार होता है। जब सूर्य का सफेद प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह हवा में मौजूद गैसों, धूल और अन्य सूक्ष्म कणों से टकराकर अलग-अलग दिशाओं में फैल जाता है। सूर्य के प्रकाश में सात रंग होते हैं- लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी और बैंगनी। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य (वेवलेंथ) अलग-अलग होती है।

बैंगनी और नीले रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है, इसलिए ये रंग वायुमंडल में अधिक बिखर जाते हैं। इसी कारण दिन के समय आसमान हमें नीला दिखाई देता है। वहीं लाल और नारंगी रंग की तरंगदैर्ध्य लंबी होती है, जिससे ये रंग ज्यादा दूरी तय कर पाते हैं और कम बिखरते हैं। सुबह और शाम के समय सूर्य की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल से तिरछे कोण पर गुजरती हैं। इस दौरान उन्हें अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परिणामस्वरूप छोटी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (नीला और बैंगनी) रास्ते में ही बिखर जाते हैं, जबकि लंबी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (लाल और नारंगी) हमारी आंखों तक पहुंचते हैं। यही कारण है कि सूरज उस समय लाल या नारंगी दिखाई देता है और आसमान रंग-बिरंगा हो जाता है। इस समय सूरज जरूर पीले से लाल रंग का लगने लगता हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता कि उसका रंग बदल गया है। धूल के बादल, धुंआ और इसी तरह के अन्य तत्व आसमान के रंग पर असर डालते हैं। अगर आप भारत, कैलिफॉर्निया, चिली, ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका के कुछ हिस्सों या लाल रेत वाले इलाकों के नजदीक रहते हैं, तो आपका वातावरण मौसम की स्थिति के आधार पर प्रकाश को प्रतिबिंबित करने वाले कणों से भरा हो सकता है।

# हम चले चांद की ओर

नासा ने बीते कल आर्टेमिस 2 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कर दी। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समयानुसार सुबह 3:54 बजे विशाल एसएलएस रॉकेट ने आसमान में उड़ान भरी। यह 54 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जाने वाला पहला मानव मिशन है। लॉन्च पूरी तरह सफल रहा और चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गए हैं।



इस मिशन में चार सदस्यीय क्रू शामिल है- रीड वाइसमैन (मिशन कमांडर)
विक्टर ग्लोवर (पायलट) - चांद के पास जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री।
क्रिस्टीना कोच (मिशन स्पेशलिस्ट) - चांद मिशन पर जाने वाली पहली महिला।
जेरेमी हैनसेन (मिशन स्पेशलिस्ट)- चांद के पास जाने वाले पहले कनाडाई अंतरिक्ष यात्री ये चारों अब ओरियन कैप्सूल में बैठकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं।



डॉ. राजीव अग्रवाल
लेखक

आर्टेमिस 2 लैंडिंग मिशन नहीं है। यह 10 दिन का परीक्षण मिशन है। क्रू चांद के बहुत करीब- लगभग 9600 किलोमीटर तक जाएगा। वे चांद के चारों ओर घूमेंगे और फिर पृथ्वी पर वापस आएंगे। इस दौरान ओरियॉन कैप्सूल की गहरे अंतरिक्ष में काम करने की क्षमता, जीवन रक्षा प्रणाली, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और हीट शील्ड की पूरी जांच की जाएगी। वापसी के समय ओरियॉन 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की तेज गति से पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल होगा।

यह लॉन्च इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि अपोलो 17 के बाद पहली बार इंसान चांद के इतने करीब जा रहे हैं। यह मिशन आर्टेमिस कार्यक्रम की असली शुरुआत है। इसकी सफलता के बाद नासा आर्टेमिस 3 में चांद पर इंसानों को उतारेगा और आगे चलकर चांद पर स्थायी बेस बनाने की तैयारी करेगा। यह मिशन भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों की भी नींव रखेगा, साथ ही यह युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष विज्ञान की ओर आकर्षित करेगा।

16 नवंबर सन् 2022 को आर्टेमिस-1 के प्रक्षेपण के साथ इस मिशन की शुरुआत हुई थी। अब क्रू कई दिनों तक चांद की ओर बढ़ता रहेगा। वे चांद के पीछे वाले हिस्से से भी गुजरेंगे, जहां पृथ्वी से रेडियो संपर्क कुछ समय के लिए टूट जाएगा। इस दौरान कई वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। लगभग 10 दिन बाद ओरियॉन कैप्सूल प्रशांत महासागर में पैराशूट की मदद से उतरेगा। नासा की आर्टेमिस 2 मिशन की सफल लॉन्चिंग अंतरिक्ष इतिहास का एक बड़ा पल है। 54 साल बाद इंसान फिर चांद की यात्रा पर निकले हैं। यह मिशन न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी मानवता के लिए नई उम्मीद और नई संभावनाएं लेकर आया है।


# अप्रैल में आकाश दर्शन

अप्रैल 2026 आकाश को देखने वालों के लिए काफी रोमांचक महीना है। इसमें कोई सूर्य या चंद्र ग्रहण नहीं है, लेकिन पूर्णिमा, उल्का वर्षा, ग्रहों के सुंदर संयोग और गहरी आकाशीय वस्तुएं अच्छा-खासा नजारा दिखाएंगी। हमें सबकुछ आसानी से दिखेगा, बस शहर की रोशनी से दूर जाएं, बाइनोकुलर या छोटा टेलीस्कोप हो, तो बेहतर है। सभी समय यूटीसी में दिए गए हैं (भारतीय समय आईएसटी- यूटीसी+ 5:30 घंटे)।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

- **चंद्र पूर्णिमा** - 2 अप्रैल को पूर्णिमा थी। चंद्रमा सूर्य से पृथ्वी के विपरीत स्थित और उसका चेहरा पूरी तरह से रोशन था। यह चरण 2:13 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) पर था। इस पूर्णिमा को प्रारंभिक मूल अमेरिकी जनजातियों द्वारा पूर्ण कृमि चंद्रमा (पिंग मून) के रूप में जाना जाता था, क्योंकि इसने मॉस पिंक या जंगली ग्राउंड फ्लॉक्स की उपस्थिति को चिह्नित किया, जो पहले वसंत फूलों में से एक है। इस चंद्रमा को स्प्राउटिंग ग्रास मून, ग्रोइंग मून और एग मून के नाम से भी जाना जाता है। कई तटीय जनजातियों ने इसे फिश मून भी कहा जाता है।
- **उच्चतम बिंदु पर बुध**- 3 अप्रैल को बुध ग्रह सूरज से 27.8 डिग्री की सबसे ज्यादा पश्चिमी ऊंचाई पर पहुंचेगा। बुद्ध ग्रह को देखने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि यह सुबह आसमान में क्षितिज के ऊपर अपने सबसे ऊंचे बिंदु पर होगा। सूरज उगने से ठीक पहले ग्रह को पूर्वी आसमान में नीचे देखें। बुध ग्रह को देखने का आनंद वाकई अनोखा और रोमांचक होता है। सौरमंडल का सबसे छोटा और सूर्य के सबसे नजदीक ग्रह होने के कारण बुध को 'भूतिया ग्रह' भी कहते हैं। यह ज्यादातर समय सूर्य की चमक में छिपा रहता है, इसलिए इसे देखना चुनौतीपूर्ण, लेकिन बेहद संतोषजनक होता है। बुध सूर्य से



कभी ज्यादा दूर नहीं जाता। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय से ठीक पहले (सुबह) या सूर्यास्त के तुरंत बाद (शाम) होता है, जब यह क्षितिज के पास चमकदार बिंदु की तरह दिखता है। सूर्यास्त के 30-40 मिनट बाद पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में देखा जाकता है। इसे देखने के लिए साफ क्षितिज चाहिए, शहर की लाइट्स से दूर बेहतर रहेगा। बुध को देखने का आनंद सिर्फ दृश्य नहीं, बल्कि यह एहसास भी है कि आप सूर्य के इतने करीब घूमते एक चट्टानी दुनिया को देख रहे हैं, जहां दिन में 400 सेल्सियस से अधिक तापमान और जहां रात में बेहद ठंड होती है।
- **आकाश में अंधकार**- 17 अप्रैल को अमावस्या (न्यू मून) होगी। इस दिन चंद्रमा सूर्य की तरह पृथ्वी के एक ही तरफ स्थित रहेगा और रात्रि आकाश में दिखाई नहीं देगा। यह खगोलीय घटना 20:30 यूटीसी पर घटित होगी। यह आकाशगंगा और तारा समूहों जैसी धुंधली वस्तुओं का निरीक्षण करने के लिए इस माह का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि इन्हें देखने के लिए चांदनी बाधा नहीं बनेगी। ऐसे में रात के आकाश में आकाशगंगा या मंदाकिनी के दर्शन किए जा सकते हैं। नासा की शक्तिशाली हब्बल टेलिस्कोप ने अंतरिक्ष की कई आकाशगंगाओं की तस्वीरें लेने का अद्भुत काम किया है। कई आकाशगंगाएं इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हम तक पहुंचने में लाखों साल का समय लग जाता है।

### अर्थ शाइन

19-20 अप्रैल को अर्थ शाइन होगी, जिसे हिंदी में पृथ्वी चमक या चंद्र चमक भी कहा जाता है, एक खगोलीय घटना है, जिसमें चंद्रमा के उस भाग पर पृथ्वी से परावर्तित सूर्य की रोशनी पड़ती है, जो हमारी दृष्टि से अंधेरा (अनिलुमिनेटेड) दिखाई देता है। सरल शब्दों में, जब चंद्रमा पतला (क्रिसेंट) आकार का होता है, तो उसके उज्ज्वल किनारे पर सूर्य की सीधी रोशनी पड़ती है, लेकिन अंधेरे भाग पर पृथ्वी की चमक (जो सूर्य से प्राप्त रोशनी को परावर्तित करती है) दिखाई देती है। यह चंद्रमा को दोहरी चमक वाला बनाती है, एक पतली रोशनी की पट्टी और उसके पीछे हल्की, नीली-ग्रे चमक। यह घटना अल्बर्टो डेमोंड (15वीं शताब्दी) द्वारा वर्णित की गई थी और इसे 'पुराना चंद्रमा नई चंद्रमा की गोद में' (ओल्ड मून इन द न्यू मून्स आर्म्स) भी कहा जाता है। अर्थ शाइन पृथ्वी के वायुमंडल और महासागरों के कारण चमकीला होता है, जो सूर्य की रोशनी को फैलाते हैं। इसे देखने का सबसे अच्छा दृश्य नव चंद्रमा (न्यू मून) के 2-3 दिन बाद या पहले, जब चंद्रमा 5-10 प्रतिशत रोशन (इल्यूमिनेटेड) होता है। इस समय चंद्रमा सूर्योदय या सूर्यास्त के करीब होता है और अंधेरा आकाश चमक को उभारता है।

### उल्का वर्षा का आनंद

अप्रैल माह में रात के आकाश में उल्का वर्षा का आनंद लिया जा सकता है। 22 व 23 अप्रैल रात के आकाश में लिरिड्स नामक उल्का वर्षा दिखाई देगी। आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर अत्यंत वेग से जाते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए, जो पिंड दिखाई देते हैं, उन्हें उल्का (मेट्योर) और साधारण बोलचाल में टूटते हुए तारे अथवा लूका कहते हैं। उल्काओं का जो अंश वायुमंडल में जलने से बचकर पृथ्वी तक पहुंचता है, उसे उल्कापिंड (मेट्योराइट) कहते हैं। प्राय: प्रत्येक रात्रि को उल्काएं अनगिनत संख्या में देखी जा सकती हैं, किंतु इनमें से पृथ्वी पर गिरने वाले पिंडों की संख्या अत्यंत अल्प होती है। एक विशेष समय में रात के आकाश में इनके गिरने की संख्या बढ़ जाती है, तब इसे उल्का वर्षा (मेट्योर शॉवर) कहते हैं। यह एक औसत प्रकार की उल्का वर्षा है, जिसमें आमतौर पर प्रति घंटे लगभग 20 उल्काओं का पात होगा। यह धूमकेतु सी/1861 जी 1 थैचर द्वारा छोड़े गए धूल कणों द्वारा निर्मित उल्का वर्षा है, जिसे वर्ष 1861 में खोजा गया था। उल्का वर्षा 16-25 अप्रैल तक सालाना चलती है। यह इस साल 22 की रात और 23 की सुबह अपने चरम पर होगी। ये उल्कापिंड कभी-कभी चमकीले धूलकणों का उत्पादन कर सकते हैं, जो कई सेकंड तक चलते हैं और टूटते तारों के रूप में दृष्टिगोचर होंगे। सर्वश्रेष्ठ दृश्य आधी रात के बाद किसी अंधेरे स्थान से दिखाई दे सकता है। उल्का नक्षत्र लियरा से आते दिखाई देंगे, लेकिन आकाश में कहीं भी दिखाई दे सकते हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### एनटीपीसी ने 2025-26 में जोड़ी रिकॉर्ड 9.6 गीगावाट क्षमता

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 432.2 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। एनटीपीसी ने बताया कि उसने इस दौरान अपने नेटवर्क में 9,619 मेगावाट (लगभग 9.6 गीगावाट) की रिकॉर्ड नयी उत्पादन क्षमता भी जोड़ी है। कंपनी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई कुल क्षमता में से 5,488 मेगावाट क्षमता सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत परियोजनाओं की है।

### बढ़ेंगे महिंद्रा एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों के दाम

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी छह अप्रैल से अपने गैर-इलेक्ट्रिक एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने इस मूल्य वृद्धि का कारण लागत में बढ़ोतरी को बताया है। कंपनी ने बयान में कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने (आईसीई-पेट्रोल/डीजल आधारित) एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा करती है। सभी मॉडल पर यह औसत बढ़ोतरी 1.6 प्रतिशत होगी।

### कोल इंडिया की बिक्री 6 माह में पहली बार बढ़ी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने मार्च महीने के दौरान छह माह में पहली बार बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की है। यह बढ़ोतरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गैस की कमी के बीच, गर्मियों में कोयले की सबसे ज़्यादा मांग से पहले कोयले का ज़्यादा स्टॉक की स्थिति को दर्शाती है। कोल इंडिया का देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से ज़्यादा का हिस्सा है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में सीआईएल द्वारा कोयले की बिक्री या ग्राहकों को आपूर्ति 0.7 प्रतिशत बढ़कर 6.95 करोड़ टन हो गई।

### ओला ने रोडस्टर 9.1 की कीमत 60,000 घटाई

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रोडस्टर एक्स 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत में 60,000 रुपये की कटौती की बृहस्पतिवार को घोषणा की। यह मोटरसाइकिल कंपनी के 4680 भारत सेल से लैस है। कंपनी बयान के अनुसार, यह कदम उसकी गिगाफैक्ट्री में बड़े पैमाने पर उत्पादन बढ़ने और स्वदेशी रूप से विकसित 4680 भारत सेल के एकीकरण के कारण संभव हुआ है।

### 65 करोड़ हुई एयरटेल के ग्राहकों की संख्या

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने 65 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छू लिया है। एयरटेल ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में जीएसएमए के आंकड़ों के हवाले से बताया कि मोबाइल सब्सक्राइबरों के मामले में वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है जो भारत के अलावा अफ्रीकी देशों में भी सेवा प्रदान करती है। अफ्रीका के 14 देशों में उसके 17.9 करोड़ ग्राहक हैं।

### कानपुर-कबरई फोरलेन को मंजूरी

**कानपुर।** शहर और बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात के रूप में कानपुर (रमईपुर)-हमीरपुर-महोबा (कबरई) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना को केंद्र सरकार से अंतिम मंजूरी मिल गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शहर आकर इसका शिलान्यास करेंगे।

# पेट्रो रसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ

## 30 जून तक प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की।

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। इस कदम से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है।




● मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

पश्चिम एशिया युद्ध के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है।

भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने पिछले सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया था।

साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है।

## भारत-ब्रिटेन एफटीए 30 से 45 दिन में लागू हो सकता है: गोयल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले साल जुलाई में हस्ताक्षरित भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले 30 से 45 दिन में लागू हो सकता है। गोयल ने पिछले महीने कैमरून में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के मौके पर ब्रिटेन के व्यापार और व्यवसाय मंत्री पीटर काइल के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की थी।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि ब्रिटेन भी इस बात से बहुत खुश है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता संसद के दोनों सदनों में कितनी तेजी से पारित हुआ... और हम अगले 30 से 45 दिन में समझौते के लागू होने की संभावना देख रहे हैं।

भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात 'शून्य' शुल्क पर ब्रिटिश बाजार में प्रवेश करेंगे, जबकि भारत में कारों और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर शुल्क कम किया जाएगा।

## पूर्वोत्तर में आईआईए की पहल

### एमएसएमई क्षमता और प्रत्यक्ष निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नमसाई, अरुणाचल प्रदेश**

पूर्वोत्तर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक एंट्री की घोषणा की है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल आज नमसाई पहुंचे, उनके साथ औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाला उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा।

इसके तहत स्थानीय उद्यमियों को शुरूआत से लेकर राष्ट्रीय बाजारों में विस्तार और वैश्विक स्तर तक पहुंचने के लिए संपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उच्चस्तरीय सरकारी वार्ता प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के साथ महत्वपूर्ण बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में एमएसएमई विकास को छात्रों के करियर प्रोफाइल से जोड़ने और औद्योगिक सहयोग को राज्य की आर्थिक नीति का मुख्य हिस्सा बनाने पर चर्चा होगी।आईआईए अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि हमारा लक्ष्य पूर्वोत्तर को एमएसएमई का सशक्त केंद्र बनाना है।

## कमजोर वर्गों के छात्रों को 1500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां मिलेंगी




**संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार।** मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लखनऊ में सीएसआर कार्यक्रम आयोजित किया, जो वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कंपनी की 2 सौ करोड़ की राष्ट्रीय सीएसआर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मुख्य अतिथि के रूप में की। इस दौरान बताया गया कि उत्तर प्रदेश में सीएसआर पहलें शिक्षा केन्द्रित हस्तक्षेपों पर आधारित हैं, जिनके तहत राज्य भर के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को 1,500 शैक्षणिक छात्रवृत्तियां प्रदान की जा रही हैं। साथ ही, समूह की पहल के अंतर्गत भूख उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 9 शहरों में प्रतिदिन लगभग 3,200 भोजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये सभी कार्यक्रम मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण पर केंद्रित प्रयास समाज को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मलाबार समूह के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लागू किए जा रहे ये कार्यक्रम हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का अभिन्न हिस्सा हैं।

## सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22700 के पार

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,700 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया।



● रुपये में उछाल से शेयर मार्केट ने पकड़ी तेजी

एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 33.70 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के 22,713.10 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 496.85 अंक यानी 2.19 प्रतिशत लुढ़क गया था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 22,782.30 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आईटी शेयरों में लिवाली के कारण तेजी को समर्थन मिला।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बताया कि सीमा शुल्क राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान का 102 प्रतिशत रहा।

## लंदन में 'झुमका बासमती' का वैश्विक आगाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

● बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

● यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन व संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिखाई रुचि

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खासकर अंतराष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया।

बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ विश्वभर के प्रख्यात शेफ एवं पाक-कला विशेषज्ञों ने पारंपरिक जैविक किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई। प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया।




अतिथियों को बरेली का उपहार सौंपते प्रगतिशील किसान अनिल साहनी।

### निर्यात के लिए खुले नए द्वार : अनिल साहनी

**बरेली।** बरेली के प्रगतिशील उद्यमी अनिल कुमार साहनी (गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म) ने इवेंट में वैश्विक स्तर पर जनपद का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश से चयनित मात्र 5 प्रतिभागियों में शामिल अनिल साहनी की संस्था द्वारा विकसित पेटेंटेड धान किस्म 'झुमका बासमती' और लुप्तप्राय सुगंधित किस्म 'तिलक चंदन' अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। अनिल कुमार साहनी ने बताया कि इस वैश्विक मंच ने उत्तर प्रदेश के किसानों की पहुंच सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सुनिश्चित की है। इससे न केवल पारंपरिक कृषि पद्धतियों और विरासत उत्पादों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। इवेंट के सकारात्मक परिणाम स्वरूप बरेली की इन प्रीमियम धान किस्मों के निर्यात हेतु कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते शुरू हुए हैं। ये समझौते वैश्विक 'स्पेशलिटी राइस मार्केट' में भारत और उत्तर प्रदेश की उपस्थिति को और अधिक सशक्त करेंगे।

## श्वेतक्रांति: 51 हजार महिलाएं बनीं उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** प्रदेश के तराई क्षेत्र में आई श्वेतक्रांति ने महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर समेत छह जिलों के 1500 गांवों में 51 हजार महिलाएं दुग्ध व्यवसाय के जरिए उद्यमी बन चुकी हैं।

● 1500 गांवों में फैला व्यवसाय, 250 करोड़ से ज्यादा कारोबार

● छह जिलों में महिलाओं ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

इन महिलाओं के खातों में हर महीने 3, 13 और 23 तारीख को नियमित भुगतान पहुंच रहा है, जिससे उनकी आय स्थिर और भरोसेमंद बनी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं उत्पादन से लेकर संग्रहण और विपणन तक की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सृजनी एमपीसीएल के नेतृत्व में तराई क्षेत्र में प्रतिदिन एक लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रहण और बिक्री हो रही है। अब तक महिलाएं सवा दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं। जो क्षेत्र पहले पिछड़े माने जाते थे, वे अब महिला उद्यमिता के नए केंद्र बन गए हैं।

तराई की यह श्वेतक्रांति केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी उदाहरण बन रही है, जहां महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही हैं।

## सीएम युवा उद्यमी योजना में आजमगढ़ दूसरे व हरदोई तीसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हो रहा है। जिलावार प्रदर्शन में जौनपुर ने 151.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आजमगढ़ 149.96 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन आए और बड़े पैमाने पर युवाओं को लोन वितरित किया गया।

● 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आये आवेदन

● अब तक 1,38,304 युवाओं को वितरित किया गया लोन

प्रदेश में 1.5 लाख लोन वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3,86,092 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3,30,441 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 1,45,454 को स्वीकृति मिली। अब तक 1,38,304 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। जौनपुर ने लक्ष्य से 151.56 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिले में 2,700 के लक्ष्य के मुकाबले 4,092 युवाओं को लोन मिला। प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का असर साफ दिखा।

आजमगढ़ ने 149.96 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जहां ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और काउंसिलिंग से युवाओं को जोड़ा गया। हरदोई ने 3,226 युवाओं को लोन देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। झांसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि लखीमपुर खीरी पांचवें स्थान पर रहा।

## रिलायंस रिफाइनरी से निर्यात पर नहीं लगेगा अप्रत्याशित लाभ कर

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) पर दोबारा लगाए गए अप्रत्याशित लाभ निर्यात कर न्यायिक फैसलों की वजह से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एसईजेड रिफाइनरी पर लागू नहीं होंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार बताया कि न्यायिक फैसलों के चलते विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में स्थित रिफाइनरी को इन करों से छूट मिली हुई है। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आए व्यवधानों के बीच अप्रत्याशित लाभ निर्यात कर को फिर से लागू करने का फैसला किया है।

## 38 हजार करोड़ रुपये हुआ भारत का रक्षा निर्यात

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत का वार्षिक रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 62 प्रतिशत से अधिक बढ़कर रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच पर जानकारी देते हुए कहा कि रक्षा निर्यात में यह ''बड़ी छलांग'' भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। देश रक्षा निर्यात में सफलता की शानदार कहानी लिख रहा है।

उन्होंने कहा कि 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 62.66 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 14,802 करोड़ रुपये की इस बड़ी वृद्धि से भारत की स्वदेशी क्षमताओं और उन्नत विनिर्माण क्षमता पर वैश्विक विश्वास झलकता है। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) का योगदान 54.84 प्रतिशत और निजी उद्योग का योगदान 45.16 प्रतिशत रहा जो सहयोगात्मक एवं आत्मनिर्भर रक्षा परिवेश की ताकत को दर्शाता है।

## सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, इस्पात मंत्रालय की मंजूरी के बाद उनका इस्तीफा दो अप्रैल से प्रभावी हो गया है। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, कंपनी के निदेशक (कार्मिक) कृष्ण कुमार सिंह को तीन महीने के लिए सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी की बड़ी छलांग

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 3,47,729 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए हैं। इस दौरान कुल स्थापित क्षमता 1161.756 मेगावाट तक पहुंच गई, जो प्रदेश की ग्रीन एनर्जी की दिशा में तेज प्रगति को दर्शाता है।

माहवार आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में 15,836 इंस्टॉलेशन से शुरुआत हुई, जो मई में 18,509 और जून में 18,494 तक पहुंच गई। जुलाई में 29,850 इंस्टॉलेशन के साथ बड़ी छलांग दर्ज हुई और इसके बाद अगस्त-सितंबर में भी रफ्तार बनी रही।

● मार्च में रिकॉर्ड 52,729 इंस्टॉलेशन, क्षमता 1161 मेगावाट के पार

● अंतिम तिमाही में तेज रफ्तार 3.47 लाख रूफटॉप संयंत्र स्थापित



अक्टूबर में हल्की गिरावट के बाद नवंबर (30,894) और दिसंबर (31,164) में फिर तेजी देखने को मिली।

**अंतिम तिमाही में रिकॉर्ड उछाल:** जनवरी 2026 में 33,314, फरवरी में 35,804 और मार्च में रिकॉर्ड 52,729 संयंत्र स्थापित किए गए। केवल मार्च में ही 173.84 मेगावाट क्षमता जुड़ी, जो किसी एक माह में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अंतिम तिमाही में आई यह तेजी सरकार की नीतियों, सब्सिडी और प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। इससे उपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में यूपी अव्वल :** प्रदेश अब पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। कुल मिलाकर प्रदेश में अब तक 4,48,233 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन 1524 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन हो रहा है।

रिपोर्ट

वैश्विक अनिश्चितता के बीच क्रेडिट रेशियो ने बताया-घट रहा है कर्ज का अनुपात

## मजबूत बनी हुई है भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट

**मुंबई, एजेंसी**

पहले अमेरिकी आयात शुल्क और अब पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय कंपनियों की बैलेंसशीट मजबूत बनी हुई है और उनका कर्ज का अनुपात घट रहा है। साख निर्धारक एजेंसी केयरएज रेटिंग्स की साख गुणवत्ता रिपोर्ट 'क्रेडिट रेशियो' के अनुसार, साख बढ़ने और घटने का अनुपात यानी क्रेडिट रेशियो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही की तुलना में दूसरी छमाही में कम होने के बावजूद 10 साल के औसत से ऊपर बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था। इस दौरान 363 कंपनियों की रेटिंग बढ़ायी गयी जबकि 188 कंपनियों की रेटिंग घटायी गयी। इस मामले में 10 साल का औसत 1.55 है। साख घटने की दर सात प्रतिशत रही जो दस साल के औसत 10 प्रतिशत से कम है। हालांकि साख बढ़ने की दर में कमी आयी है और यह लंबी अवधि के औसत 15 प्रतिशत से घटकर फिलहाल 13 प्रतिशत रह गयी है। केयरएज रेटिंग्स ने का कहना है कि इससे पता चलता है कि क्रेडिट प्रोफाइल में सुधार अब कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक ही सीमित हो गया है। फिर भी, रेटिंग बरकरार रखने की दर 80 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी हुई है। इसका मतलब है कि बाहरी कारकों के बावजूद ज्यादातर कंपनियां अपनी स्थिति मजबूत बनाये हुए हैं।



● दूसरी छमाही में क्रेडिट रेशियो 1.93 रहा जबकि पहली छमाही में यह 2.56 था

● बाहरी कारकों के बावजूद अपनी स्थिति मजबूत बनाये हुए हैं ज्यादातर कंपनियां

● इसका प्रमुख कारण है कंपनियों द्वारा लगातार अपना कर्ज कम करने का रुझान

इसका प्रमुख कारण कंपनियों द्वारा लगातार अपना कर्ज कम करने के रुझान को बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक कुल गियरिंग (कर्ज का अनुपात) घटकर महज़ 0.50 रह गया है, जो 31 मार्च 2016 को 1.04 था। यह अनिश्चितता के इस दौर में भारतीय कंपनियों की बैलेंस शीट की मजबूती को दर्शाता है।

केयरएज रेटिंग्स के कार्यकारी निदेशक और मुख्य साख अधिकारी सचिन गुप्ता ने कहा कि पश्चिम एशिया के बढ़ते संघर्ष ने अनिश्चितता बढ़ा दी है। चूंकि भारत ऊर्जा के लिए आयात पर बहुत निर्भर है, इसलिए लंबे समय तक चलने वाला युद्ध महंगाई बढ़ा सकता है, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है, सरकारी बजट पर दबाव पड़ सकता है और विकास की रफ्तार सुस्त हो सकती है। केयरएज रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक रंजन शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि ईरान युद्ध लंबा चला तो कई उद्योगों की कमाई पर बुरा असर पड़ सकता है।

# यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी

**एमएफ हुसैन का रिकॉर्ड तोड़ा**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रख्यात भारतीय चित्रकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' बुधवार को मुंबई में सैफ्रोनआर्ट की स्प्रिंग लाइव नीलामी में रिकॉर्ड 167.20 करोड़ रुपये यानी 17,978,495 अमेरिकी डॉलर में बिकी। इसके साथ ही यह नीलामी में बिकने वाली आधुनिक भारतीय कला की अब तक की सबसे अधिक मूल्य वाली कृति बन गई है।

इस पेंटिंग ने पिछले साल एक नीलामी में 118 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत में बिकने वाली एमएफ हुसैन की अनाम (ग्राम यात्रा) पेंटिंग के बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। राजा रवि वर्मा की इस कृति का अनुमानित मूल्य 80-120 करोड़ रुपये था और इसे सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक डॉ. साइरस एस पूनावाला ने खरीद लिया।



**1890 के दशक में बनी**

1890 के दशक में बनाई गई यह कृति भगवान कृष्ण की बाल्यावस्था और माता यशोदा के मातृ प्रेम की एक सूक्ष्म व्याख्या प्रस्तुत करती है। इसे रवि वर्मा की सबसे महत्वपूर्ण और भावपूर्ण रचनाओं में से एक माना जाता है।

"प्रतिष्ठित पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' को प्राप्त करने, संरक्षित करने और उसकी देखभाल करने का अवसर पाकर गर्व महसूस हो रहा है। यह राष्ट्रीय धरोहर समय-समय पर जनता के दर्शन के लिए उपलब्ध होने योग्य है। - साइरस एस पूनावाला"

## केंद्रीय बलों में नेतृत्व का सवाल

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) संशोधन विधेयक, 2026 हाल के दिनों में काफी विवाद का विषय रहा है। सरकार इसे केंद्रीय सशस्त्र बलों के बेहतर समन्वय और सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बता रही है, जबकि खुद सीएपीएफ के कई अधिकारी इसे अपने अधिकारों का हनन मान रहे हैं। विपक्षी दल भी उनका समर्थन कर रहे हैं। सीएपीएफ के अधिकारियों की सबसे बड़ी आपत्ति विधेयक के उस प्रावधान को लेकर है जिसमें भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों को इन बलों का नेतृत्व देने का रास्ता साफ किया गया है। हाल ही में सीएपीएफ अधिकारियों की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को दिए गए एक ज्ञापन में कहा गया था कि इस प्रावधान से वे अपनी ही सेवा में दोयम दर्जे के नागरिक बन जाएंगे। हालांकि, इसके बावजूद यह विधेयक राज्यसभा में पारित किया जा चुका है और उसे लोकसभा में रखा जाना है।

## सीएपीएफ विधेयक



### सरकार की ओर से तर्क

- बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जैसे बलों के लिए एक समान कानूनी ढांचा तैयार करना।
- नियमों में स्पष्टता लाने के लिए सशस्त्र बलों में भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता और सेवा की अन्य शर्तों से जुड़ी विसंगतियों को दूर करना।
- आईपीएस अधिकारियों के पास राज्यों और केंद्र के बीच समन्वय का अनुभव होता है, जो आंतरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है।
- सरकार का मानना है कि इससे कानूनी सुदृढ़ीकरण में मदद मिलेगी, सेवा संबंधी मामलों में होने वाली मुकदमेबाजी भी घटेगी।

### सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले

- सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में सीएपीएफ अधिकारियों को ऑर्गनाइज्ड ग्रुप ए सर्विस का दर्जा देते हुए उन्हें नॉन-फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन का लाभ देने का निर्देश दिया था ताकि उन्हें अन्य सिविल सेवाओं के समान वित्तीय लाभ मिलें।
- अदालत ने 2025 में निर्देश दिया था कि शीर्ष पदों पर आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को धीरे-धीरे कम किया जाए ताकि सीएपीएफ के अपने कैडर अधिकारियों को नेतृत्व करने और शीर्ष पदों तक पहुंचने के पर्याप्त अवसर मिलें।

### विधेयक के मुख्य प्रावधान

- इसके तहत महानिदेशक और विशेष महानिदेशक जैसे 100% शीर्ष पद आईपीएस अधिकारियों के लिए आरक्षित किए गए हैं।
- अतिरिक्त महानिदेशक यानी एडीजी के कम से कम 67%, आईजी के 50% पद भी आईपीएस अफसरों के लिए सुरक्षित रहेंगे।
- केंद्र सरकार को इस विधेयक की धारा 3 के तहत सेवा शर्तों और भर्ती के नियम बनाने के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं।
- विपक्ष ने कहा है कि न्यायपालिका के फैसलों को पलटा जा रहा है, वास्तविक मुद्दे सुलझाने के बजाय नौकरशाही नियंत्रण बढ़ाया है।

### विरोध के प्रमुख कारण

- आरोप है कि विधेयक लाकर कोर्ट का वह फैसला पलटा जा रहा है जिसमें आईपीएस कोटा कम करने को कहा गया था।
- सीएपीएफ अधिकारियों का कहना है कि वे कभी अपने बल के प्रमुख नहीं बन पाएंगे। इससे उनमें निराशा पैदा हो रही है।
- यह भी तर्क है कि जो अधिकारी दशकों से लड़ रहे हैं, वे बाहरी आईपीएस अधिकारियों की तुलना में बल को बेहतर समझते हैं।
- विपक्ष इसे संस्थागत अन्याय करार दे रहा है, जहां इसके कैडर अधिकारी लड़ते हैं लेकिन कमान बाहर से थोपी जाती है।

**10 लाख** के लगभग कर्मचारी हैं भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में, यह दुनिया के सबसे बड़े अर्धसैनिक बलों में से एक माना जाता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### उत्तरी इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में भूकंप से उठीं सुनामी की लहरें

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के जलक्षेत्र में बृहस्पतिवार को आए भूकंप से सुनामी की छोटी लहरें उठीं, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और इमारतों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 7.4 थी और इसका केंद्र मोलुक्का सागर में 35 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, भूकंप के आधे घंटे से भी कम समय में कई निगरानी केंद्रों में सुनामी की लहरें दर्ज की गईं, जिनमें बिटुंग में आठ इंच और पश्चिम हलमाहेरा में एक फुट ऊंची लहरें शामिल हैं।

### गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले की जांच पूरी: सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर।** सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने पुष्टि की है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में हुई गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में जांच पूरी हो गई है और इसमें किसी भी तरह की साजिश या आपराधिक कृत्य के सबूत नहीं मिले हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि सिंगापुर के 'कोरोनर्स एक्ट, 2010' के तहत एसपीएफ ने मामले की गहन जांच की, उपलब्ध सबूतों की पड़ताल की और सभी संबंधित गवाहों के बयान दर्ज किए। एसपीएफ ने कहा कि यह बयान मीडिया के सवालों के जवाब में जारी किया गया है और आमजन को ऐसी टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी गई है जो अदालत के फैसले या न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाती हों।

# ट्रंप ने ईरान के खतरे को खत्म बताया तो तेहरान ने मिसाइलें दागकर दिया जवाब

## इजराइल और खाड़ी देशों को निशाना बनाया, कहा- अभी हथियारों का पर्याप्त भंडार

दुबई, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान का खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द ही खत्म हो जाएगा लेकिन इसके बाद ईरान ने बृहस्पतिवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर साफ किया कि वह फिलहाल अपने हमले रोकने नहीं जा रहा है।

ईरानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि तेहरान के पास अभी काफी छिपे हुए हथियार, गोला-बारूद और उत्पादन सुविधाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा, जिन केंद्रों को आप निशाना बनाने का दावा करते हैं, वे महत्वहीन हैं और हमारा रणनीतिक सैन्य उत्पादन ऐसे स्थानों पर होता है जिनकी आपको कोई जानकारी नहीं है और आप वहां कभी नहीं पहुंच सकते।

इससे पहले, ट्रंप ने जोर देकर कहा था कि इस जलडमरूमध्य को बलपूर्वक खोला जा सकता है लेकिन यह काम अमेरिका का नहीं है। अमेरिकी जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने होर्मुज से गुजरने वाले तेल पर निर्भर देशों से देर से सही, हिम्मत दिखाने और इसे अपने कब्जे में लेने की अपील की। ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई इतनी निर्णायक रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में से एक माने जाने वाले ईरान से अब वास्तव में कोई खतरा नहीं रहा। ईरान ने बृहस्पतिवार को ही ट्रंप के भाषण का दृढ़ता से जवाब दिया और इजराइल के साथ खाड़ी देशों पर कई मिसाइल हमले किए।

पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ दुनियाभर में लगातार बढ़ता जा रहा है।



इजराइल के तेल अवीव में ईरान की मिसाइल गिरने के बाद उठता धुआं।

### अमेरिका से लड़ने के लिए 70 लाख ईरानी तैयार

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालीबाफ ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि 70 लाख ईरानी किसी भी अमेरिकी जमीनी आक्रमण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। कालीबाफ ने युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका को चुनौती देने वाली कई पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा की हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक हफ्ते से भी कम समय में पूरे देश में एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 70 लाख ईरानी सामने आए और कहा कि वे हथियार उठाकर अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया पर कई दिन से इस दावे के संबंध में पोस्ट की जा रही हैं। इस दावे का उल्लेख करने वाले कालीबाफ पहले उच्चस्तरीय अधिकारी हैं।

## जल्द से जल्द इराक छोड़ें सभी अमेरिकी नागरिक

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है।

- **अमेरिकी दूतावास ने अपील की, अगले 24 घंटों में बगदाद में हमलों की आशंका जताई**

दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने कहा, ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र भी शामिल है। बयान में चेतावनी दी गई है कि ईरान समर्थित ये आतंकवादी समूह इराक में अमेरिकी नागरिकों, व्यवसायों, विश्वविद्यालयों, राजनयिक मिशनों, ऊर्जा केंद्रों, होटलों और हवाई अड्डों को निशाना बना सकते हैं।

राजनयिक मिशन ने एक्स पर लिखा, इराकी सरकार अपने क्षेत्र में या वहां से होने वाले आतंकवादी हमलों को रोकने में विफल रही है। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह इराकी सरकार से जुड़े होने का दावा कर सकते हैं। आतंकवादी ऐसे पहचान पत्र भी दिखा सकते हैं जिनसे वे इराकी सरकार के कर्मचारी प्रतीत होते हों।

# इजराइल के मृत्युदंड कानून के खिलाफ मुस्लिम देश एकजुट

अबू धाबी, एजेंसी

अरब और मुस्लिम देशों के एक शक्तिशाली गुट ने एकजुट होकर इजराइल के नवीनतम कानूनी कदम की तीखी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिकृत पश्चिम तट में मृत्युदंड की शुरुआत बेहद गंभीर और खतरनाक है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम होंगे।

संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्की, मिस्र, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों ने एक कड़े शब्दों वाले संयुक्त बयान में इजराइली संसद नेसेट के पारित कानून की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह प्रभावी रूप से फिलिस्तीनियों के खिलाफ मृत्युदंड का मार्ग प्रशस्त करता है और अधिकृत फिलिस्तीनी क्षेत्र में भेदभाव को और गहरा करता है। मंत्रियों ने आगाह किया कि इस कदम से क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है, शांति स्थापित करने के लिए कि जा रहे कमजोर प्रयासों को और नुकसान पहुंचा सकता है और पहले से ही बदहाल हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। उन्होंने इजराइल से संकट को बढ़ाने वाले उपायों को रोकने का आह्वान किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से जवाबदेही सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया।



- **क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम की चेतावनी दी**
- **इजराइल ने हाल ही में फिलिस्तीनियों को मृत्युदंड देने का बनाया है कानून**

उल्लेखनीय है कि इजराइल की संसद नेसेट ने 31 मार्च को एक विवादास्पद विधेयक पारित किया है, जो आतंकी कृत्यों में इजराइलियों की हत्या के दोषी पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों के लिए मृत्युदंड को अनिवार्य बनाता है। इस कानून के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकवादी कृत्यों के दोषी पाए गए पश्चिम तट के निवासियों के लिए फांसी की सजा एक सामान्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल अस्पष्ट रूप से परिभाषित विशेष परिस्थितियों में ही आजीवन कारावास की सजा दे सकते हैं। कानून के अनुसार, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर मृत्युदंड दिया जाना है।

### यूरोपीय देश और मानवाधिकार समूह पहले ही कर चुके हैं आलोचना

यूरोपीय देशों के साथ कई मानवाधिकार समूह और फिलिस्तीनी प्राधिकरण पहले ही दो अलग-अलग कानूनी व्यवस्था बनाने के लिए इस कानून की आलोचना कर चुके हैं। दरअसल पश्चिम तट के फिलिस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में अनिवार्य मृत्युदंड के तहत मुकदमा चलाया जाएगा जबकि पूर्वी यरुशलम के फिलिस्तीनी निवासियों सहित इजराइली नागरिकों पर नागरिक अदालतों में उन कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जाएगा है जो काफी हद तक यहूदी अपराधियों को ऐसी सजाओं से बाहर रखते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इस कानून से लोकतांत्रिक सिद्धांतों को नुकसान पहुंचने का जोखिम है।

## जापान-फ्रांस ने परमाणु ऊर्जा सहयोग पर घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**टोक्यो।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की जापान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा के विकास पर एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ बुधवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मैक्रों ने कहा, हमने नागरिक परमाणु ऊर्जा पर एक घोषणापत्र अपनाया है। परमाणु ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन कम करने और संप्रभुता की रणनीति के केंद्र में है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दोनों देश संयुक्त परियोजनाओं के माध्यम से दोनों देश साझेदारी को विकसित करना जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को 2050 तक अगली पीढ़ी के परमाणु रिएक्टर मिलने की उम्मीद है। मैक्रों ने कहा, हमारी साझेदारी अंतरिक्ष क्षेत्र में भी जारी है।

- **मैक्रों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में जापान के साथ साझेदारी की घोषणा की**

फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान में एक जापानी अधिकारी भेजने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर के साथ यह एक नए स्तर पर पहुंच गई है। मैक्रों ने कहा कि दोनों देशों के पास इस क्षेत्र में सहयोग विकसित करने की महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं, विशेष रूप से रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल और छोटे रॉकेट के क्षेत्र में।





### 32 मंजिला रॉकेट हुआ रवाना

नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से 32 मंजिला रॉकेट रवाना हुआ जहां इस नए युग की शुरुआत देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठे हुए थे। आसपास की सड़कें और समुद्र तट भी लोगों से खचाखच भर गए जिससे अपोलो चंद्र अभियानों की याद ताजा हो गई।

### सबसे वैविध्यपूर्ण दल...

तीन अमेरिकी और कनाडा के एक यात्री के साथ यह ऐसा पहला दल है जिसमें पहली बार कोई महिला, गैरश्वेत कोई व्यक्ति और कोई गैर अमेरिकी नागरिक नासा के नए ओरियन कैप्सूल में सवार हुए।

## चलो चांद पर चलें.... 50 साल बाद चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर रवाना हुआ नासा का मिशन

**केप कैनवेरल।** अमेरिका से बुधवार को चार अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना हुए। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के इस मिशन के तहत करीब 50 बाद चांद पर इंसान अपने कदम रखने जा रहे हैं। नासा दो साल से इस मिशन की तैयारी कर रहा था। आर्टेमिस 2 के कमांडर रीड वाइजमैन ने 'चलो चांद पर चलते हैं!' के घोष के साथ अंतरिक्ष की ओर इस अभियान की अगुवाई की। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन थे। यह चांद पर स्थायी मौजूदगी स्थापित करने की दिशा में नासा का अब तक का सबसे बड़ा कदम है।



### 6,400 किलोमीटर... अंतरिक्ष में सबसे दूर तक जाने का रिकॉर्ड बनाएगा यह मिशन

अंतरिक्ष यात्री अपनी 10 दिवसीय परीक्षण उड़ान के पहले 25 घंटे पृथ्वी के करीब ही रहेंगे, पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में कैप्सूल की जांच करेंगे और फिर मुख्य इंजन को चालू करेंगे जो उन्हें चंद्रमा तक ले जाएगा। वे न तो चंद्रमा पर रुकेंगे और न ही उसकी परिक्रमा करेंगे, जैसा कि अपोलो 8 के पहले चंद्रयात्रियों ने 1968 की क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किया था। उनका कैप्सूल चंद्रमा के पास से गुजरेगा और उससे 6,400 किलोमीटर आगे बढ़ने के बाद यू-टर्न लेकर सीधे प्रशांत महासागर में उतरेगा। इसी के साथ वे सबसे दूर तक जाने वाले इंसान बन जाएंगे।

## बैंक घोटाला मामले में विधायक को तीन साल की सजा

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने लगभग 25 वर्ष पुराने बैंक घोटाले एवं भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में मध्यप्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने सजा सुनाने के साथ राजेंद्र भारती और एक अन्य आरोपी को 4.50 लाख रुपये के निजी मुचलके पर 60 दिन की अपील अवधि तक अंतरिम जमानत भी दी है। आरोपियों पर बैंक से जुड़े लेनदेन में अनियमितता, फर्जी दस्तावेज तैयार कर आर्थिक लाभ लेने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोप सिद्ध मानते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471, 409 एवं 120-बी के तहत दोषसिद्धि दर्ज की।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। धन लाभ संभव। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी। चित्रा नक्षत्र सृजनात्मकता बढ़ाएगा।

**वृष** – आज उधार दिया धन वापस मिलने का संभावना है। पारिवारिक सुख मिलेगा। मंगल गोचर से यात्रा लाभदायक है। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन** – आज बौद्धिक कार्य सफल। गुरु की दृष्टि से शिक्षा-प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। व्यापार में नई योजनाएं लागू करेंगे।

**कर्क** – आज रिश्तों में भावनात्मक स्थिरता रहेगी। चंद्र कन्या से वित्तीय योजना शुभ होगी। कार्यक्षेत्र पर अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुक्र प्रभाव से सौंदर्य-वस्त्र खरीदना उत्तम रहेगा। बेरोजगारों को जॉब मिल सकती है।

**कन्या** – आज व्यापार विस्तार का योग है। चंद्र स्वराशि सर्वत्र विजय। सरकारी कार्यों में धीमापन रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**तुला** – आज संचार माध्यमों से लाभ होगा। व्याघात योग सावधानी बरतें। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक भावुक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कर्मफल सिद्धि। शनि दृष्टि से पुराने विवाद समाप्त होंगे। बच्चों की समस्याओं पर आपको ध्यान देना चाहिए।

**धनु** – आज आप धार्मिक यात्रा करेंगे। गुरु स्वगृही ज्ञानार्जन शुभ होगा। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं।


**मकर** – आज स्थिरता रहेगी। मीन भाव ग्रहों से भावनात्मक संतुलन आवश्यक। सहकर्मियों के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**कुंभ** – आज मीडिया से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापारिक निर्णय सफल होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन** – आज मंगल-शनि-सूर्य स्वराशि चरम ऊर्जा रहेगी। नवीन उद्यम प्रारंभ करना शुभ रहेगा। व्यर्थ की बातों में समय बर्बाद न करें।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय





**आज की ग्रह स्थिति :** 3 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 08 .42 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 19 .25 तक तत्पश्चात स्वाती।

### सुडोकू - 107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

### सुडोकू -108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

## अमेरिका के नेब्रास्का राज्य ने दी दीपावली उत्सव को मान्यता

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नेब्रास्का राज्य की विधायिका ने दीपावली उत्सव को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया है, जिसे सिएटल स्थित भारतीय मिशन ने राज्य के हिंदू समुदाय के लिए एक 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। यह प्रस्ताव राज्य सीनेटर जॉन फ्रेडरिकसन ने प्रायोजित किया था और 31 मार्च को स्पीकर जॉन आर्च ने इस पर हस्ताक्षर किए। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाना अमेरिका के भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक घटना है।

**नाता प्रथा** | राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आरटीआई आवेदन पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को दिए निर्देश

# स्टांप पेपर पर लड़कियों को बेचने की रिपोर्ट सार्वजनिक करें

नई दिल्ली, एजेंसी

लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर या अनौपचारिक समझौतों के माध्यम से बेचे जाने वाली नाता प्रथा एक बार फिर जांच के दायरे में है। केंद्रीय सूचना आयोग ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सौंपी गई कार्रवाई रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

सूचना आयुक्त पीआर रमेश ने हाल ही में जारी एक आदेश में कहा कि मंत्रालय को सूचना के



अधिकार (आरटीआई) अनुरोध पर पुनर्विचार करना चाहिए और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ साझा की गई कार्रवाई रिपोर्ट को उपलब्ध कराना चाहिए, हालांकि छूट प्राप्त हिस्सों को हटा दिया जाए। इसके साथ केंद्रीय सूचना आयोग ने अपीलकर्ता की ओर से मांगी गई अन्य जानकारी को अस्वीकार करने के फैसले को बरकरार रखा। आरटीआई आवेदन में मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना आयोग और राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात राज्यों के बीच हुए पत्राचार की प्रतियां तथा कार्रवाई रिपोर्ट जारी करने का अनुरोध किया गया था।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छह जून, 2024 को जारी एक बयान में इस प्रथा को गंभीर बताते हुए इसे सामाजिक बुराई करार दिया था। आयोग ने कहा था, वह नाता प्रथा को गंभीर मानता है, जिसके तहत कुछ समुदायों में लड़कियों को शादी के नाम पर स्टांप पेपर पर या किसी अन्य तरीके से बेचा जाता है। राजस्थान के कुछ हिस्सों और मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व गुजरात के आसपास के इलाकों में इस प्रथा की कोई कानूनी मान्यता नहीं है। आयोग ने इस प्रथा को अनैतिक व दुराचारी बताते हुए इसके उन्मूलन की मांग की थी।

### पिता ने ढाई लाख में बेचा, पूरे पैसे नहीं मिले तो वापस लाकर कर दी दूसरी शादी, लड़की ने कर ली आत्महत्या

मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान में एक नाबालिग लड़की के पिता की ओर से नाता प्रथा के तहत ग्रामीणों की उपस्थिति में परिवारों के बीच हुए समझौते के माध्यम से 2 .5 लाख रुपये में उसकी शादी कराने के मामले का हवाला दिया। शुरू में 60,000 रुपये का भुगतान किया गया था लेकिन शेष राशि नहीं चुकाई गई, जिसके बाद पिता लड़की को वापस ले आया और 32,000 रुपये में उसका नाता दूसरे आदमी से कर दिया। लड़की ने इस व्यवस्था का विरोध किया और पहले वाले आदमी के साथ रहने के लिए लौट गई। बाद में उसने अपने पिता की ओर से उत्पीड़न का आरोप लगाया और जून 2020 में आत्महत्या कर ली।



“आईपीएल का यह सत्र मोहम्मद शमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जिस तरह से उन्होंने दिल्ली के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह पूरी तरह से तैयार हैं।
–चेतेश्वर पुजारा

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाइलाइट

### फीफा ने विश्व कप फाइनल के टिकटों की कीमत बढ़ाई

**ज्यूरिख।** फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी। न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है।बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### इटली के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का इस्तीफा

**रोम।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवत: इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालीफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुँचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### अब्दुरहीमान बोले- अर्जेंटीना की टीम ने दिया धोखा

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनेल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें। उन्होंने यहां एक टीवी चैनल से कहा इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया।

# हैदराबाद की जीत का सूरज चमका कोलकाता फिर हो गया परास्त

## आईपीएल-2026 : सनराइजर्स ने सत्र का सर्वोच्च स्कोर ठोक 65 रनों से विजय हासिल की



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

**कोलकाता, एजेंसी**

हेनरिच क्लासेन (52) के जुझारू अर्धशतक और नीतिश कुमार रेड्डी (दो विकेट और 39 रन) के हरफनमौला खेल के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल टी20 मैच में बृहस्पतिवार को यहाँ कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

सनराइजर्स ने आठ विकेट पर 226 रन बनाने के बाद जयदेव उनादकट (21 रन पर तीन विकेट), इशान मलिंगा (14 रन पर दो विकेट) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रेड्डी (17 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से केकेआर की पारी को 16 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। केकेआर की यह दो मैचों में दूसरी हार है। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। फिन ऐलन ने सात गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी तेज पारी का फायदा उठाने में टीम नाकाम रही। क्लासेन ने 35 गेंदों में 52 रन बनाने के अलावा रेड्डी (24 गेंदों में 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा।

इससे पहले ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। केकेआर के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने चार, वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऐलन ने शुरुआती ओवर में डेविड पेन के खिलाफ तीन चौकों और दो छक्कों के साथ शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आए हर्ष दुबे ने अपनी ही गेंद पर कैच लपककर ऐलन की सात गेंदों में 28 रन की पारी का अंत किया। क्रीज पर आए अंगकृष रघुवंशी ने अभिषेक शर्मा के खिलाफ दो छक्के और जयदेव उनादकट के खिलाफ दो चौके जड़कर आक्रामक तेवर दिखाए, लेकिन दूसरे छोर पर कप्तान अजिंक्य रहाणे संघर्ष करते नजर आए। वह उनादकट की गेंद पर इशान मलिंगा को कैच दे बैठे। कैमरन ग्रीन (दो) भी रघुवंशी के साथ तालमेल की कमी के कारण रन आउट हो गए, जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 74 रन हो गया। रघुवंशी ने 10वें ओवर में एक रन लेकर 27 गेंदों में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। रिंकू सिंह ने इसके बाद आक्रामक रुख अपनाते हुए चौके जड़े, लेकिन रघुवंशी अपनी पारी को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके और रन आउट हो गए।



जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी। एजेंसी

### ऑरेंज कैप



अंगकृष रघुवंशी
केकेआर 103
ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 83 रन

### पर्पल कैप

जयदेव उनादकट
हैदराबाद 4 विकेट
ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट
जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट



**200** वां आईपीएल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खेला, यह उपलब्धि को हासिल करने वाले वो 11वें खिलाड़ी बन गए

**82** रनों की पहले विकेट के लिए शानदार साझेदारी महज 34 गेंदों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने की

### सनराइजर्स हैदराबाद

**226/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रैविस हेड का ग्रीन बो त्यागी | 46 |
| अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी | 48 |
| ईशान किशन का रिंकू बो मुजरबानी | 14 |
| क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी | 52 |
| अनिकेत वर्मा का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| नीतिश कुमार का चक्रवर्ती बो वैभव | 39 |
| सलील अरोड़ा बो वैभव | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 09 |
| शिवांग कुमार का रहाणे बो मुजरबानी | 04 |

**गेंदबाजी** : वैभव 4-0-47-2, मुजरबानी 4-0-41-4, नारायण 4-0-39-0, चक्रवर्ती 2-0-31-0, त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल 2-0-16-1

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**161/10** (16 ओवर)

| | |
|---|---|
| फिन ऐलन का एवं बो हर्ष | 28 |
| रहाणे का मलिंगा बो उनादकट | 08 |
| अंगकृष रघुवंशी रन आउट | 52 |
| कैमरुन ग्रीन रन आउट | 02 |
| रिंकू सिंह का उनादकट बो रेड्डी | 35 |
| अनुकूल रॉय का एवं बो रेड्डी | 00 |
| रमनदीप सिंह का उनादकट बो मलिंगा | 10 |
| सुनील नारायण का अनिकेत बो मलिंगा | 12 |
| कार्तिक का किशन बो उनादकट | 01 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 00 |
| वरुण चक्रवर्ती बो उनादकट | 08 |

गेंदबाजी :पेन 2-0-35-0, दुबे 2-0-17-1, अभिषेक 1-0-15-0, उनादकट 3-0-21-3, मलिंगा 2-0-14-0, शिवांग 4-0-41-0, रेड्डी 2-0-17-2

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

# पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा चेन्नई

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा।

हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे।

सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

# हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए: युवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे 'इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल)' का ब्रांड दूत बनाया गया है।

युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती। गोल्फ वास्तव में आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है। आईजीपीएल का कार्यक्रम अभी तय होना बाकी है।

उन्होंने कहा ज्यादातर विदेशी क्रिकेटर, खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बचपन से ही गोल्फ खेलते हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ को एक विशिष्ट खेल माना जाता है, लेकिन यह एक ऐसा खेल है जो सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के माध्यम से सभी के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा हम गोल्फ को एक विशिष्ट खेल मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल को आजमाना चाहिए। युवराज ने कहा मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारा सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन गोल्फ भी एक रोमांचक खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी के तौर पर, मैं अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह लीग (आईजीपीएल) खेल को रोमांचक बनाएगी और खेल के बारे में जागरूकता फैलाएगी।



न्यूयॉर्क में फ्रेंचाइजी लाइन-अप के अनावरण के दौरान इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग के को-फाउंडर और ब्रांड एंबेसडर युवराज सिंह (दाएं से दूसरे), पूर्व टेनिस खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के मालिक लिएंडर पेस (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला : रिजवी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौके का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे।

दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर नाबाद 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की।



रिजवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर चार पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो।उन्होंने कहा जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है और कोच भी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए मैं इन अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल में रिजवी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था।

**आलोचना**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान की बल्लेबाजी पर उठाए सवाल

# क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं : पीटरसन



**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है।

पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊ की हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं तो तब सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि ''मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का आनंद लेना चाहिए। पीटरसन ने कहा कि पंत बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर खुद पर और अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा खुद को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो। मुझे लगता है कि पंत सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर खुद पर दबाव डाल रहे हैं। पिछले सत्र तक दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ का सदस्य रहे पीटरसन ने समीर रिजवी की जमकर तारीफ की जिन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पीटरसन ने कहा उन्होंने स्थिति का बखूबी सामना किया और मुझे इससे किसी तरह की हैरानी नहीं हुई।



### शमी की वापसी के लिए यह तो बस शुरुआत है : पुजारा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज की वापसी की राह में यह तो बस शुरुआत है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी को लखनऊ ने 10 करोड रुपए में खरीदा। शमी ने लखनऊ की तरफ से पदार्पण करते हुए अपनी पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट कर दिया था और इस तरह से वह आईपीएल इतिहास में पांच बार पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।

## शहर में आज



- लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा व कलश यात्रा, गीता भवन, राजा बजार में दोपहर 3 बजे।
- विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर कलाकार एसोसिएशन की ओर से 33वां कलाकार मिलन समारोह राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में सायं 6 :30 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# पीएनजी कनेक्शन है तो सरेंडर करना पड़ सकता है गैस कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- माई एलपीजी पोर्टल पर कर सकते हैं सरेंडर के लिए रजिस्ट्रेशन
- एलपीजी गैस सिलेंडर का विकल्प तलाश रहा प्रशासन

**अमृत विचार :** ईरान-इजराइल युद्ध के कारण देश में एलपीजी गैस सिलेंडर के संकट से सबक लेकर समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन अन्य विकल्प तलाश रहा है। राजधानी के जिन क्षेत्रों में लोगों के पास पीएनजी कनेक्शन है, उन्हें गैस सिलेंडर का कनेक्शन सरेंडर करना पड़ सकता है। इसके लिए माई एलपीजी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसमें अपना कनेक्शन संख्या, उपभोक्ता का नाम, कंपनी और गैस एजेंसी का नाम आदि विवरण भरना पड़ेगा। कंपनी के प्रतिनिधि खुद सम्पर्क करके कनेक्शन सरेंडर कराने में सहयोग करेंगे।

एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि ईरान-इजराइल युद्ध के कारण एलपीजी गैस सिलेंडर की लोगों को किल्लत का सामना करना पड़ा था। असुविधा से बचने के लिए लोग अधिक से अधिक संख्या में पीएनजी कनेक्शन लें, जिससे एलपीजी गैस सिलेंडर पर निर्भरता कम की जा सके। जिन लोगों के पास पीएनजी कनेक्शन हैं, वे स्वेच्छा से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर सकते हैं।

### पीएनजी कनेक्शन के लिए करें कस्टमर केयर नंबर पर फोन

■ राजधानी के जिन क्षेत्रों में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) लाइन की सुविधा है, वहां लोग कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए ग्रीन गैस लिमिटेड के कस्टमर केयर नंबर 6390905003 पर सम्पर्क किया जा सकता है। नए कनेक्शन के लिए गोमती नगर, इन्दिरा नगर, अलीगंज, महानगर, विकास नगर, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, वृंदावन योजना आदि क्षेत्रों के निवासी कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।



गैर सिलेंडर लेने के लिए लाइन लगाए लोग। अमृत विचार

## वृद्धा पेंशनर जन्म प्रमाण के लिए दें परिवार नकल

**अमृत विचार, लखनऊः** पूर्व में या फिर हाल में स्वीकृत जिन वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों के खातों में धनराशि नहीं पहुंची है उन्हें जन्म प्रमाण के लिए परिवार नकल व शैक्षिक प्रमाण की कॉपी ऑनलाइन अपलोड करना होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि आवेदनों में जन्म प्रमाण के तौर पर आधार कार्ड अब मान्य नहीं हैं। इस वजह से स्वीकृत आवेदकों के खातों में धनराशि नहीं पहुंची है। जिन लाभार्थियों को एक भी भुगतान नहीं हुआ है उन्हें परिवार नकल व शैक्षिक प्रमाण देना है। ऐसे आवेदनों को चिह्नित करके पोर्टल से लाभार्थियों को वापस कर रहे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### टोल टैक्स बढ़ने से बसों के किराये पड़ सकता है प्रभाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न टोल प्लाजा पर 1 अप्रैल 2026 से टोल टैक्स की दरों में वृद्धि लागू कर दी गई है। नई दरों के अनुसार अलग-अलग मार्गों पर सिंगल एक्सेल और मल्टी एक्सेल वाहनों के लिए शुल्क बढ़ाया गया है, जिससे परिवहन लागत पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। नई दरों के तहत अहमदपुर (अयोध्या-गोरखपुर मार्ग) पर सिंगल एक्सेल के लिए 385 रुपये और मल्टी एक्सेल के लिए 420 रुपये तय किए गए हैं। शहावपुर (बाराबंकी-जरवल रोड) पर 140 और 150 रुपये, जबकि बारा (लखनऊ-सुल्तानपुर) पर 375 और 405 रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह ऐहार, दखिना शेखपुर, इंटौजा, इटौरा बुजुर्ग, नूरूद्दीनपुर और नवाबगंज टोल प्लाजाओं पर भी दरों में वृद्धि की गई है। टोल दरों में बढ़ोतरी से बस और अन्य यात्री वाहनों के संचालन खर्च में वृद्धि होना तय है। इससे आम यात्रियों पर भी किराया बढ़ने का असर पड़ सकता है।

### सर्वे पूरा, बारिश से गेहूं में नहीं हुई क्षति

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग के सर्वे में बारिश से गेहूं में किसी तरह की क्षति नहीं मिली है। सभी विकास खंड से आई रिपोर्ट निदेशालय भेज दी है। बीमा कंपनी भी सर्वे रिपोर्ट सौंपेगी। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में इस दलहन-तिलहन की फसल कट चुकी है। खेतों पर सिर्फ गेहूं खड़ा है और किसान कटाई कर रहे हैं। बुधवार सुबह बूंदाबांदी से गेहूं की खड़ी और कटी फसल को नुकसान नहीं पहुंचा है। सभी विकास खंड में टीमें गठित करके सर्वे कराया था। गुरुवार को शून्य क्षति की सभी जगह से रिपोर्ट आई है। इधर, बीमित फसलों का टोलफ्री पर आई शिकायतों के आधार पर कंपनी सर्वे कर रही है। कहीं मानक के अनुसार नुकसान मिलता है तो क्षतिपूर्ति की जाएगी।

### 30 करोड़ की जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने गुरुवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम हरिहरपुर में अभियान चलाकर लगभग 30 करोड़ मूल्य की 50,000 वर्गफुट सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। गाटा संख्या 221 स, क्षेत्रफल 0.658 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में 'ऊसर' के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करके प्लॉटिंग की जा रही थी। नगर निगम टीम ने मौके पर जेसबी मशीनों की मदद से 12 भूखंडों के निर्माण ध्वस्त कर दिए।

# चार इकाइयों में ताला, एक से लिया नमूना

## कृषि विभाग ने 16 प्लाइवुड, पेंट व रेजिन इकाइयों पर मारा छापा, ज्यादातर में नहीं मिली टीजी यूरिया, बंद रहीं इकाइयां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार को टेक्निकल ग्रेड (टीजी) यूरिया को लेकर की गई छापेमारी से पेंट, प्लाइवुड, रेजिन आदि उत्पाद बनाने वाली इकाइयों में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा गठित टीमों ने 16 इकाइयों में छापेमारी करके एक में टीजी यूरिया मिलने पर नमूना लिया, जबकि चार इकाइयों में ताला लगा मिला।

जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने सरोजनी नगर और सदर, अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी ने बीकेटी, कृषि रक्षा अधिकारी महेश चंद्र ने मोहनलालगंज व भूमि संरक्षण अधिकारी संगीता कटियार ने मलिहाबाद क्षेत्र में प्लाइवुड, रेजिन और पेंट बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी की।

जिला कृषि अधिकारी व एआर को-आपरेटिव वैशाली सिंह ने तिवारी गंज चिनहट स्थित प्लाईवुड इकाई मेघालय टिंबर प्रोडेक्ट में टीजी यूरिया का इस्तेमाल होने पर नमूना लिया। इसके अलावा टीमों को तिवारी गंज स्थित प्लाईवुड इकाई ओम साईं इंटरप्राइजेज, ऐशबाग क्षेत्र में प्रिंस लुबैरिकेंट व जास प्लाइवुड, तालकटोरा क्षेत्र में अवध इंडस्ट्रीज, इंदर प्लाईवुड, मार्केटिंग इंडिया, विनायक फाइबर्स, एके फाइबर बोर्ड व काकोरी में रंजीत प्लाईवुड व महोना इंटौजा में अफजल टिंबर स्टोर में टीजी यूरिया नहीं मिली। इसके अतिरिक्त ग्राम साठामऊ सीतापुरा रोड स्थित स्टार इंटरप्राइजेज में बना हुआ रेजिन का प्रयोग करते पाया। जबकि देवा रोड पर मां वैष्णों इंटरप्राइजेज, लक्ष्मी रेजिन, लक्ष्मी इंटरप्राइजेज व ग्राम गोयला बीकेटी में पेंट की इकाई जयसंस पाउडर कोटिंगस में ताला लगा मिला। बंद इकाइयों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया जाएगा।



चिनहट स्थित मां वैष्णों इंटरप्राइजेज में लगा ताला।





चिनहट में एक प्लाईवुड इकाई में पूछताछ करते जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह।

### उद्योग में कृषि क्षेत्र की यूरिया की रहती आशंका

■ टीजी यूरिया औद्योगिक इकाइयों में पेंट, प्लाइवुड, वार्निश, पशुआहार, कुक्कुट आहार, चीनी मिल, टीईएफ आदि चीजों में इस्तेमाल होती है। इससे रेजिन भी बनता है। जो इन सभी चीजों में प्रयोग होता है। टीजी यूरिया तीन हजार रुपये तक की बोरी आती है। इसकी बजाय कृषि क्षेत्र की अनुदानित यूरिया के इस्तेमाल की आशंका रहती है। जो अनुदान काटकर किसानों को 266.50 रुपये बोरी मिलती है।

# गोदाम से गैस सिलेंडर लेने पर भी ग्राहकों को नहीं मिल रही छूट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- तेल कंपनियों के शत प्रतिशत होम डिलीवरी के दावे कागजों पर
- होम डिलीवरी न देने पर ग्राहकों को 33.43 रुपये की छूट नहीं दे रहीं एजेंसियां

**अमृत विचार :** तेल कंपनियों के शत प्रतिशत होम डिलीवरी के दावे कागजों पर अधिक धरातल पर कम दिख रहे हैं। अधिकांश उपभोक्ता गोदाम से खुद गैस सिलेंडर लेकर जा रहे हैं। उन्हें गैस एजेंसियां छूट नहीं दे रही हैं। होम डिलीवरी न होने पर ग्राहकों को लगभग 33.43 रुपये की छूट देने का तेल कंपनियों का नियम है। होम डिलीवरी के लिए तेल कंपनियां गैस एजेंसियों को अतिरिक्त धनराशि का भुगतान करती हैं। गैस एजेंसियां ग्राहकों को सिलेंडर लेने शहर से दूर स्थित गोदाम भेजने के बाद भी छूट का लाभ नहीं दे रही हैं। तेल कंपनियों के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही से उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी का लाभ न देकर गैस एजेंसियां अपनी जेब भर रही हैं।

एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि गैस एजेंसियों द्वारा शत-प्रतिशत होम डिलीवरी की जानी चाहिए। इसके लिए तेल कंपनियों के अधिकारियों से वार्ता करके निर्देशित किया जाएगा। जिस गैस एजेंसी में लापरवाही मिलेगी उसके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

### कर्मचारी कह रहे नहीं मिलेगी कोई छूट

■ गैस की किल्लत के बीच उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए खुद गैस एजेंसियों के कार्यालय और गोदामों के चक्कर लगा रहे हैं। लालबाग स्थित इंडेन कंपनी की सहकारी गैस सर्विस के कर्मचारी उपभोक्ताओं से साफ कह रहे हैं कि कोई छूट नहीं मिलेगी। सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंच लालबाग निवासी फैज ने बताया कि कर्मचारी कह रहे हैं कि कैम्पवेल रोड स्थित गोदाम से सिलेंडर लेने जाओ। लेकिन सिलेंडर लेने वहां जाने के बाद भी छूट देने से साफ मना कर देते हैं।



निरीक्षण करते मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत।

# गंदगी देख मंडलायुक्त नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ड्यूटी से गायब डॉक्टर और स्टाफ पर कार्रवाई के दिए निर्देश
- परिसर में सभी डस्टबिन कूड़े से भरे मिले

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने गुरुवार को चिनहट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में सभी डस्टबिन कूड़े से भरे हुए मिले और परिसर के विभिन्न स्थानों पर गंदगी फैली हुई थी। गंदगी देख उनका पारा चढ़ गया और कड़ी नाराजगी व्यक्त की। मौके पर 6 की जगह केवल दो सफाईकर्मी उपस्थित मिले।

जांच में कुछ डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी बिना सूचना और अवकाश स्वीकृत कराए गायब मिले। जिस पर उन्होंने सामुदायिक केंद्र की अधीक्षक डॉ. ज्योति कामले से स्पष्टीकरण लेकर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। दवा वितरण केंद्र के निरीक्षण में मंडलायुक्त को मरीजों की लंबी कतार देखने को मिली, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिरिक्त काउंटर खोलने के निर्देश दिए।

# परेशानी : एक ही दिन में तार टूटने की 20 शिकायतें दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुचारु बिजली आपूर्ति पर असर उपकेंद्रों पर पहुंच रहे उपभोक्ता
- पॉवर कारपोरेशन ने अधिकारियों और कर्मचारियों को किया अलर्ट

अमृत विचार : तेज हवाओं ने राजधानी में बिजली व्यवस्था को चुनौती में डाल दिया है। सरोजनीनगर उपकेंद्र में एक ही दिन में तार टूटने की 20 शिकायतें दर्ज हुईं। उपभोक्ताओं ने बताया कि तेज हवा के कारण पोल से तार टूटकर गिर गए। वहीं गोमतीनगर विस्तार उपकेंद्र में भी ऐसे पांच से अधिक मामले सामने आए, जहां पेड़ों की टहनियां तारों पर गिरने से आपूर्ति प्रभावित हुई। चिनहट समेत अन्य उपकेंद्रों में भी इसी तरह की शिकायतें मिलीं, जिससे कई इलाकों में घंटों बिजली बाधित रही और लोग तीन घंटे तक परेशान रहे।

शहर के सरोजनीनगर, नादरगंज, बीकेटी, चिनहट, मड़ियांव, गुडंबा, जानकीपुरम और ऐशबाग सहित कई क्षेत्रों में तेज हवाओं के कारण तार टूटने और झूलने की घटनाएं बढ़ गई हैं। झूलते तारों के आपस में टकराने से स्पार्किंग और शॉर्ट सर्किट की स्थिति बन रही है, जिससे आपूर्ति बाधित हो रही है। कई जगह पेड़ों की शाखाएं टूटकर तारों पर गिर रही हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

स्थिति को देखते हुए पॉवर कारपोरेशन अलर्ट मोड में है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि तार टूटने की सूचना मिलते ही लाइनमैन को मौके पर भेजकर तुरंत आपूर्ति बहाल कराई जाए, ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। वर्टिकल व्यवस्था के तहत उपकेंद्रों के अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्रों में लगातार दौरा कर रहे हैं।

### यूपी में 16 घंटे बंद रहेंगी बिजली सेवाएं

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। पावर कॉर्पोरेशन की आईटी सेल की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, राज्य में 3 अप्रैल रात 10 बजे से 4 अप्रैल दोपहर 2 बजे तक कुल 16 घंटे के लिए बिजली से जुड़ी सभी उपभोक्ता सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा किया जा सकेगा। साथ ही, प्रीपेड मीटर उपभोक्ता भी अपना मीटर रिचार्ज नहीं कर पाएंगे। आईटी सेल के अधीक्षण अभियंता अरविंद सिंह ने यह सर्कुलर पूर्वांचल (वाराणसी), मध्यांचल (लखनऊ), पश्चिमांचल (मेरठ), दक्षिणांचल (आगरा) और केस्को (कानपुर) डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को भेजा है। सर्कुलर में बताया गया है कि इस अवधि में आरएमएस बिलिंग प्रणाली का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा, जिसके चलते उपभोक्ता पोर्टल और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पूरी तरह से बंद रहेंगे। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर में बैलेंस कम है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे शुक्रवार से पहले ही रिचार्ज कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।



केबल डालने के लिए खोदी गई सड़क।

### बिजली विभाग ने खोदकर छोड़ दी सड़क

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन 3 के जानकीपुरम सेक्टर एम में 60 फिटा रोड से आकांक्षा परिसर होते हुए रॉयल इनफील्ड शोरूम तक बिजली विभाग ने 15 दिनों से करीब दो किलोमीटर सड़क खोदकर छोड़ दी है। बिजली के केबल डालने के लिए जेसीबी से खुदाई करते समय पानी की लाइन क्षतिगस्त हो गई है, जिससे लगातार पानी बह रहा है। कुछ दिन पहले ही इस डिवाइडर रोड पर व्हाइट मार्किंग की गई थी। सड़क खुदी होने से यहां रोज जाम लग रहा है और लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय निवासी परेशान हैं। वाटर लाइन टूट जाने से कई घरों में जलापूर्ति बाधित है, जिससे क्षेत्रीय निवासियों में बिजली विभाग और नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति आक्रोश है।

## सुविधा

महापौर ने कहा विकास और विरासत के बीच संतुलन बनाए रखें

# 29 .62 करोड़ की 456 परियोजनाओं का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 29.62 करोड़ से सड़कों, नालियों एवं पार्कों सहित कुल 456 विकास परियोजनाओं का गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने लालबाग स्थित झंडी वाला पार्क में लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लखनऊ एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी होने के साथ-साथ तेजी से विकसित होता आधुनिक शहर भी है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम विकास और विरासत के बीच संतुलन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, अभियंताओं और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों से ही यह कार्य संभव हो पाया।

इस अवसर पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी, उपनेता पार्षद दल भाजपा सुशील तिवारी 'पम्मी', नगर आयुक्त गौरव कुमार, पार्षद सफीकुर रहमान, गिरीश गुप्ता, आशीष हितैषी, यावर हुसैन रेशु, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, नगर अभियंता अतुल मिश्रा आदि उपस्थित थे।





नगर निगम झंडी पार्क में नगर निगम के विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास करती महापौर सुषमा खर्कवाल

### पोर्टल से कर सकेंगे कल्याण मण्डपों की ऑनलाइन बुकिंग

■ कार्यक्रम के दौरान महापौर ने नगर निगम निगम के कल्याण मण्डपों और सामुदायिक केंद्रों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए पोर्टल का शुभारंभ किया। इससे लोग अब घर बैठे कल्याण मण्डपों की बुकिंग करा सकेंगे। अभी तक लोगों को बुकिंग कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। नागरिक ऑनलाइन उपलब्धता देखकर ऑनलाइन बुकिंग करा सकेंगे।

# छह अस्पतालों की जांच कर साधी समिति ने चुप्पी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निजी अस्पतालों की क्रिटिकल केयर यूनिट में दूसरी विधा के चिकित्सकों के संचालन का मामला

**अमृत विचार:** निजी अस्पतालों की क्रिटिकल केयर यूनिट भगवान भरोसे है। क्रिटिकल केयर यूनिट एमबीबीएस के बजाय दूसरी विधा के डॉक्टर संचालित कर रहे हैं। इसे लेकर विधान मंडल की महिला एवं बाल विकास समिति ने डीजी को निर्देश देकर जांच कराने के निर्देश दिए थे। सीएमओ ऑफिस के अफसरों ने पांच से छह बड़े अस्पतालों का निरीक्षण कर रिपोर्ट डीजी को भेजकर चुप्पी साध ली। मामला ठंडे बस्ते में पहुंच गया है। वहीं छोटे व मझोले अस्पतालों में समिति झांकने तक नहीं गई। ऐसे में मरीजों की सेहत संग खिलवाड़ हो रहा है।

शहर में करीब एक हजार से निजी अस्पतालों का संचालन हो रहा है। इसमें करीब छह सौ अस्पतालों में क्रिटिकल केयर यूनिट का संचालन हो रहा है। कागजों पर क्रिटिकल केयर यूनिट संचालन के लिए एमबीबीएस डॉक्टर लगे हैं मगर यूनिट दूसरी विधा के डॉक्टर चला रहे हैं। उप्र विधानमंडल की महिला एवं बाल विकास संबंधी बैठक में निजी अस्पतालों की क्रिटिकल केयर यूनिट की जांच कराने के निर्देश डीजी हेल्थ को दिए थे। डीजी ने सीएमओ लखनऊ डॉ. एनबी सिंह को जांच कराकर रिपोर्ट मांगी थी। सीएमओ ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित किया था। कमेटी के हर सदस्य को अलग-अलग इलाके का प्रभारी बनाकर निजी अस्पतालों की जांच कराई जानी थी। अफसरों ने पांच छह बड़े अस्पतालों की जांच करके रिपोर्ट डीजी हेल्थ को भेजकर मामले को निपटा दिया।

### छह माह पहले बनी थी कमेटी

■ सीएमओ ने निजी असपतालों की जांच के लिए छह माह पहले कमेटी बनाई थी। इसमें डॉ.एपी सिंह, डॉ. निशांत निर्वाण, डॉ. रवि पांडेय, डॉ. केडी मिश्रा, डॉ. संदीप सिंह शामिल हैं। पांच सदस्यीय कमेटी छह माह में महज 16 अस्पतालों का निरीक्षण किया था। जिसमें दस अस्पतालों में एमबीबीएस डॉक्टर तक नहीं मिले थे।

### निरीक्षण में मिलते दूसरी विधा के डॉक्टर

■ नर्सिंग होम के नोडल डॉ. एपी सिंह व डॉ. संदीप सिंह ने दुबग्गा इलाके के दस अस्पतालों में छापा मारा था। इसमें दो अस्पताल अवैध मिले थे। जबकि आठ अस्पतालों में एमबीबीएस डॉक्टर तक नहीं मिले। अफसरों ने नोटिस थमाई और फिर मामले में सांठगांठ कर दबा गए।

## सिटी ब्रीफ

### फर्जीवाड़े में महिला गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर थाना पुलिस ने जमीन के जाली दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि बलसिंह खेड़ा के रहने वाले विनय कुमार ने 12 नवंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि गांव में रहने वाली आशीष कुमारी उर्फ राज रानी और अन्य आरोपियों ने फर्जी वसीयत तैयार कर उसकी जमीन हड़प ली। साथ ही विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सामने आया कि आशीष कुमारी ने जाली दस्तावेजों के माध्यम से भूमि कब्जाने की साजिश रची थी। इसके बाद पुलिस ने तलाश शुरु की लेकिन वह लगातार फरार चल रही थी। पुलिस टीम ने गुरुवार को आशीष कुमारी उर्फ राजरानी (57) को उसके घर के सामने से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया गया है। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### महिला सिपाही को कुचलने का प्रयास

अमृत विचार, गोसाईंगंज : पुलिस मुख्यालय से ड्यूटी कर घर लौट रही महिला सिपाही रंजना मिश्रा की स्कूटी में बुधवार शाम करीब 7 बजे पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक ने कुचलने का प्रयास किया। उसके बाद फर्राटा भरते हुए फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि लोहिया मातृत्व अस्पताल के पास सिग्नल पर रूककर रास्ता साफ होने का इंतजार कर रही थीं। तभी यह घटना हुई। सिपाही रंजना ने कूदकर अपनी जान बचायी। घटना में उनकी स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़िता पुलिस मुख्यालय के स्थापना शाखा में तैनात है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### इलेक्ट्रिकल दुकान से लाखों का माल चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र में चोरों ने इलेक्ट्रिकल दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने करीब एक लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बेहसा निवासी इल्तिजा खान की पुरानी चुंगी स्थित गुरुनानी मार्केट में सेल व सर्विस की इलेक्ट्रिकल दुकान है। 27 मार्च की सुबह जब वह अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित का कहना है कि गल्ले में रखे करीब 24 हजार रुपये, दो नए समरसेबल (लगभग 25 हजार रुपये), चार तैयार समरसेबल (करीब 20 हजार रुपये), करीब 6.5 किलो पुराना तांबा (करीब 6500 रुपये), तीन सेमी ऑटोमैटिक पैनल (करीब 5500 रुपये), दो टेस्टिंग मीटर (करीब 2200 रुपये) और एक हजार की टूल किट समेत एक लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान गायब मिला। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

### डाला ने बाइक में मारी टक्कर, चार लोग घायल

अमृत विचार, काकोरी : थाना क्षेत्र के मोहान रोड पर ग्वालपुर गांव के सामने गुरुवार देर शाम बेकाबू डाला ने बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने काकोरी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने डाला समेत दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों में बाइक सवार गोपी चंद्र निवासी गोहरामऊ, डाला चालक नन्हक्के, उनके बेटे आकाश व वाशु हैं।

### पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी, एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय संस्कृति, बहनों व प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी सोशल मीडिया पर की गई। इस मामले की जानकारी होने पर अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी लालबाग इलाके में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गोमतीनगर स्थित विनयखंड-3 निवासी नितिन वर्मा सोशल मीडिया पर भारत और उसकी संस्कृति के खिलाफ पोस्ट अपलोड कर रहा है। भारत की बहन-बेटियों को सोशल मीडिया पर गलियां देता हैं। अश्लील विडियो अपलोड करता है। यही नहीं प्रधानमंत्री के लिए भी अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। शिशिर का कहना है कि आरोपित भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार कर रहा है।

# रेलवे ट्रैक पर मिले किशोर के शव की शिनाख्त, थाने पर हंगामा

## रेलवे ट्रैक पर मिले किशोर के शव की शिनाख्त, हत्या का आरोप लगाकर थाने पर हंगामा

संवाददाता, गोसाईंगंज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र स्थित अनूपगंज रेलवे कासिंग के पास पटरी पर मंगलवार देर रात मिले शव की शिनाख्त अभय राज अवस्थी (17) निवासी के रूप में हुई। गोसाईंगंज पुलिस घटना को हादसा बताती रही, जबकि परिजन हत्या का आरोप लगात रहे। कार्रवाई न होने पर सैकड़ों लोगों ने गुरुवार को गोसाईंगंज थाने पर हंगामा कर धरना दिया। पिता का आरोप कि बेटे की हत्या कर आरोपियों ने शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिया। करीब एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

गोसाईंगंज के शिवलर गांव निवासी रामगोपाल अवस्थी ने बताया कि उनका बेटा अभय राज अवस्थी खुर्दही बाजार में कपड़े की दुकान चलाता था। मंगलवार को जब रात अभय घर नहीं लौटा तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। लेकिन पता न चलने पर पिता थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की जानकारी दी। हुलिये के आधार पर परिजन ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की पहचान अभय के रूप में की।

राम गोपाल अवस्थी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात करीब 9 बजे उनका बेटा अभय राज दुकान बंद कर अपने साथी हर्ष द्विवेदी के साथ मोहनलालगंज रोड स्थित यूको बैंक तक गया था। वहां से हर्ष द्विवेदी उसे छोड़कर चला गया, इसके बाद अभय घर नहीं लौटा और लापता हो गया। खोजबीन के दौरान हर्ष से पूछा तो वह टालमटोल करता रहा।

आरोप है कि कुछ दिन पहले अभिषेक मिश्रा अपने दो साथियों के साथ अभय की दुकान पर पहुंचा था। पुरानी रंजिश के चलते अभिषेक ने अभय को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके अलावा अभिषेक ने फोन कॉल और व्हाट्सएप पर भी बार-बार धमकियां दी थीं, जिनके स्क्रीनशॉट और रिकॉर्डिंग परिजन के पास सुरक्षित हैं। परिवार का दावा है कि अभिषेक मिश्रा निवासी मानकनगर, हर्ष द्विवेदी निवासी शिवलर, अन्नू शुक्ला निवासी खुर्दही समेत अन्य साथियों ने मिलकर अभय की हत्या की और शव ट्रैक पर फेंक दिया।



थाने के सामने प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण (इनसेट में अभय)। अमृत विचार

- पिता की तहरीर पर तीन नामजद व दो अज्ञात पर हत्या की रिपोर्ट
- गोसाईंगंज के अनूपगंज रेलवे क्रासिंग का मामला, खंगाली जा रही सीसीटीवी कैमरे की फुटेज

### पुलिस पर लीपापोती का आरोप

- गुरुवार को शव की पहचान होने के बाद परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस पर लीपापोती और रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी का आरोप लगाया। जिसके बाद सैकड़ों लोगों थाने में हंगामा कर धरना दिया। करीब एक घंटे तक चले विरोध के बाद पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की।

### पुलिस की जांच और आगे की कार्रवाई

- इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार परिजनों की मौजूदगी में कराया गया। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# बेकाबू ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार कक्षा एक के छात्र की मौत

संवाददाता, मोहनलालगंज/सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज के रानीखेड़ा में गुरुवार को बेकाबू ऑटो ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर से चाचा संग साइकिल से जा रहे सात वर्षीय भतीजा घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां मासूम की मौत हो गयी। वहीं, सरोजनीनगर में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गयी।

कोराना गांव निवासी रवि कुमार का बेटा पीयूष यादव उर्फ अभि (07) निजी स्कूल में कक्षा-एक का छात्र था। परिवार में रवि की पत्नी सीमा और छोटा बेटा अवि हैं।अमरेश यादव ने बताया कि भतीजा पीयूष पेट दर्द से परेशान था। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे अमरेश पीयूष को लेकर साइकिल से दवा लेने मोहनलालगंज सीएचसी जा रहा था। रानीखेड़ा गांव के पास बेकाबू ऑटो ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों दूर जा गिरे। हादसे में मासूम पीयूष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक ऑटो लेकर भाग निकला।

जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। घायलों को एपेक्स ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान देर शाम पीयूष ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर घर पहुंचते ही मां गश खाकर गिर गयी। परिजन ने उसे संभाला। वहीं, सरोजनी नगर के अमौसी स्थित हिंदू खेड़ा निवासी रामू धीमान (55) मजदूरी करते थे। बुधवार शाम करीब 7 बजे वह मजदूरी करके साइकिल से वापस घर लौट रहे थे। तभी गौरी-अमौसी रेलवे स्टेशन रोड पर बेकाबू बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। घायल रामू को गंभीर हालत में लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान रामू की मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा अक्षत है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- हादसे के बाद चालक ऑटो लेकर फरार, चाचा भर्ती
- सरोजनीनगर में बाइक की टक्कर से मजदूर की गयी जान



पीयूष

### कबूतर दिलाने के बहाने बच्चे से कुकर्म

**अमृत विचार, लखनऊ:** अलीगंज में सात वर्षीय बच्चे को कबूतर दिलाने का झांसा देकर किशोर ने कुकर्म किया। विरोध करने पर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। अलीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर 16 वर्षीय किशोर को पकड़ लिया। पुलिस ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया है। अलीगंज निवासी बच्चे के पिता ने बुधवार को अलीगंज थाने में 1 अप्रैल को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के रहने वाला किशोर 31 मार्च को उनके बेटे को कबूतर दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया।

# गोमती में कूदी युवती पुलिस ने बचाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 1090 चौराहे के पास गुरुवार देर शाम युवती ने गोमती नदी में छलांग लगा दी। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही हजरतगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवती को बचा लिया।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि युवती को श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल अस्पताल) पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत पहले से बेहतर है। पूछताछ में पीड़िता ने अपना नाम साहिबा बताया। वह मूल रूप से पारा के सदरौना स्थित काशीराम कालोनी की रहने वाली है। फिलहाल कूदने का कारण नहीं पता चल सका है। परिजन से संपर्क किया गया है। अगर परिजन कोई शिकायत करेंगे तो कार्रवाई की जाएगी।

# शाखा प्रबंधक पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी), लखनऊ ने एनसीसीएफ कानपुर शाखा के प्रबंधक अनुराग शर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक एनीस जोसेफ चंद्र द्वारा भेजे गए पत्र के बाद की गई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर सीबीआई में शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि अनुराग शर्मा ने अपनी पत्नी और एक कारोबारी के साथ मिलकर लाखों रुपये का अनुचित लाभ हासिल किया।

- सीबीआई की लखनऊ एसीबी ने जांच के बाद की कार्रवाई

**प्रबंध निदेशक एनीस जोसेफ चंद्र के पत्र पर दर्ज हुआ केस**

शिकायत के अनुसार, अनुराग शर्मा सूचीबद्ध विक्रेताओं व आपूर्तिकर्ताओं को लाइसेंस और अन्य लाभ दिलाने के एवज में रिश्वत लेते थे। जांच में सामने आया कि उन्नाव के औरस बाजार में उनकी पत्नी प्रतिभा शर्मा को मार्च 2025 में करीब 1.38 करोड़ रुपये के लाइसेंस शुल्क पर शराब की दुकान आवंटित हुई। इस लाइसेंस से जुड़े भुगतान में भी अनियमितताएं पाई गईं। मेसर्स जायसवाल ट्रेडिंग कंपनी के मालिक सुनील जायसवाल से 17 लाख रुपये सरकारी खाते में जमा कराए गए, जबकि करीब 13.80 लाख रुपये आरोपी की पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए गए। इसी राशि से सावधि जमा बनाकर उसे आबकारी विभाग के पक्ष में गिरवी रखा गया। सीबीआई के अनुसार, अनुराग शर्मा ने पत्नी और कारोबारी के साथ मिलकर 30.80 लाख रुपये का अनुचित लाभ प्राप्त किया। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और बीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर जांच उप मुख्य निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह को सौंपी गई है।

### दो युवकों के खाते से उड़ाए 2.29 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठगों ने दो युवकों के खातों से कुल 2.29 लाख रुपये उड़ा लिए। आशियाना के एल्डिको उद्यान, बसंत विहार निवासी निगम कुमार ने स्विगी से खाना ऑर्डर किया था, जिसे कैंसिल करने के बाद उन्होंने गूगल से कस्टमर केयर नंबर खोजकर कॉल की। बाद में व्हाट्सएप कॉल पर जालसाज ने फाइल भेजी, जिसे खोलते ही उनके खाते से 95,999 रुपये कट गए। वहीं नगराम निवासी मोहित कुमार बाजपेई के साथ 18 मार्च को फेसबुक देखते समय मोबाइल स्क्रीन ब्लैक हो गई और उनके दो खातों से 1,32,900 रुपये निकल गए।

# रंजिश में प्रधानाध्यापक पर फायरिंग

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार:** रहीमाबाद के रेलवे स्टेशन के पास जुगराजगंज स्थित प्रभावती देवी शिक्षण संस्थान में घुसे युवक ने प्रधानाध्यायक को गोली मार दी। गोली प्रधानाध्यापक के पेट में लगी। वह गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना गुरुवार दोपहर की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। मामले में विजयपाल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसीपी मलिहाबाद सुजीत दुबे के मुताबिक आरोपी की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह गुरुवार दोपहर कार्यालय में बैठे थे। तभी गांव का विजयपाल वैगनआर कार से स्कूल पहुंचा और रंजिश के कारण उसने अनिल कुमार सिंह को निशाना बनाते हुए फायर कर दिया। हमले के दौरान प्रधानाध्यापक पास रखी लोहे की अलमारी की आड़ में छिप गये। गोली अलमारी के लाकर से टकराकर दिशा बदलते हुए उनके पेट में लगी। इसके बाद वह बेसुध होकर गिर पड़े।

गोली चलने की आवाज से स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके का फायदा उठाकर आरोपी धमकाते हुए भाग निकला। शिक्षक जगदीश, कंचन, अमित और मानसी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल प्रधानाध्यापक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी विजयपाल के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश को हमले की मुख्य वजह माना जा रहा है।

- प्रभावती पीवी शिक्षण संस्थान में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

# प्लॉट का झांसा देकर सिपाही की पत्नी से ठगे साढ़े सात लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी मैजिस्टिक्स इंफ्रा डेवलपर्स कंपनी निदेशकों ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर सिपाही की पत्नी से साढ़े सात लाख रुपये ऐंठ लिए।

कानपुर बर्रा निवासी निकिता सिंह परमार के सिपाही पति संजय सिंह कन्नौज में तैनात हैं। निकिता बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए लखनऊ में रहना चाहती थी। इसी दौरान वर्ष 2023 में पीड़िता परिवार संग लखनऊ में रिश्तेदार के घर आए थे। इसी दौरान प्रांशु दीक्षित निवासी बंगला बाजार आशियाना और अमन दुबे निवासी गंगोत्री एंक्लेव सुशांत गोल्फ सिटी ने संपर्क किया। बताया कि वे मैजिस्टिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दरोगा खेड़ा में प्लाटिंग कर रहे हैं। आरोपियों ने प्लॉट दिखाया। पसंद आने पर कार्यालय में डॉयरेक्टर सुमिता मिश्रा, साक्षी धवन और नीलम दीक्षित से मुलाकात करायी।

पीड़ित ने 1250 स्क्वॉयर फीट का प्लॉट बुक कराया। जिसपर सौदा 14,38,750 रुपये तय हुआ। जुलाई 2024 तक दंपति ने साढ़े सात लाख रुपये दिए। रजिस्ट्री के लिए संपर्क करने प र टालमटोल की गयी। धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़िता निकिता सिंह परमार ने डॉयरेक्टर समेत पांचों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# मेट्रो के लॉस्ट एंड फाउंड सेल ने लौटाया यात्री का लैपटॉप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अंतर्गत संचालित लखनऊ मेट्रो का लॉस्ट एंड फाउंड सेल एक बार फिर यात्रियों के लिए भरोसेमंद साबित हुआ। दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा कर्मियों को गेट नंबर 1 के पास एक लावारिस लाल रंग का लैदर बैग मिला। सुरक्षा सतर्कता के तहत बैग की जांच की गई, जिसमें एक एप्पल लैपटॉप और विजिटर कार्ड मिला।

सुरक्षा कर्मियों ने बैग को स्टेशन कंट्रोलर के सुपुर्द किया। गार्ड सुपरवाइजर ध्रुव पाठक ने कार्ड पर दिए नंबर के जरिए यात्री आदित्य कुमार (सिवान, बिहार) से संपर्क किया। आवश्यक सत्यापन के बाद लैपटॉप सुरक्षित यात्री को सौंप दिया गया। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि मेट्रो कर्मियों की ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा यात्रियों का भरोसा मजबूत करती है।



यात्री को बैग लौटते मेट्रो कर्मी। अमृत विचार

# बंद खाते के चेक से कराया 8.90 लाख का भुगतान, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की दुर्गागंज शाखा में बंद खाते के चेक के जरिए 8.90 लाख रुपये की हेराफेरी का मामला सामने आया है। विभागीय जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद बैंक ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर काकोरी थाने में दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

शाखा प्रबंधक अभय शंकर के अनुसार, दुबग्गा निवासी संजीव मिश्रा ने 18 सितंबर 2024 को करीब 8.90 लाख रुपये का चेक भुगतान के लिए प्रस्तुत किया था। यह चेक आईडीबीआई बैंक की खुनखुन जी रोड शाखा के खाताधारक हलीम के हस्ताक्षर से जारी बताया गया। जांच में पता चला कि संबंधित खाता पहले ही बंद हो चुका था। इसके बावजूद जालसाजी कर भुगतान कर लिया गया और रकम खाते में आने के बाद कई बार में निकाल ली गई। बैंक की ओर से नोटिस और संपर्क के बावजूद आरोपियों ने सहयोग नहीं किया और अभद्रता की। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर सतीश राठौर के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया दुर्गागंज शाखा में हुई हेराफेरी

**दबंगई** | बीच-बचाव करने पर अधिवक्ता को भी पीटा, मड़ियांव थाने में रिपोर्ट

# बिरयानी के पीस को लेकर विवाद, ग्राहकों को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे स्थित एक रेस्टोरेंट में बिरयानी के पीस को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि संचालक ने कर्मचारियों के साथ मिलकर ग्राहकों पर हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों युवकों को सड़क पर दौड़ाकर रॉड और डंडों से पीटा गया, जिससे एक का सिर फट गया और हाथ टूट गया।

टेढ़ी पुलिया निवासी सूरज प्रजापति ने बताया कि वह बुधवार रात अपने साथी मो. आमिर के साथ मुगलई जायका रेस्टोरेंट पर बिरयानी पैक कराने गए थे। इसी दौरान बिरयानी के पीस को लेकर रेस्टोरेंट मालिक रिजवान से कहासुनी हो गई। आरोप है कि बात बढ़ने पर रिजवान ने अपने साथी जमीर और अन्य कर्मचारियों को बुलाकर दोनों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने रॉड और डंडों से वार कर सूरज को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया।

बीच-बचाव करने पहुंचे अधिवक्ता देवेंद्र प्रताप सिंह को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। वहीं मोहम्मद आमिर भी घायल होकर अचेत हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच की जा रही है।

- सड़क पर दौड़ाकर रॉड से हमला, एक का सिर फटा, हाथ टूटा

### रेस्टोरेंट के बाहर कार का शीशा तोड़कर लूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट के पास रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी वकील की कार का शीशा तोड़कर असलहे से लैस युवकों ने नकदी लूट ली। विरोध करने पर वकील को जान से मारने की धमकी दी। असलहा लहराते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता असीम मिश्र के मुताबिक 30 मार्च को हाईकोर्ट के गेट नंबर-7 के पास उबाल रेस्टोरेंट पर अपने दोस्त के बेटे के जन्मदिन कार्यक्रम में कार से गए थे। रात करीब 8:30 बजे 6 युवक रेस्टोरेंट में असलहे लेकर दाखिल हुए थे। इसके बाद युवक रेस्टोरेंट के बाहर निकले थे। उनकी कार का शीशा तोड़कर उसे से 26,700 रुपये लूटे और अंदर रखे जरूरी दस्तावेज लेकर चले गये। पीड़ित के विरोध करने पर युवकों ने असलहे लहराते हुए पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़ित की तहरीर पर विभूतिखंड पुलिस ने इस मामले में दूसरे दिन रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पूर्व विधायक की संपत्ति हड़पने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदिरानगर में बहेड़ी के पूर्व विधायक स्व. हरिश्चंद्र गंगवार की संपत्ति हड़पने की कोशिश का मामला सामने आया है। जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर सेक्टर-10 स्थित मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया। जानकारी होने पर उनके पुत्र राजेश गंगवार ने पुलिस में तहरीर दी, जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

राजेश गंगवार ने पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2019 में उनके बेटे मयंक गंगवार ने उनकी इच्छा के विरुद्ध एकता सिंह से विवाह किया था। इसके बाद एकता ने परिवार पर दबाव बनाकर संपत्ति हड़पने की कोशिशें शुरू कर दीं। इस दौरान हमले भी किए गए, जिस पर 2019 में ही इंदिरानगर थाने में जान से मारने के प्रयास समेत कई धाराओं में मयंक और एकता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पुलिस चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

उन्होंने बताया कि 7 जनवरी 2020 को मयंक को चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रजिस्ट्री करा दी गई थी। इसके बाद एकता ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया, जिससे वे बरेली चले गए। आरोप है कि उनके बरेली जाने के बाद एकता ने इंदिरानगर स्थित मकान के संबंध में फर्जी शपथ पत्र तैयार कर खुद को मालिक बताकर कई लोगों से किराए के नाम पर धोखाधड़ी की। साथ ही वर्तमान किराएदार और उनके खिलाफ विभिन्न थानों में झूठी शिकायतें भी दर्ज कराईं।

जब राजेश गंगवार ने मकान बेचने की प्रक्रिया शुरू की, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और उनकी सामाजिक छवि खराब करने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी बताया कि एकता सिंह के खिलाफ लखनऊ के कई थानों में पहले से मुकदमे दर्ज हैं। इंस्पेक्टर इंदिरानगर अजय नारायण सिंह के अनुसार तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

- इंदिरानगर सेक्टर-10 में है पूर्व विधायक का आवास
- फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान पर कब्जा करने का प्रयास

## सिटी ब्रीफ

### श्रीमद्भागवत कथा आज से

**अमृत विचार, लखनऊ।** लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से 3 से 9 अप्रैल तक गीता भवन राजा बाजार में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी ने बताया कि कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक किया जाएगा। संयोजक क्षमा रस्तोगी ने बताया कि कथा से पहले 3 अप्रैल को दोपहर 3 बजे भव्य कलश यात्रा बिहारी जी मंदिर, रस्तोगी टोला, राजाबाजार से शुरू होकर कथा स्थल गीता भवन के लिए प्रस्थान करेगी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकली बाइक यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल लखनऊ पश्चिम ने बाइक यात्रा का आयोजन किया। हरिओम मन्दिर से शुरू हुई बाइक यात्रा लालबाग स्थित नूर मंजिल होती हुई नावेल्टी सिनेमा, हजरतगंज, प्रेस क्लब, परिवर्तन चौक, केडी सिंह बाबू स्टेडियम, हजरतगंज होती हुई जीपीओ स्थित पटेल पार्क पहुंचकर समाप्त हुई। जिला संगठन मंत्री समरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी हिन्दू सहोदर भाई हैं, कोई भी हिन्दू पतित नहीं है। जिला संयोजक बजरंग दल यादवेंद्र ने कहा कि बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आप में बजरंगी है। जिला अध्यक्ष सुभाष शर्मा, जिला कार्याध्यक्ष अंकुश सूरी, जिला मंत्री पंकज तिवारी, जिला सह मंत्री तरनजीत सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख गणेश शंकर पंवार, संयोजिका रीना विक्रम सिंह आदि इस यात्रा में शामिल रहे।

### अंतरजनपदीय ट्रांसफर की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राथमिक विद्यालयों में स्वैक्षिक सरप्लस ट्रांसफर होने से शिक्षकों को काफी लाभ हुआ है। अपना मनपसंद विद्यालय पाकर शिक्षक संतुष्ट हुए हैं, जबकि कुछ शिक्षक जो स्वैच्छिक सरप्लस ट्रांसफर का लाभ नहीं ले पाए वह अंतरजनपदीय व जनपदीय ट्रांसफर न होने से निराश हैं। शिक्षक पिछले काफी समय से अंतरजनपदीय ट्रांसफर के साथ जिले में ट्रांसफर की मांग कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि जनपद में पिछले 10, 12 साल से एक ही जगह पर कार्य करते-करते उनके मनोबल व उत्साह पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।


हजरतगंज क्षेत्र के दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के समीप महावीर जयन्ती पर लगे भण्डारे से प्रसाद ग्रहण करते भक्त।


सजी हनुमान जी की मूर्ति।


प्रसाद लेने को कतार में खड़ी महिलाएं
अमृत विचार

# जय श्री राम और जय हनुमान से गुंजायमान हुए मंदिर

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में सुबह से ही मंदिरों में लगी भक्तों की कतारें, हर ओर सुनाई दी भजनों की गूंज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को राजधानी के मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयकारों के साथ दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में पहुंचते रहे। शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और हर ओर भक्ति की गूंज सुनाई दी।

**भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा माहौल:** मंदिरों को फूल-मालाओं और आकर्षक रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर दिव्यता से जगमगा उठा। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। 'आरती कीजै हनुमान लला की' और 'जय हनुमान ज्ञान गुन सागर' जैसे भजनों से मंदिर परिसर गुंजायमान होता रहा। भक्ति गीतों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया।

**प्रमुख मंदिरों में लगी लंबी कतारें:** हनुमान सेतु मंदिर, हनुमंत धाम, अलीगंज हनुमान मंदिर और दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर समेत शहर के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिरों के कपाट खुलते ही दर्शन के लिए भक्तों का तांता लग गया, जो दिनभर जारी रहा।


लेटे हुए हनुमान मंदिर में पूजा करते भक्त।


हनुमान जयंती पर हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन करने वालो की भीड़ ।

### भंडारे व सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी

- कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्यों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। भक्तों ने बजरंगबली से सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और देश में शांति की कामना की। हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व आस्था, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है, जो श्रद्धालुओं को जीवन में साहस और आत्मविश्वास प्रदान करता है।

### लेटे हुए हनुमान जी को लगा 51 किलो के लड्डू का भोग

- लेटे हुए हनुमान जी मन्दिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने मन्दिर को केसरिया गुब्बारों से सजाया। जन्मदिन पर हनुमान जी को 51 किलो के लड्डू से भोग लगाया गया। हनुमान जयंती मनाने पहुंचे हजारों भक्तों ने हनुमान को सिन्दूर चढ़ाया, उन्हें चोला और प्रसाद चढ़ाया। जन्मदिन पर उनका विशिष्ट श्रृंगार किया। मन्दिर के मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने हनुमान जी की महाआरती उतारी। हनुमान जी की बाल रूप में लेटी हुई अष्टधातु की मूर्ति को पंचामृत से सभी भक्तों ने स्नान कराया। दोपहर में भजन गायक शशांक ने सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर में आए भक्तों ने भंडारे का आनंद उठाया। शाम को हनुमान जी को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सेवादार डॉ. पंकज सिंह भदोरिया, रिद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, अखिलेश कुमार, सुरेंद्र सूदन, अजय मेहरोत्रा, प्रहलाद अग्रवाल, लवलीन खोसला मुख्य रूप से मौजूद रहे। चौपटिया स्थित कक्कड़ पार्क में भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में पूरी सब्जी, कढ़ी चावल का वितरण अतुल और उनकी टीम ने किया। चौपटिया संकट मोचन हनुमान मंदिर में बाबा का भाव श्रृंगार हुआ। शाम को बिंदु टंडन, अनिल टंडन और श्यामू यादव के साथ भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ किया।

### हनुमानजी का तिल के तेल से सिंदूर लेपन

- चौक कोतवाली स्थित कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मन्दिर के महंत विशाल गौड़ ने हनुमान जी को शिव का अवतार और राम का परम भक्त बताया। महंत विशाल गौड़ ने बताया कि सुबह 4 बजे स्नान के बाद हनुमानजी का तिल के तेल से सिंदूर लेपन हुआ, चांदी का वर्क एवं इत्र लगाकर फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया और विशेष आरती हुई। हनुमानजी को लड्डू- बूंदी और फलों का भोग लगाया गया। इस मौके पर पूरे मंदिर को दो कुंटल फूलों से सजाया गया। सुबह 6 बजे से देर रात तक मन्दिर में भक्तों का तांता लगा रहा। महंत ने बताया कि इस दिन विशेष पूजा, हनुमान चालीसा का पाठ और मंदिरों में चोला चढ़ाने की परंपरा है। उन्होंने बताया कि जो लोग हनुमान चालीसा, मंत्र जाप और पूजा विधि के अनुसार हनुमान की आराधना सही समय और विधि से पूजा करते हैं तो बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और भक्तों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सफलता आती है।

### श्री बालाजी महाराज की 14वीं शोभायात्रा का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के राजाजीपुरम में बालाजी महासभा द्वारा शोभायात्रा यात्रा 02 अप्रैल 2026, निकल गई और तत्वावधान में बालाजी महासभा संस्थापक शैलेंद्र तिवारी उर्फ शैली की अगुवाई में 14 वीं दिव्य एवं भव्य शोभायात्रा दोपहर 2:30 बजे से शुभारंभ हुई जो न्यू हैदरगंज से राजाजीपुरम के विभिन्न मार्गों से होते हुए टडियन हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में सुसज्जित घोड़े, ऊंट एवं आकर्षक बग्घियों के साथ भगवान बालाजी की मनमोहक झांकियां भी शामिल रहीं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। इस आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष शीतल तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष अजय दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवपाल सांवरिया, प्रदेश अध्यक्ष महिला मानसी तिवारी कोषाध्यक्ष मयंक पांडेय, प्रदेश मीडिया प्रभारी जय त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष विशाल सिंह प्रदेश प्रवक्ता सोनू पंडित अधिवक्ता अध्यक्ष ललित मिश्रा कार्यकारणी सदस्य राम दयाल सोनी सहित प्रेमा बनर्जी, प्रखर तिवारी, मयंक मिश्रा आयुष तिवारी एवं छोटू यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे बालाजी महासभा ने शामिल श्रद्धालुओं एवं नागरिकों एवं महिलाएं बड़े धैर्य के साथ सभी भक्तों की उपस्थिति रही।

# रोबोटिक सर्जरी से पहले चिकित्सक खुद ले जा रहे ओटी की ड्रेस, जूते, चप्पल

- डॉक्टरों में नाराजगी, संक्रमण का खतरा अलग से
- मरीज को पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में कुछ देर भर्ती रखने की व्यवस्था नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केजीएमयू में रोबोटिक सर्जरी से पहले डॉक्टरों को ओटी की ड्रेस से लेकर जूते-चप्पल ढोने पड़ रहे हैं। संबंधित विभाग के डॉक्टर अपनी ओटी ड्रेस, जूते-चप्पल आदि शताब्दी भवन फेज-1 तक खुद उठाकर ले जाने को मजबूर हैं। इससे चिकित्सकों में नाराजगी है। और तो और शताब्दी में रोबोटिक सर्जरी के बाद मरीज को पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में कुछ देर भर्ती रखने की समुचित व्यवस्था तक नहीं है। नतीजतन मरीज को तुरंत संबंधित विभाग में शिफ्ट करना पड़ रहा है।

शताब्दी फेज-1 प्रथम तल में रोबोटिक सर्जरी यूनिट स्थापित की गई है। यहां अलग-अलग विभागों से डॉक्टर आकर ऑपरेशन करते हैं। लेकिन रोबोटिक सर्जरी यूनिट में बदइंतजामी हावी है। यहां डॉक्टर-कर्मचारियों के लिए ओटी ड्रेस तक के पुख्ता इंतजाम नहीं है। नतीजतन डॉक्टर-कर्मचारी अपने विभाग से ओटी ड्रेस, जूते व चप्पल आदि साथ लाना पड़ रहा है। वहीं मरीज को तो अपने विभाग से ही ओटी ड्रेस पहनकर शताब्दी तक आना पड़ रहा है। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। ऑपरेशन के बाद मरीज को कुछ देर भर्ती रखने तक का इंतजाम नहीं है। रोबोटिक सर्जरी यूनिट से मरीज को ऑपरेशन के तुरंत बाद विभाग में शिफ्ट करना पड़ रहा है।

पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड की सुमचित व्यवस्था नहीं है। ओटी की ड्रेस, जूते-चप्पल तक डॉक्टर व कर्मचारियों को अपने विभाग से उठाकर शताब्दी यूनिट तक ले जाने पड़ते हैं। इससे न केवल समय की बर्बादी हो रही है, बल्कि सर्जरी की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। आधी-अधूरी तैयारियां डॉक्टर, कर्मचारी से लेकर मरीजों तक को परेशान कर रही हैं। शिकायतों के बावजूद अभी तक केजीएमयू प्रशासन ने व्यवस्था में सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इससे डॉक्टर व कर्मचारियों में खासी नाराजगी है।

### बच्चों में रोबोटिक सर्जरी पर कार्यशाला आज से

- **अमृत विचार, लखनऊ :** बच्चों में रोबोटिक सर्जरी ज्यादा सुरक्षित है। इसमें सर्जरी के बाद घाव के निशान नहीं पड़ते हैं। दर्द व रक्तस्राव कम होता है। साथ ही अस्पताल में कम रुकने के साथ दूसरे अन्य जोखिम भी कम होते हैं। पीजीआई के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग ने गुर्दा, लिवर, गाल ब्लेडर, पित्त की थैली और पेशाब की रुकावट की करीब 200 बच्चों की सर्जरी की हैं। ये जानकारी गुरुवार को संस्थान में आयोजित प्रेसवार्ता में विभाग के प्रमुख डॉ. बसंत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पीजीआई में तीन अप्रैल से शुरू हो रही तीन दिवसीय पीडियाट्रिक रोबोटिक सर्जरी कार्यशाला में रोबोटिक सर्जरी के अनुभव साझा किये जाएंगे। डॉ. विजय उपाध्याय, डॉ. एके मंडेलिया, डॉ. अंजू वर्मा, डॉ. रोहित कपूर और डॉ. तरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# समय से वेंटिलेटर न मिल पाने पर थम रही मरीजों की सांस

- एक-एक वेंटिलेटर बेड के लिए मारामारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में वेंटिलेटर बेड की कमी के कारण गंभीर मरीजों की जान पर बन रही है। समय पर वेंटिलेटर न मिलने से मरीजों की सांसें थम रही हैं और तीमारदार अस्पतालों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। कई अस्पतालों में वेंटिलेटर उपलब्ध नहीं हैं, जबकि कई मशीनें विशेषज्ञ, टेक्नीशियन और संसाधनों की कमी के कारण ठप पड़ी हैं। ऐसे में मरीजों को समय पर समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।

गुरुवार को देवरिया निवासी एक मरीज की वेंटिलेटर न मिलने से मौत हो गई। करीब 300 किलोमीटर का सफर तय कर केजीएमयू पहुंचे मरीज को वहां से बलरामपुर अस्पताल भेजा गया, जहां भर्ती के कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। केजीएमयू में करीब 300 वेंटिलेटर हैं, लेकिन यहां अधिकांश समय सभी बेड भरे रहते हैं। प्रदेशभर से गंभीर मरीज यहां पहुंचते हैं, जिससे एक-एक बेड के लिए मारामारी रहती है।

लोहिया संस्थान में करीब 50 वेंटिलेटर बेड हैं, जो लगभग हमेशा भरे रहते हैं। लोकबंधु अस्पताल में 40 वेंटिलेटर हैं, लेकिन आग की घटना के बाद केवल 10 का ही संचालन हो पा रहा है। बलरामपुर अस्पताल में 60 में से 28 वेंटिलेटर ही चालू हैं। ठाकुरगंज और रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में भी सीमित वेंटिलेटर हैं, जहां नियमित भर्ती संभव नहीं हो पा रही है।

पीजीआई समेत अन्य संस्थानों में कुल मिलाकर करीब 500 वेंटिलेटर हैं, लेकिन मरीजों का दबाव अधिक होने से उपलब्धता बड़ी समस्या बनी हुई है। सरकारी अस्पतालों में इलाज मुफ्त है, जबकि बड़े संस्थानों में प्रतिदिन 10 से 20 हजार रुपये खर्च आते हैं।

## सिटी डायरी



प्रवचन देते स्वामी आनंद एकांत।

### ओशो ने कहा था, ध्यान विज्ञान है, उसका धर्म से कोई संबंध नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा स्थित ड्रीम वर्ल्ड रिजॉर्ट में चार दिवसीय ओशो ध्यान साधना शिविर का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। शिविर में देश-विदेश से आए साधक भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ से आए स्वामी आनंद एकांत ने साधकों के समक्ष ओशो के विचार रखते हुए कहा कि ध्यान एक विज्ञान है, उसका धर्म से कोई संबंध नहीं है। ओशो चाहते थे कि हर व्यक्ति ध्यान करे और आत्मिक विकास की ओर बढ़े। यह शिविर 2 अप्रैल से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगा। शिविर का आयोजन ओशो ध्यान साधना फाउंडेशन के पदाधिकारी आनंद मनोज (मनोज निषाद), ममता सिंह, आदित्य मिश्रा और मनोज शिव हरे द्वारा किया जा रहा है। शिविर में मुंबई से आए स्वामी आत्मोक्रांति और नेपाल से आई मां अनामिका ने भी अपने विचार रखे।


प्रदर्शनकारी को रोकती पुलिस।

### सीएम हेल्पलाइन कर्मचारियों का प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में कार्यरत सैकड़ों कर्मचारियों ने गुरुवार को शोषण, भेदभाव और वेतन कटौती के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें ज्वाइनिंग के समय 15,000 रुपये वेतन का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्तमान में मात्र 8,000 रुपये ही दिए जा रहे हैं। विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती है। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी गोमती नगर से कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री जनता दरबार तक पैदल मार्च निकालकर शिकायत दर्ज कराने के लिए निकले। उनका उद्देश्य सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्याएं रखना था। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही लखनऊ पुलिस ने 1090 चौराहे पर बैरिकेडिंग कर कर्मचारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया।


तिंरगा यात्रा निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### तिरंगा यात्रा से गूंजा गीतापल्ली वार्ड, एकता का दिया संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ (उत्तरी) के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी के नेतृत्व में कैंट विधानसभा क्षेत्र के गीतापल्ली वार्ड में गुरुवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। इस दौरान चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां अमर रहें के नारों से माहौल देशभक्ति से भर गया। यात्रा को देख स्थानीय लोग घरों से बाहर निकल आए और समर्थन का भरोसा जताया।


शिष्यों के पैर धोकर ईसा मसीह को याद करते बिशप।

### याद किए गए ईसा मसीह

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेतहसदा फेलोशिप ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को पिंक सिटी बुद्धेश्वर स्थित दया का घर में ईसा मसीह के पवित्र भोज और शिष्यों के पैर धोने की रस्म का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बिशप रामचरण सेठ ने बाइबल (यूहन्ना 13) का हवाला देते हुए ईसा मसीह के महान प्रेम और विनम्रता के संदेश को साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे यीशु ने क्रूस की मृत्यु से ठीक पहले अपने शिष्यों के पैर धोकर दुनिया को प्रेम की अनूठी मिसाल दी थी।

## कार्यक्रम

महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर हुए विविध आयोजन, चिकित्सकों का सम्मान और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

# ट्राईसाइकिल और व्हीलचेयर पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद की ओर से चौक क्षेत्र में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं व्हीलचेयर वितरित की गईं। इस मौके पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।

आयोजन में आये अतिथियों ने कहा कि महावीर स्वामी का संदेश सत्य, अहिंसा और करुणा आज के समय में और भी प्रासंगिक है। इस मौके पर नेमिनाथ महिला मंडल, डालीगंज जैन समाज तथा लखनऊ के जैन समाज के लोगों ने सक्रिय सहयोग करते हुए प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा, आदीश जैन, वीर कुमार जैन, संजीव जैन बच्चू, रितेश जैन, मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन, नितीश जैन, बृजेश जैन, बंटी जैन, शुभचंद जैन, सिद्धार्थ जैन, प्रभात जैन, राजेश जैन एवं पार्श्व जैन भी मौजूद रहे। करुणा और अहिंसा के प्रतीक महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के मौके पर 17 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और व्हीलचेयर वितरित की गई।


ट्राईसाइकिल पाने वाले दिव्यांग।
अमृत विचार

### केजीएमयू के चिकित्सकों का हुआ सम्मान

- महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के मौके पर केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. दिव्या नारायण उपाध्याय, ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ. समीर मिश्रा, ऑर्थोपेडिक विभाग के डॉ. अर्पित सिंह, पीएमआर विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार गुप्ता और मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी शगुन सिंह को सम्मानित किया गया।

### युवा प्रतिभाओं को मिला सम्मान

- युवा प्रतिभाओं में डिप्टी लीगल डिफेन्स काउंसिल बनाने के लिए एडवोकेट आशीष सेन को, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्लेशियर सफाई अभियान के लिए पुष्पराज सिंह और आईसीएआई की डिग्री हासिल करने के लिए वर्धमान जैन को सम्मानित किया गया।

### कवि सम्मेलन में कवियों ने बांधा समां

- अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रताप फौजदार ने कहा :- हंसते-हंसते सच कह जाना ही कविता की असली ताकत है। आदित्य जैन ने सुनाया :- समाज बदलने की बात सब करते हैं, पर खुद को बदलना जरूरी है। डॉ. कमलेश जैन वसंत ने देशभक्ति की बात करते हुए कहा :- देशभक्ति ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। मोनिका देहलवी ने कहा :- प्रेम ही जीवन की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति है। सोनल जैन ने कहा :- साहस ही इंसान को महान बनाता है।

## सिटी ब्रीफ

### द आर्ट ऑफ गेटिंग हायर्ड पर कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से द आर्ट ऑफ गेटिंग हायर्ड विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य केंद्र बेहतरीन रिज्यूमे निर्माण और इंटरव्यू की तैयारी में महारत हासिल करना था। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर जेपी सैनी के संरक्षण में और प्रबंधन विज्ञान संस्थान की ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का सूक्ष्म समन्वय फाइनेंस क्लब की फैकल्टी को-ऑर्डिनेटर डॉ. वसुधा कुमार और डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### दूसरे सेमेस्टर की फीस 10 तक होगी जमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 में स्नातक प्रथम वर्ष (द्वितीय सेमेस्टर) में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को शुल्क जमा करने की तिथि 27 मार्च तक थी जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है। छात्र-छात्राएं अपने सम्बन्धित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष के माध्यम से यूडीआरसी पोर्टल पर लॉगिन कर निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करें।

### वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पर किया जागरुक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल के अंतर्गत जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र प्रो. सैयद हैदर अली के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों को वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाले पीयर-रिव्यूड जर्नल्स, शोध लेखों, लेखक सहायता सेवाओं तथा विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों से परिचित कराना था। सत्र के दौरान सेज जर्नल्स सहित विभिन्न डिजिटल अकादमिक संसाधनों के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया, जो शोध संस्कृति को सुदृढ़ करने तथा गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों को प्रोत्साहित करने में सहायक हैं।

### फुटबॉल टीम के गठन को चयन ट्रायल कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुरादाबाद में अंडर-20 पुरुष राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप 8 से 13 अप्रैल तक खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता में लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल चार और पांच अप्रैल को चौक स्टेडियम पर आयोजित किये जायेंगे। लखनऊ जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल के अनुसार चार अप्रैल को जिला स्तरीय और पांच अप्रैल को मंडलीय स्तर के ट्रायल आयोजित होंगे। ट्रायल में वही खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे जिनका जन्म एक जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2009 के बीच हुआ हो। चयन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का सीआरएस होना अनिवार्य है।

### प्रो. पंकज संभालेंगे प्रवेश की जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया के लिए गणित व खगोल विज्ञान विभाग के प्रो. पंकज माथुर को प्रवेश प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है। इसी के साथ विश्वविद्यालय की ओर से सहयुक्त सभी महाविद्यालयों को पत्र जारी कर कहा गया है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश सत्र 2026-27 में प्रवेश कराया जाएगा। विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालय प्रवेश सहभागिता शुल्क जमा करके अपने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं का प्रवेश केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम ले सकते है।

### शिक्षामित्रों ने की पुरानी पेंशन की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा में संविदा से नियमित सेवा में आए विषय विशेषज्ञों की संविदा अवधि को जोड़ते हुए पुरानी पेंशन का आदेश जारी हुआ है। इसे लेकर शिक्षामित्रों का कहना है कि जिन शिक्षा मित्रों की नियुक्ति सहायक अध्यापक पद पर हुई हैं, ऐसे हजारों शिक्षा मित्रों का प्रथम नियुक्ति से सेवा अवधि जोड़कर पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए। जो अब विभिन्न भर्तियों के माध्यम से शिक्षक बन गए है। बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने सरकार से मांग की है कि जिन शिक्षकों की सेवा अवधि 2001 से 2005 के बीच रही है उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाना चाहिए।

# स्पेश तकनीक, साइबर और फोरेंसिक के बनेंगे 'सेंटर ऑफ एक्सिलेंस'

## एकेटीयू की कार्यपरिषद में 1016.63 करोड़ के बजट को मिला अनुमोदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेईई मेंस, सीयूईटी और नाटा की रैंकिंग से होगा एकेटीयू में प्रवेश
- विश्वविद्यालय में बनाए जाएंगे चार सेंटर ऑफ एक्सिलेंस



**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में कार्यपरिषद की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 में इंजीनियरिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश यूपीटीएसी की काउंसलिंग के जरिये जेईई मेंस, सीयूईटी, एवं नाटा की रैंकिंग के आधार पर देने के प्रस्ताव का अनुमोदन दिया गया। बैठक में नये वित्तीय वर्ष के लिए 1016.63 करोड़ रूपये के बजट को अनुमोदन प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय को नई तकनीकी से लैस करने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है।

प्रदेश में नई तकनीकी को युवाओं के लिए सुलभ बनाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, एप्पल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी ऑफ एक्सीलेंस, साइबर फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन टेक्नोलॉजी में चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। यह सेंटर हब एंड स्पोकेन मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसके जरिये विश्वविद्यालय में एआई आधारित स्टार्टअप्स, इनोवेशन, शिक्षकों का प्रशिक्षण आदि कार्य किये जाएंगे। इसके अलावा विश्वविद्यालय में एप्पल सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गयी है। इसके तहत एप्पल कम्प्यूटर आधारित मैक लैब में नई उभरती तकनीकी जिसमें, ऐप विकसित करने से लेकर एमएल, क्रिएटिव कम्प्यूटिंग सहित अन्य तकनीकी में छात्रों को प्रशिक्षित करने में मदद मिलेगी।

### स्पेश टेक्नालॉजी पर भी बनेगा एक्सिलेंस सेंटर

- अंतरिक्ष के क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए स्पेस टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। इसके तहत स्पेस साइंस, सेटेलाइट सिस्टम, रॉकेटरी, रिमोट सेंसिंग सहित अन्य विषयों में शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए यह सेंटर स्थापित किया जा रहा है। इसके माध्यम से छात्रों को अंतरिक्ष तकनीकी पर आधारित, अनुसंधान एवं नवाचार में मदद मिलेगी।

### फोरेंसिक इंवेस्टिगेशन में भी बनेंगे एक्सिलेंस सेंटर

- साइबर फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में चार सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के प्रस्ताव को भी बजट में मंजूरी दी गयी। जिसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटी एंड डिजिटल फॉरेंसिक, इंटीग्रेटेड सेंटर फॉर क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन, बिहैवरल फॉरेंसिक एंड इंवस्टिगेटिव साइकोलॉजी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन फॉरेंसिक एकाउंटिंग एंड फाइनेंसियल इंवेस्टिगेशन और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन साइबर सिक्योरिटी स्थापित किया जाएगा।

# शकुंतला विश्वविद्यालय में दिव्यांगों के लिए विशेष अप्रेंटिशिप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप बोर्ड दिव्यांगों के लिए तैयार करेगा कार्यक्रम

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय दिव्यांग छात्र-छात्राओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नई पहल करने जा रहा है। विश्वविद्यालय उद्योग जगत के सहयोग से दिव्यांगों के लिए विशेष अप्रेंटिशिप कार्यक्रम तैयार करेगा। इसके लिए राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप बोर्ड (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के साथ मिलकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। बोर्ड के निदेशक डॉ. विवेक कुमार ने विश्वविद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों से संवाद किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

दौरे के दौरान उन्होंने आर्टिफिशियल लिंब एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर का निरीक्षण किया। कार्यशाला प्रबंधक डॉ. रंजीत कुमार ने केंद्र में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं, उपकरणों और पुनर्वास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सहायक उपकरण निर्माण के साथ प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में भी सक्रिय है। इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षकों के साथ हुई बैठक में पाठ्यक्रम को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप बनाने, कौशल आधारित प्रशिक्षण को बढ़ावा देने और अप्रेंटिशिप कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर चर्चा हुई। इस दौरान डॉ. विजय शंकर शर्मा, प्लेसमेंट डायरेक्टर विराग दीक्षित समेत अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

> हमारा प्रयास है कि दिव्यांग विद्यार्थी केवल डिग्री तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें ऐसा प्रशिक्षण मिले जिससे वे सीधे रोजगार से जुड़ सकें। राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप बोर्ड के साथ यह पहल विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खोलेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी।
>
> -आचार्य संजय सिंह, कुलपति, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

### भाषा विवि को एआईसीटीई से मिली स्वीकृति



**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्वीकृति मिली है। एआईसीटीई के नोडल अधिकारी एवं वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सैयद हैदर अली ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद द्वारा जारी स्वीकृति के अनुसार स्नातकोत्तर स्तर पर एमबीए में 120 तथा एमसीए में 60 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, स्नातक स्तर पर बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रमों में 120-120 सीटों की अनुमति दी गई है। एआईसीटीई द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार संस्थान को आवश्यक अवसंरचना, योग्य एवं अनुभवी संकाय, संतुलित छात्र-शिक्षक अनुपात तथा वित्तीय पारदर्शिता जैसे मानकों का पालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, सभी विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है, जिससे उन्हें वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त हो सके।

# रॉयल्स और जायंट्स की शानदार जीत, पूरे अंक किए हासिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी के तहत आयोजित रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में सीएएल रॉयल्स और सीएएल जायंट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। यश साहनी मैदान पर खेले गए मैच में सीएएल रॉयल्स ने सीएएल इंडिगो को 159 रनों से करारी शिकस्त दी। रॉयल्स की जीत के हीरो कप्तान हर्ष वर्धन पंत रहे, जिन्होंने 123 रनों की शतकीय पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स ने 25 ओवर में तीन विकेट पर 235 रन बनाए। जवाब में इंडिगो की टीम रॉयल्स की घातक गेंदबाजी के सामने 76 रन पर सिमट गई। रॉयल्स की ओर से वारिस अली ने पांच और अयान भाटिया ने तीन विकेट झटके।

वहीं गोमतीनगर स्थित ब्लेज विलो ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मुकाबले में सीएएल जायंट्स ने नियॉन को 18 रनों से हराया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 169 रन बनाए, जिसमें आदित्य पी. सिंह ने 40 रन का योगदान दिया। नियॉन की ओर से अभिराम ने पांच विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नियॉन की टीम 24.4 ओवर में 151 रन पर सिमट गई। उत्कर्ष सिंह ने 37 रन बनाए। जायंट्स के लिए हर्षित यादव और अविरल ने दो-दो विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

# भाषा विवि में चला डोनेशन अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डोनेशन अभियान के दौरान कुलपति व छात्राएं। अमृत विचार

- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सहयोग की चलाई मुहिम

**अमृत विचार:** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के सहयोग हेतु 'दृष्टि संस्थान' को आवश्यक वस्तुओं का दान किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष प्रो. तत्हीर फ़ात्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमए गृह विज्ञान के पाठ्यक्रम "विशेष आवश्यकता वाले बच्चों" के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन भी किया गया। 'दृष्टि संस्थान' में बच्चों के साथ बिताया गया समय विद्यार्थियों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा। इन बच्चों के साहस, आत्मविश्वास और जीवन के प्रति उत्साह ने सभी को गहराई से प्रभावित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने न केवल उनकी आवश्यकताओं को समझा, बल्कि उनके साथ समय बिताकर सामाजिक समावेशन के महत्व को भी अनुभव किया। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. कल्पना देवी, डॉ. कीर्तिमा सचान एवं डॉ. अंजलि सिंह का विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा।

# युवराज और तेजस के बीच खिताबी मुकाबला आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर चल रही अंडर-14 आइटा टेनिस चैंपियनशिप अपने निर्णायक दौर में पहुंच गई है। बालक एकल वर्ग के फाइनल में युवराज सिंह और तेजस सिंह के बीच खिताबी भिड़ंत होगी, जबकि बालिका वर्ग में सिद्धि सिंह का सामना सौंदर्या जायसवाल से होगा। बालक एकल के सेमीफाइनल मुकाबलों में तीसरी वरीयता प्राप्त युवराज सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऋधिमान राजपूत को एकतरफा मुकाबले में 6-0, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त तेजस सिंह ने कड़े मुकाबले में आरव श्रीवास्तव को 6-2, 7-6(4) से शिकस्त दी।

बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय सिद्धि सिंह ने अन्वेषा सिंह को 6-1, 6-4 से हराया। दूसरी ओर, दूसरी वरीयता प्राप्त सौंदर्या जायसवाल ने अन्वी भाटिया को 6-0, 6-1 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। युगल वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहले सेमीफाइनल में युवराज सिंह और तेजस सिंह की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त मोहम्मद हमदान और आरव श्रीवास्तव की जोड़ी को 6-2, 6-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में आरव पटेल और मानस पटेल की जोड़ी ने अदम्य भदौरिया और के शर्मा को 6-0, 3-3, 10-5 से मात दी।



उत्तर प्रदेश सब-जूनियर पुरुष हॉकी टीम के साथ खेल निदेशक और हॉकी अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह। अमृत विचार

# राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए हॉकी टीम रवाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की सब-जूनियर पुरुष हॉकी टीम 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। यह प्रतियोगिता 1 से 12 अप्रैल तक बिहार के राजगीर में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता से पूर्व उत्तर प्रदेश खेल निदेशक एवं उत्तर प्रदेश हॉकी के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और किट वितरित की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हॉकी के सचिव रजनीश मिश्रा भी मौजूद रहे।

टीम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो अपने प्रदर्शन के दम पर उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम के खिलाड़ियों में अंकित यादव और सुर्यमणि मौर्य (गोलकीपर), किसलय, रोमित पाल, सुनील पाल, प्रदीप यादव, राहुल यादव, राहुल पटेल, हर्ष प्रताप सिंह, केतन कुशवाहा, शाहरुख अली, प्रहलाद राजभर, नितीश यादव, मोहम्मद दानिश, राघवेंद्र सिंह चौहान, शिवम यादव, करण धनुक और मोहम्मद आकिब रयनी शामिल हैं।

टीम प्रबंधन में पॉल देवेदर (टीम मैनेजर), उपेंद्र चौहान (कोच), गौरव भारद्वाज (सहायक कोच) और सुजॉय रॉय (फिजियो) शामिल हैं, जो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय में क्रीड़ा समारोह का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन हो गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी लखनऊ प्रो. अश्वनी मिश्र मुख्य अतिथि व खोखो के अंतरराष्ट्रीय रेफरी रहे राजेश कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में खेलों के महत्व को समझाते हुए कहा कि सरकार का भी पूरा प्रयास खेलों इंडिया के माध्यम से खेलों को बढ़ावा देने का है। विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार ने भी कहा कि जब भी आवश्यकता होगी वो महाविद्यालय को सहयोग करेंगे। प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय का सदैव प्रयास रहेगा कि वो खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ा सके। इस अवसर पर शतरंज बैडमिंटन कैरम खो खो लंबी कूद ऊँची कूद तथा सौ मीटर दो सौ मीटर दौड़ में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### स्कूली छात्रों के बीच होगा तीन दिनों का खेल महाकुंभ

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ संसदीय क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा में सीनियर और जूनियर महिला व पुरुष वर्ग में विभिन्न खेलों का तीन दिनों तक आयोजन होगा। सांसद खेल महाकुंभ के तहत माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं के बीच इन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ में चार अलग-अलग स्थानों का चयन किया गया है, जहां प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। यह प्रतियोगिताएं 6 से 9 अप्रैल तक होंगी। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन लिंक और क्यूआर कोड जारी किया गया है। लखनऊ मध्य में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 6 से 7 अप्रैल तक, लखनऊ उत्तर में 8 से 9 अप्रैल तक चौक स्टेडियम में, लखनऊ कैंट में 8 से 9 अप्रैल तक एडीएसओ ग्राउंड में होगी।

# निर्भय और सलोनी बने चैंपियन



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते डीजी सीआईडी और साइबर क्राइम बीके सिंह साथ में निदेशक खेल डॉ. आरपी सिंह। अमृत विचार


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईटीएफ मास्टर्स फ्रेंड्स कप टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किए। पुरुष 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में मेजर निर्भय सिंह सोईन चैंपियन बने, जबकि महिला वर्ग में सलोनी कुमारी ने बाजी मारी। विजयंत खंड मिनी स्टेडियम स्थित टेनिस एरीना में आयोजित प्रतियोगिता में पुरुष एकल (30) के फाइनल में निर्भय सिंह ने रवि शंकर को 6-2, 6-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की।

युगल वर्ग में अभिषेक यादव और पुष्पेंद्र शर्मा की जोड़ी विजेता रही। पुरुष एकल (35) में गोविंद प्रसाद मौर्य को आशीष अवस्थी के रिटायर होने पर विजेता घोषित किया गया, जबकि युगल में गोविंद मौर्य और सैयद शाकिब अनवर ने खिताब जीता। पुरुष (40) वर्ग में सुनील कुमार ने अंकुर कपूर को 5-7, 6-2, (10-8) से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। युगल में नितिन गुप्ता और सुनील कुमार की जोड़ी अव्वल रही।

पुरुष (45) वर्ग में स्वर्णदीप सिंह ने अरिंदम देव को 6-3, 6-2 से हराया। युगल फाइनल में सत्य पाठक और दिनेश चंद्र सुयाल ने जीत हासिल की। महिला वर्ग में 30 एकल फाइनल में सलोनी कुमारी ने तरुका श्रीवास्तव को 7-6(8), 6-4 से हराया। महिला युगल में विभा चौधरी और सलोनी कुमारी विजेता रहीं, जबकि 40 में मंजू खरे और 45 में विभा चौधरी ने जीत दर्ज की।

## सिटी डायरी



हृदय की कार्यप्रणाली समझाते विशेषज्ञ।

### हृदयाघात में एक-एक मिनट की देरी होती है प्राणघातक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल हेडक्वार्टस में 'स्वस्थ हृदय' विषय पर ज्ञानवर्धक व रोचक कार्यशाला का आयोजन किया गया। हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना, हृदय रोगों की रोकथाम एवं आपातकालीन स्थितियों में जीवनरक्षक उपायों जैसे सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) के प्रति प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला का संचालन एसजीपीजीआई के कार्डियोलाजी विभाग के हेड प्रो. आदित्य कपूर ने किया। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने प्रो. आदित्य कपूर का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. कपूर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएमएस अपने छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति बेहद संवेदनशील है। डॉ. कपूर ने बताया कि प्रत्येक मिनट की देरी से जीवन बचने की संभावना लगभग 10 प्रतिशत कम हो जाती है।



एमयूआईटी कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञ प्रकाशन दिखाते हुए।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर हुई चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसेंट एडवांसेस इन मल्टीडिसिप्लिनरी इंजीनियरिंग का समापन हुआ। इस सम्मेलन का प्रकाशन सहयोगी टेलर एंड फ्रांसिस रहा। कार्यक्रम में 595 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 200 से अधिक शोधपत्र स्वीकृत और प्रस्तुत किए गए। सम्मेलन में उभरते इंजीनियरिंग क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए सामाजिक समस्याओं के समाधान, हेल्थकेयर में आर्टिफिशियल इंटेलिजें जैसे विषयों पर गहराई से मंथन हुआ। कार्यक्रम में कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव, महानिदेशक ओपी. शर्मा, बीओजी, राहुल भारद्वाज, कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह, कुलसचिव गिरीश चिमवाल, वित्त अधिकारी वरुण श्रीवास्तव, डीन अकादमिक्स डॉ. नीरज जैन आदि उपस्थित रहे।



समारोह का फीता काटकर उद्घाटन करती अतिथि।

### 'फ्यूज़न फेस्ट 2026' का दूसरा दिन रहा उत्साह से भरपूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईएमआरटी बिजनेस स्कूल में तीन दिवसीय आयोजन 'फ्यूज़न फेस्ट 2026' का दूसरा दिन अत्यंत उत्साह, उमंग के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन एवं पूर्व आईएफएस अधिकारी देशराज बंसल उपस्थित रहे। संस्थान की निदेशिका प्रो. शिल्पिका पांडेय सहित समस्त शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया। दूसरे दिन को विशेष रूप से खेल, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के समन्वित रूप में प्रस्तुत किया गया।



पंकज सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान करते महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर।

### पंकज सिंह सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निवर्तमान सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। पंकज सिंह का स्थानांतरण लखनऊ मंडल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) पद पर हुआ है। वहीं सुमित कुमार ने नए सीपीआरओ के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पहले वह उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/एफएम के पद पर तैनात थे।